हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**घुटनों पर आया पाकिस्तान, चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने नहीं जायेगी टीम इंडिया**



देश

**वसुंधरा राजे को लेकर भाजपा के नेता दे रहे हैं बार-बार सफाई**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, धनिष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 09 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 328 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹79,470 | ₹94,000 |

## आज का इतिहास

- 1960 : पहले भारतीय वायु सेना प्रमुख सुब्रतो मुखर्जी का निधन हुआ।
- 2016 : देश में भारतीय मुद्रा 500 एवं 1000 के नोट बंद किए गए।

## न्यूज बाइट्स

### भ्रष्टाचार एक बीमारी, जड़ से खत्म किया जाना जरूरीः द्रौपदी मुर्मु

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भ्रष्टाचार को एक बड़ी बीमारी करार देते हुए आज कहा कि इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही।

### पर्यटन स्थलों पर खाद्य सुरक्षा के उपाय करें राज्य

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों से नवंबर से मार्च तक के पर्यटन सीजन की तैयारी में उच्च सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर निगरानी बढ़ाने का आग्रह किया है। प्राधिकरण की शुक्रवार को यहां 45 वीं केंद्रीय परामर्श समिति की बैठक में सीजन के दौरान लोकप्रिय स्थलों पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की अधिक संख्या को ध्यान में रखते हुए राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों प्रदेशों को पर्यटन स्थलों पर "फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल लैब" का प्रयोग करने की सलाह दी गई।

### बिहार में अभी कड़ाके की ठंड के आसार नहीं

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में फिलहाल कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार नहीं नजर आ रहे हैं। आगामी कुछ दिनों तक तापमान में बड़ी गिरावट आने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में इस सप्ताह कोई अलर्ट नहीं है। सभी जिलों में मौसम सामान्य शुष्क रहने के आसार हैं। बता दें कि आम तौर पर दीपावली और छठ पूजा के बाद मौसम बदलने के साथ ही ठंड पड़ना शुरू हो जाती है। शुक्रवार सुबह उषा अर्घ्य के साथ छठ महापर्व का समापन हो गया। नवंबर महीना के एक सप्ताह बीत चुका है। हालांकि, अभी तक लोगों को ठिठुरन का एहसास नहीं हुआ है।

### बिहार की हवा बिगड़ी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में सुबह-सुबह हल्का कोहरा छाए रहने से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। राजधानी पटना समेत कुछ शहरों की हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। छठ पूजा के आखिरी दिन पटना के समानपुरा में सर्वाधिक एक्यूआई 268 दर्ज किया गया। गया और मुजफ्फरपुर में भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 200 के ऊपर बना हुआ है, जो कि खराब श्रेणी में है।

बिहार के घाटों पर उमड़े श्रद्धालु, पारण के साथ खत्म हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास

# उगते सूरज को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ का हुआ समापन

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही सूर्योपासना का महापर्व कार्तिक छठ संपन्न हो गया। बिहार में चार दिनों तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व 'कार्तिक छठ 05 नवंबर को 'नहाय खाय' अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ था। दूसरे दिन खरना पूजा संपन्न हुई। तीसरे दिन अस्त होते सूर्य को 'पहला अर्घ्य' दिया गया। छठ महापर्व के चौथे और अंतिम दिन आज राजधानी पटना समेत राज्य के अन्य हिस्सों में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त हुआ और उसके बाद ही व्रतधारियों ने अन्न ग्रहण किया।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां एक अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर लोक आस्था का महापर्व छठ के अंतिम दिन श्रद्धा के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया तथा ईश्वर से राज्य एवं देशवासियों की सुख, शांति एवं



समृद्धि के लिये प्रार्थना की।

औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल देव में शुक्रवार को उगते सूर्य को लाखों की संख्या में व्रतधारियों-श्रद्धालुओं द्वारा अर्घ्य अर्पित किए जाने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया। देव के त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में आज तड़के से ही श्रद्धालु कतारबद्ध होकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर रहे हैं। लोक मान्यता है कि देव छठ व्रत करने तथा त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मनोवांछित कामनाएं पूरी होती हैं और इस मौके पर यहां भगवान भास्कर की साक्षात उपस्थिति की रोमांचक अनुभूति होती है। गया से प्राप्त समाचार के अनुसार छठ पूजा के अंतिम दिन अहले सुबह से ही श्रद्धालु शहर के केंदुई घाट, पिता महेश्वर घाट, राय बिंदेश्वरी घाट, मौर्याघाट, महादेव घाट, लक्खीबाग घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया।देखते ही देखते श्रद्धालुओं का जन सैलाब फल्गु नदी के विभिन्न घाटों पर उमड़ पड़ा। पूरे धार्मिक विधि विधान से लोगों ने पूजा-अर्चना कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

डेहरी आन सोन से प्राप्त सूचना के अनुसार रोहतास जिले के डेहरी आन सोन में महापर्व छठ के चौथे दिन व्रतियों ने सोन नदी तट एवं पश्चिमी संयोजक नहर के विभिन्न घाटों पर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया।

# बिहार में शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए सरकार ने आवेदन लेना किया शुरू

**पत्नी-पति को अलग-अलग पंचायत के स्कूल में भेजा जाएगा**

- इच्छुक शिक्षक 22 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन मोबाइल से भी किया जा सकता है।

**निज संवाददाता | पटना**

नीतीश सरकार ने महापर्व छठ के मौके पर बिहार के 5 लाख से अधिक शिक्षकों को तोहफा दिया है। शिक्षकों को ट्रांसफर का इंतजार खत्म हो गया है। बिहार सरकार ने स्थानांतरण को लेकर आवेदन लेना शुरू कर दिया है। ई शिक्षा कोष पर शिक्षकों का ट्रांसफर एप्लीकेशन फील अप प्रोसेस शुरू किया गया है। बीपीएससी, सक्षमता और पुराने शिक्षक को स्थानांतरण का मौका दिया जा रहा है।

शिक्षकों के लिए ई शिक्षा कोष पोर्टल पर आवेदन डालने का वक्त 22 नवंबर तक दिया गया है। इन दो हफ्तों में इच्छुक शिक्षकों को आवेदन डालना होगा। शिक्षक मोबाइल से भी आवेदन कर सकते है। पोस्टिंग के चयन के दौरान आगे के स्टेप की जानकारी उनको रजिस्टर्ड मोबाइल पर मिलेगी। इसके साथ ही दिसंबर में जब उन्हें स्कूल आवंटित किया जाएगा, तो उसका मैसेज भी मोबाइल पर मिलेगा। राज्य सरकार प्राप्त आवेदन को प्रोसेस कर च्वाइस वाले पंचायत और अनुमंडल में पोस्ट करेगी। शिक्षकों को ट्रांसफर के लिए चॉइस दिया गया है कल 10 चॉइस भरने होंगे पंचायत और अनुमंडल चॉइस के रूप में भरना होगा। हालांकि 10 ऑप्शन में जगह नहीं मिलने के बाद बगल के पंचायत और अनुमंडल में सरकार पोस्ट कर देगी। बिहार सरकार बीएससी से नियुक्त टयर 1 और टीयर 2 के शिक्षकों को हर हाल में आवेदन भरने को कहा है। यदि कोई शिक्षक ट्रांसफर नहीं भी लेना चाहते हैं तो उन्हें ई शिक्षा कोष में जाकर ट्रांसफर नो का ऑप्शन सेलेक्ट करना होगा।



### महिला को पंचायत और पुरुष को अनुमंडल

सरकार ने महिला शिक्षक और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त शिक्षक और उनके पेरेंट्स को पंचायत भरने का ऑप्शन दी है जबकि पुरुष शिक्षक को अनुमंडल का ऑप्शन। गृह और ससुराल पंचायत को छोड़कर फीमेल टीचर को पोस्टिंग मिलेगी जबकि पुरुष शिक्षक को अपने और ससुराल के अनुमंडल छोड़कर पोस्टिंग।

### ई-शिक्षा कोर्स एप्लीकेशन क्रैस्ड

शिक्षकों के ट्रांसफर एप्लीकेशन ओपन होने के साथ ही ई शिक्षा कोष एप्लीकेशन क्रैश्ड कर गया। पहले दिन टाइम आउट का ऑप्शन दिखाता रहा। शिक्षक देर रात तक ई शिक्षा कोष एप्लीकेशन खोलते रहे और उन्हें टाइम आउट का नोटिफिकेशन दिखता रहा,हालांकि सरकार ने 15 दोनों का वक्त दिया है। शिक्षा अपर मुख्य सचिव डॉ.सिद्धार्थ ने कहा है फॉर्म भरने में हड़बड़ी ना करें। समय पर्याप्त मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ 10 नवंबर को होंगे रिटायर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) चंद्रचूड़, जिन्होंने भारतीय न्यायपालिका में कई महत्वपूर्ण फैसले दिए, 10 नवंबर 2024 को अपने पद से रिटायर हो जाएंगे। लेकिन उससे पहले 8 नवंबर को उनका आखिरी वर्किंग डे था, जिस दिन सुप्रीम कोर्ट में एक भव्य और ऐतिहासिक विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर एक सेरेमोनियल बेंच की बैठक हुई, जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा लाइव स्ट्रीम किया गया।

सुप्रीम कोर्ट की इस ऐतिहासिक बैठक में सीजेआई चंद्रचूड़ के साथ उनके करीबी सहयोगी जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला और



अन्य वरिष्ठ न्यायधीशों के अलावा, 10 नवंबर से नए सीजेआई बनने वाले जस्टिस संजीव खन्ना भी शामिल हुए। जस्टिस खन्ना भारतीय न्यायपालिका के 51वें मुख्य न्यायधीश के रूप में कार्यभार संभालेंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ का करियर भारतीय न्यायपालिका में एक लंबी और प्रभावशाली यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने 13 मई 2016 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में सुप्रीम कोर्ट में प्रमोशन लिया था।

## चार लोगों की डूबकर मौत

- तिलौथू थाना क्षेत्र के सोन नदी के छठ घाट पर चार लोग डूब गए, जिनमें तीन एक ही परिवार के थे।

**निज सं. | डेहरी आन सोन (रोहतास)**

बिहार के रोहतास जिले में महापर्व छठ के दिन चार लोगों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के भानस थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के दो युवक की चौसा नहर में डूबने से मौत हो गई।मृतक युवकों में पिपरा गांव निवासी रामजी सिंह का पुत्र आयुष कुमार (18) और तुर्की निवसी अभिषेक कुमार ( 22) शामिल है।वहीं इस घटना में पिपरा गांव निवासी शिक्षक सिकंदर सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार को ग्रामीणों ने डूबने से बचा लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि गुरूवार की शाम तिलौथू थाना क्षेत्र में सोन नदी के छठ घाट पर नहाने के दौरान एक ही गांव के चार लोग डूब गए,जिसमें से तीन एक ही परिवार के हैं । चार लोगों में से एक को सुरक्षित बाहर निकाल कर अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि एक का शव बरामद कर लिया गया है, वही दो की तलाश अब भी ग्रामीण मछुआरों द्वारा जारी है मृतक की पहचान पथरा गांव निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र पिंटू यादव (32) के रूप में की गयी है। वहीं भादोखरा गांव में छठ घाट पर आहर में एक बच्चे की डूब जाने से मौत हो गयी।मृतक की पहचान कुश दुबे के पांच वर्षीय पुत्र के रूप में की गई है।

## स्मार्ट मीटर का सर्वर हुआ ठीक अब रिचार्ज कर सकेंगे उपभोक्ता

**निज संवाददाता | पटना**



पटना समेत राज्यभर के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। कंपनी का दस दिनों से खराब चल रहा बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप गुरुवार की दोपहर ठीक हो गया। अब स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ता इस एप के जरिए मीटर को रिचार्ज के साथ अपने बिजली खपत के बैलेंस को भी देख सकते हैं। 28 अक्टूबर से सर्वर में थी खराबी : नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अंतर्गत बिहार बिजली स्मार्ट मीटर एप में 28 अक्टूबर से तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो गई थी, जिसके कारण शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर का बैलेंस नहीं देख पा रहे थे और न ही एप के माध्यम से रिचार्ज कर पा रहे थे। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वितरण कंपनियों ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक रिचार्ज माध्यमों की व्यवस्था की थी। उपभोक्ताओं के लिए सुविधा एप अथवा वेबसाइट www.sbpdcl.co.in / www.nbpdcl.co.in अथवा बिजली विभाग के अधिकृत काउंटर के माध्यम से अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज की सुविधा दी गई थी। तकनीकी समस्या के समाधान तक किसी भी उपभोक्ता की विद्युत आपूर्ति बैलेंस समाप्त होने पर भी बाधित नहीं की जा रही थी।

### रियल टाइम मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में होगी देर

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के अस्पतालों से मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करने में अभी देर होगी। डॉक्टरों का प्रशिक्षण पूरा नहीं होने के कारण रियल टाइम मेडिकल रिपोर्ट शुरू नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग का अक्टूबर के अंत तक रियल टाइम मेडिकल रिपोर्ट शुरू करने का लक्ष्य था। अगस्त में ही स्वास्थ्य विभाग ने जिलों से मास्टर ट्रेनर के नाम मांगे थे। मास्टर ट्रेनर के माध्यम से जिलों के अन्य डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना है। बिहार में मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट रियल टाइम (तत्काल) उपलब्ध कराने की तैयारी पिछले पांच माह से चल रही है। इसके लिए एनआईसी हरियाणा की ओर से विकिसित मेडिलिया पीआर (मेडिको-लीगल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट) सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाना है।

## बिहार में छठ के दौरान डूबने से 40 लोगों की मौत

**निज संवाददाता | पटना**

छठ के दौरान गुरुवार और शुक्रवार को विभिन्न जिलों में डूबने से 40 लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक 7 की मौत बेगूसराय जिले में हुई। सासाराम में एक ही परिवार के तीन लोगों सहित छह की जान डूबने से चली गई। वहीं कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार के जिलों में छठ के दौरान डूबकर 21 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में खगड़िया के पांच, मधेपुरा और भागलपुर के तीन-तीन, कटिहार, पूर्णिया, लखीसराय और मुंगेर के दो-दो जबकि सहरसा और अररिया का एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। मुजफ्फरपुर के पारू में डूबने से एक बच्चे की जान चली गई। जबकि पूर्वी चंपारण के केसरिया में गंडक नदी के सत्तर घाट पुल की रेलिंग से सेल्फी लेने में एक युवती गंडक नदी में गिर गई। उसका अब तक पता नहीं चल पाया है। उधर, बिहारशरीफ के बिन्द में स्नान कर रहा किशोर नदी में डूब गया। रहुई में छठ घाट पर जल अर्पित करने गये युवक की पानी में डूबने से मौत हो गयी।

सासाराम जिले के तिलौथू और दिनारा प्रखंड में छठ के पहले अर्घ्य के दिन स्नान करने के दौरान सात लोग डूब गए। इनमें छह लोगों का शव बरामद कर लिया गया। जबकि एक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तिलौथू के राधा शांता कॉलेज घाट पर एक ही परिवार के चार लोग सोन में नहाने के क्रम में डूब गए। इसमें तीन की मौत हो गई, जबकि एक युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। वहीं एक अन्य घटना में भदोखरा गांव निवासी पांच वर्षीय बच्चे की मौत पोखरा में डूबने से हो गई। जबकि दिनारा में दो युवकों की मौत चौसा नहर में डूबने से हो गई। छपरा के तरैया स्थित पचभिंडा गांव के कोइरी टोला में बने पोखरा छठघाट में शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे लोहे से निर्मित नाव पलटने से दो युवकों की मौत हो गयी। तीन बच्चे समेत 13 लोगों को डूबने से बचा लिया गया। 8 लोगों की स्थिति बेहतर नहीं होने पर उनका स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया। नाव पर 15 लोग सवार थे। मृतकों में पचभिंडा गांव निवासी स्व वैद्यनाथ सिंह का पुत्र 18 वर्षीय बिट्टू कुमार सिंह व दसई मांझी का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार मांझी शामिल हैं। इस घटना के बाद पोखरे के पास छठ के लिए जुटे लोगों में अफरातफरी मच गई। मुजफ्फरपुर के पारू स्थित गौरा गांव में गुरुवार को बाया नदी में नहाने के दौरान भाई को बचाने में बहन की डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि सरैया थाने के कोल्हुआ निवासी सुनील महतो की पुत्री रितु कुमारी (12) और पुत्र रोहित (10) दोनों वाया नदी किनारे छठ घाट बनाने के दौरान नहाने नहाने लगे। इसी दौरान रोहित गहरे पानी में चला गया, उसे बचाने के लिए रितु नदी में छलांग लगा दी।

## यूपी में पुरुष टेलर महिलाओं का नहीं ले सकेंगे नाप, जिम में महिला ट्रेनर जरूरी

**एजेंसी | लखनऊ**

कानपुर के एकता हत्याकांड के बाद यूपी महिला आयोग ने सख्त कदम उठाया है। पुरुष टेलर महिलाओं का नाप नहीं ले सकेंगे। इसके अलावा जिम और योग सेंटर में महिला ट्रेनर लगाने होंगे। इसकी सीसीटीवी से निगरानी भी होगी। आयोग का कहना है- पार्लर में लड़कियों के मेकअप और ड्रेस अप के लिए भी महिला होनी चाहिए। इसके अलावा, महिलाओं के लिए विशेष कपड़े बेचने वाले स्टोर्स में भी महिला कर्मचारियों को रखा जाए। इसके अलावा, कोचिंग सेंटरों में सीसीटीवी से निगरानी की जाए। दरअसल, 28 अक्टूबर को महिला आयोग की बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला लिया गया। अब आयोग ने सभी जिले के डीएम और एसपी को आदेश लागू करने को कहा है।



कानपुर के डीएम आवास कैंपस में 27 अक्टूबर को कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता की लाश दफन मिली। महिला को 4 महीने पहले जिम ट्रेनर ने किडनैप किया, बाद में कार में उसकी हत्या कर दी थी। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम से आइडिया लेकर शव को हाई सिक्योरिटी वाले डीएम आवास कैंपस में दफना दिया। 26 अक्टूबर को जिम ट्रेनर विमल सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया 24 जून को ही एकता की हत्या कर दी थी।

## जिला स्तर पर अब नहीं होंगे अपीलीय प्राधिकार

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में जिला स्तर पर गठित अपीलीय प्राधिकार अब नहीं रहेंगे। अब प्रमंडल स्तर पर ही इसका गठन होगा। इस तरह 38 की जगह कुल नौ ही अपीलीय प्राधिकारी राज्य में होंगे। इसका प्रस्ताव शिक्षा विभाग ने तैयार कर लिया है। जल्द ही इस पर विभाग अंतिम निर्णय लेगा। मालूम हो कि नियोजित शिक्षकों के साथ-साथ वित्त संपोषित और निजी स्कूलों के शिक्षकों से संबंधित शिकायतों और विवादों की सुनवाई इन प्राधिकारों में की जाती है। विभाग ने अब फैसला किया है कि सभी नियोजित शिक्षकों को चरणवार सरकारी कर्मी घोषित किया जाएगा। ऐसे में सरकारी शिक्षक बनने के बाद इनके मामले को प्राधिकारी नहीं देख सकेगा। एक लाख 87 हजार नियोजित शिक्षकों को सरकारी शिक्षक घोषित करने की कार्रवाई चल रही है। नियोजित शिक्षकों की संख्या वर्तमान में करीब साढ़े तीन लाख है। इस तरह अब एक लाख 63 हजार नियोजित शिक्षक शेष बचेंगे, जिन्हें आगे के चरण में सरकारी शिक्षक घोषित किया जाएगा। वहीं, वित्त संपोषित और निजी स्कूलों से जुड़े बहुत कम मामले प्राधिकारी में आते हैं। इसलिए विभाग ने निर्णय लिया है कि अपीलीय प्राधिकारों की संख्या 38 से घटाकर नौ की जोगी। अपीलीय प्राधिकार में सुनवाई को दो पीठासीन पदाधिकारी होते हैं। इनमें सेवानिवृत्त न्यायिक सेवा और शिक्षा सेवा के एक-एक अधिकारी की तैनाती की जाती है।

45 दिन पहले गुलाबी घाट पर पति का हुआ था अंतिम संस्कार

# पंचतत्व में विलीन हुईं बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा

**निज संवाददाता | पटना**

लोक गायिका शारदा सिन्हा पंचतत्व में विलीन हो गईं। गुरुवार को 10.30 बजे गुलबी घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। शारदा सिन्हा के पुत्र अंशुमान ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर घर के सदस्यों के अलावा उनके चाहने वाले बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और पूर्व सांसद रामकृपाल यादव भी घाट पर मौजूद रहे। लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन मंगलवार की रात दिल्ली एम्स में हो गया था। बुधवार को उनका पार्थिव



शरीर पटना लाया गया। एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और मंत्री महेश्वर हजारी समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ कराने की घोषणा की थी। शारदा सिन्हा की इच्छा थी कि जहां उनके पति का अंतिम संस्कार हुआ वहीं उन्हें भी अंतिम विदाई दी जाए। इसी वजह से उनका अंतिम संस्कार गुलबी घाट पर हुआ। गुलबी घाट पर पहुंचने से पहले शव यात्रा निकाली गई। राजेन्द्र नगर स्थित उनके आवास से गुलबी घाट तक शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शारदा सिन्हा की शव यात्रा राजेंद्र नगर स्थित उनके घर से निकली। इस शव यात्रा को उनके रिश्तेदारों ने कंधा दिया। इस दौरान वहां उनके प्रशंसक भी मौजूद रहे। शव यात्रा के वक्त शारदा सिन्हा अमर रहें और छठी मइया जय का उद्घोष किया गया। शारदा सिन्हा को अंतिम विदाई देने के लिए कई लोग मौजूद थे। शारदा सिन्हा भले इस दुनिया से चली गईं लेकिन आज भी उनकी आवाज घरों से लेकर घाटों तक गूंज रही है। लोक गायिका को छठ गीतों के लिए जाना जाता था। उनका निधन भी चार दिवसीय छठ के पहले दिन मंगलवार को हुआ। वहीं अंतिम संस्कार जब गुलबी घाट पर हुआ उसके कुछ घंटे बाद ही गंगा किनारे लाखों व्रती और श्रद्धालु भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य देने जुटेंगे।

## माता-पिता को कार्यालयों के चक्कर से मिलेगी मुक्ति, घर बैठे पा सकेंगे कन्या उत्थान की राशि

- योजना का लाभ के लिए मोबाइल फोन के जरिये करें आवेदन
- आंगनबाड़ी केंद्रों पर तैनात सेविका करेंगी आवेदनों का सत्यापन

**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ लेने की प्रक्रिया बेहद आसान हो चुकी है। अधिक-से-अधिक पात्र लाभुकों को इसका लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की गई है। इसके तहत बेटियों के माता-पिता घर बैठे अपने मोबाइल फोन के जरिये योजना लाभ के लिये आवेदन कर सकेंगे। जन्म से दो साल तक की बेटियों को योजना का लाभ दिलाने के लिये ई-पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन के लिए अब अभिभावकों को आंगनबाड़ी केंद्र व विभागीय कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा।

### माता-पिता को मिलेगी राहत

इससे पूर्व, ऑनलाइन आवेदन को अपलोड कर अभिभावक सेविका के माध्यम से आवेदन भरते थे। नई व्यवस्था के तहत बच्ची के माता-पिता ऑनलाइन माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकेंगे। सेविका के माध्यम से आवेदनों का सत्यापन कराया जाएगा। इसके तुरंत बाद लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध हो सकेगा। आईसीडीएस डीपीओ सीमा देवी ने बताया कन्या भ्रूण हत्या रोकना, जन्म पंजीकरण व संपूर्ण टीकाकरण को बढ़ावा देने, लिंग अनुपात में वृद्धि लाने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह के मामलों में कमी लाते हुए बालिकाओं को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत 0 से 2 साल आयु वर्ग की बेटी के मां के खाते में 2000 रुपये व जन्म के 01 वर्ष बाद आधार पंजीयन होने पर बच्ची के उचित पोषण के लिये 1000 रुपये दिये जाते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में छठ पूजा मनाने आए युवक की मौत



**नालंदा।** नालंदा में छठ पर्व की खुशियां एक परिवार के लिए गहरे शोक में बदल गईं। गुरुवार को रहुई थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के सालिमपुर निवासी सतीश पासवान के रूप में की गई है। घटना सोनसा मोड़ स्थित बिहटा-सरमेरा मुख्यमार्ग पर हुई है। जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सतीश पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन ने बताया कि सतीश अपने परिवार के साथ दो दिन पहले छठ पूजा में शामिल होने के लिए अपने ससुराल हरिपुर गांव आया था। दुर्घटना उस समय हुई, जब वह फल खरीदने के लिए रहुई बाजार जा रहे थे। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में आवेदन प्राप्त होने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस प्रशासन तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

### इमामगंज में एनडीए प्रत्याशी के प्रचार वाहन पर हमला

**गया।** गया में गुरुवार को उपचुनाव के प्रचार के दौरान एनडीए प्रत्याशी दीपा मांझी के प्रचार वाहन पर हमला हुआ। घटनास्थल अति नक्सल प्रभावित इमामगंज विधानसभा सीट के बांकेबाजार प्रखंड के बरहेता पंचायत के पचमा गांव है। इस घटना में प्रचार वाहन पर लगे पोस्टर को फाड़ दिया गया। वाहन चालक और उसके साथी के साथ मारपीट की गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही बांकेबाजार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। घटना के वक्त प्रचार वाहन पर केवल चालक और उसका एक साथी मौजूद था। पुलिस ने पीड़ित चालक से मामले की लिखित शिकायत दर्ज करने की बात कही है। पुलिस मामले की तह तक जाने और हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

♦ पोस्टर फाड़े, ड्राइवर और उसके साथी को पीटा; हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस

**आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी शुरूः** इस घटना के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। एनडीए और अन्य दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सियासी पार्टियों के लिए यह हमला एक बड़ा मुद्दा बन गया है। खासकर तब जब इमामगंज में उपचुनाव की सरगर्मी चरम पर है।

**केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू हैं दीपा मांझीः** गौरतलब है कि 13 तारीख को इमामगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने वाला है। एनडीए की ओर से केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी मैदान में हैं। जबकि राजद के रोशन मांझी और जनसुराज से डॉ. जितेंद्र पासवान चुनावी मुकाबले में हैं।


### एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, 4 लेयर में होगी सुरक्षा



**नालंदा।** राजगीर में होने वाले वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। अत्याधुनिक तकनीक और चार स्तरीय सुरक्षा घेरे के साथ इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन को सफल बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। राजगीर के पुलिस उप-अधीक्षक (डीएसपी) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान पूरे क्षेत्र में 250 से अधिक उच्च-तकनीकी निगरानी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इनमें खेल परिसर में 100 और शहरी क्षेत्रों में 150 बुलेट सीसीटीवी कैमरे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ड्रोन कैमरों से भी भीड़ की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। इनमें 17 पुलिस उप-अधीक्षक (डीएसपी), 50 पुलिस निरीक्षक,150 पुलिस अवर निरीक्षक और सहायक अवर निरीक्षक, बिहार पुलिस की 6 कंपनियां, बिहार मिलिट्री पुलिस की 2 कंपनियां और 100 प्रशिक्षित यातायात पुलिसकर्मी है।

**पुलिस गश्ती पहले से और बढ़ा दी गई हैः** विशेष रूप से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर विशेष प्रशिक्षित यातायात पुलिस की तैनाती की जाएगी। साथ ही, इस्लामपुर, हिसुआ, गिरियक और बिहारशरीफ से राजगीर आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। डीएसपी सिंह ने बताया कि "शहर में पुलिस गश्त को पहले से बढ़ा दिया गया है। चार पहिया वाहनों के साथ-साथ बाइक और पैदल गश्त भी लगातार जारी है। सभी प्रवेश द्वारों पर विशेष चेकिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक महत्वपूर्ण स्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रभार सौंपा गया है।

### बिहार शरीफ में भव्य भंडारे का किया गया आयोजन



**नालंदा।** लोकप्रिय छठ पर्व के अवसर पर बिहार शरीफ के वार्ड 44 में एक भव्य भंडारे का आयोजन कर सामुदायिक एकता की मिसाल पेश की गई। श्री लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के संयोजक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि यह परंपरा पिछले चार वर्षों से निरंतर चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष छठ पर्व की पहली अर्घ्य की संध्या पर भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें समिति के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभाते हैं। समिति के सदस्य केवल भंडारे तक ही सीमित नहीं रहते। पर्व की तैयारियों के दौरान वे क्षेत्र की साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य भी स्वयं करते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को पर्व मनाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम की शुरुआत मां लक्ष्मी के हवन-पूजन से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर दिलखुश कुमार, सुनील कुमार, सन्नी कुशवाहा, मुन्ना कुमार, कुंदन कुमार, डॉक्टर महेश, पंकज कुमार, गुड्डू उर्फ नेताजी और राजीव कुमार सहित समिति के अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। पहाड़पुर क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामुदायिक एकता और सहभागिता का भी जीवंत उदाहरण है।

# नालंदा में 300 रुपए के विवाद में अधेड़ की हत्या

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बकाया पैसे को लेकर एक अधेड़ की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अजयपुर गांव का है। मृतक की पहचान अजयपुर गांव निवासी स्वर्गीय बिलेट मिस्त्री के बेटे सदन मिस्त्री(55) के रूप में की गई है। घटना गुरुवार की शाम की है। इलाज के दौरान शुक्रवार को अधेड़ की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के बेटे राकेश कुमार ने बताया कि 300 रुपए को लेकर गांव के ही संतोष यादव से गुरुवार की शाम विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद मामले को शांत कर लिया गया था। इसके बाद संतोष यादव अपने घर चला गया। वहीं, थोड़ी देर बाद संतोष यादव अपने सहयोगियों के साथ फिर आ धमका। मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में परिवार के 6 से ज्यादा सदस्य भी जख्मी हो गए। इसके बाद सभी लोगों को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां सदन मिस्त्री की मौत हो गई।



**नशे की हालात में था आरोपीः** परिजन ने बताया कि आरोपी नशे की हालत में था। पहली बार जब गुरुवार की शाम के वक्त झगड़ा शुरू हुआ, तो यह कहते हुए मामले को शांत करा लिया गया था कि छठ पूजा के बाद 300 रुपए वे लौटा देंगे। लेकिन दूसरी बार आरोपी फिर से पहुंच गए। मारपीट कर दी।

♦ मारपीट की घटना में हुए थे जख्मी, इलाज के दौरान पावापुरी मेडिकल कॉलेज में हुई मौत

इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। मृतक के बेटे के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। आपसी बातों को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें सदन मिस्त्री की इलाज के दौरान मौत हो गई है।

## गया में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत



♦ दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर, दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

निज संवाददाता। गया

गया-पटना मुख्य मार्ग पर बेलागंज थाना क्षेत्र के रिसौद मोड़ के पास शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने दो लोगों की जान ले ली। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायलों को मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर ही खौफनाक मंजर पैदा हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों बाइक की गति काफी तेज थी। अचानक हुई आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक सवार ने दूसरी तरफ से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। रफ्तार के चलते टक्कर इतनी जोरदार हुई कि दोनों बाइक के चालक सड़क पर इधर-उधर गिर गए। वे खून से लथपथ होकर मौके पर ही बेहोश हो गए और सड़क पर चारों ओर खून ही खून पसर गया। थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी सदानन्द कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही बेलागंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर बताई है। उन्हें रेफर किया गया है। पुलिस का कहना है कि अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, मृतकों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के गांवों में सूचना देने का प्रयास कर रही है।

## नालंदा में रिटायर्ड नर्स के घर चोरी

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में छठ पर्व पर गांव गए नर्स के घर में बदमाशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। मामला हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवनगर मोहल्ले की है। चोरी की घटना अरविंद प्रसाद के घर में हुई है। अरविंद प्रसाद की पत्नी पेशे से नर्स थीं। अब वे रिटायर्ड हो गई हैं। घटना के संबंध में पीड़ित अरविंद प्रसाद ने बताया कि छठ पर्व पर पूरा परिवार पैतृक गांव हिलसा थाना क्षेत्र के सिपारा गांव गया हुआ था। मकान में ताला लगा हुआ था। गुरुवार को गांव से पूजा का कुछ सामान लेने के लिए शिवनगर स्थित घर पहुंचे तो देखा कि मकान के दोनों फ्लोर के कमरों का ताला टूटा हुआ है। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा हुआ है। स्टोरवेल बक्से आदि से 4 लाख नगद और सोने-चांदी के आभूषण सहित कुल 20 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली गई है। वहीं, इस घटना के बाद स्थानीय लोग पर्व त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। मोहल्ले वासियों का कहना है कि पुलिस द्वारा गश्त नहीं करने के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही है। इस मामले में हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

♦ छठ पर पैतृक गांव गया हुआ था परिवार, चार लाख नगद समेत 20 लाख की संपत्ति ले गए चोर

## अंतर जिला गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार



♦ कारतूस हथियार बरामद, बदमाश आभूषण दुकान को बनाते थे अपना टारगेट

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की चण्डी थाना पुलिस ने एक संगठित चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। गश्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक गिरोह शटर काटकर दुकानों में चोरी करता है और पिकअप वैन में सामान लोड कर भाग जाता है। पुलिस ने माधोपुर बाजार में संदिग्ध हालत में घूमते एक पिकअप वैन को रोका और उसमें से चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया। हिलसा डीएसपी सुमीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने अभियुक्तों की तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक शटर काटने वाली कैंची, तीन मोबाइल और एक पिकअप वैन बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया और बताया कि वे हिलसा और करयापरसुराय के ज्वैलर्स दुकानों में चोरी कर चुके हैं। चण्डी थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया की यह एक संगठित चोर गिरोह है, जिनका मुख्य लक्ष्य शहरी क्षेत्र के ज्वेलर्स दुकानों में चोरी करना है। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और अन्य सदस्यों की पहचान कर रहे हैं। पुलिस ने इस गिरोह के चार सदस्य गया जिला के चंदौती थाना क्षेत्र के बंगाली बिगहा निवासी संजीत कुमार, पटना जिला के मालसलामी थाना क्षेत्र के पटना सिटी निवासी विक्की कुमार, पटना जिला के भगवानगंज थाना क्षेत्र के करवा निवासी देवेंद्र वर्मा और गया जिला के चंदौती थाना क्षेत्र के बंगाली बिगहा निवासी राजू कुमार को गिरफ्तार किया है। इनका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही है।

## साइबर अपराध की नई लहर, मैकेनिकों को बनाया निशाना

निज संवाददाता। नालंदा

डिजिटल युग में साइबर अपराधियों की बढ़ती धृष्टता ने आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे व्यवसायियों की नींद उड़ा दी है। ताजा मामला बिहारशरीफ का है, जहां मोटरसाइकिल मैकेनिक को निशाना बनाकर साइबर ठगों ने अपनी कुटिल चाल चली। लहेरी थाना क्षेत्र के किसान बाग स्थित न्यू बजाज रिपेयरिंग सेंटर के मालिक रविकांत कुमार इस साइबर ठगी के शिकार बने। इसी क्षेत्र में एक अन्य मैकेनिक बजाज रिपेयरिंग सेंटर के दामोदर मिस्त्री भी ठगों के रडार पर थे, लेकिन सतर्कता के कारण वे बच गए। केस न. 1ः न्यू बजाज रिपेयरिंग सेंटर के प्रौपराइटर रविकांत कुमार को 30 अक्टूबर की दोपहर अचानक एक फोन आता है। सामने से एक व्यक्ति बोलता है कि उसे अपनी बाइक की इंजन ठीक करवानी है। कितना पैसा लगेगा। इस पर रवि ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लगभग 8 हजार रुपए खर्च आएंगे। साइबर फ्रॉड ने कहा कि मैं 5 हजार रुपए आपको भेज देता हूं। एक लड़का गाड़ी लेकर आपकी दुकान पर जा रहा है। कुछ देर बाद एक मैसेज आता है, जिसमें 50 हजार अकाउंट पर क्रेडिट होने की बात लिखी होती है। तभी साइबर फ्रॉड फिर कॉल करता है और कहता है कि गलती से 5 हजार की जगह 50 हजार आपके अकाउंट पर चला गया है।

## बांकेबाजार में चुनाव प्रचार के दौरान विवाद

निज संवाददाता। गया

गया के बांकेबाजार क्षेत्र में एनडीए समर्थित प्रत्याशी दीपा कुमारी उर्फ दीपा मांझी के प्रचार वाहन पर हुए हमले के मामले में पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने फौरन घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की पहचान की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को हुए इस विवाद का कारण प्रचार वाहन पर तेज आवाज में बज रहा लाउड स्पीकर था। इसके बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने वाहन पर हमला बोल दिया। प्रचार वाहन के प्रभारी अजमत खां के अनुसार, हमलावरों ने ना सिर्फ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया, बल्कि दीपा मांझी और अन्य नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक बातें भी कहीं। साथ ही प्रचार वाहन चालक के साथ मारपीट करते हुए पोस्टर और बैनर भी फाड़ दिए गए। घटना से इलाके में तनाव का माहौल बन गया था, जिसे देखते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। एसएसपी आशीष भारती का कहना है कि इस घटना के बाद बांकेबाजार थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अब तक कई अहम जानकारियां सामने आई हैं, जिनके आधार पर और भी गिरफ्तारी हो सकती है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-153 से 154/24-25 (ओपन), दिनांक 06.11.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.:** ओ-एसी-टी-153-24-25; **कार्य का नामः** सीनि. डीइएन/3/आसनसोल के अधीन डीसीओपी-डीजीआर पांचवीं लाइन डाउन साइड के संबंध में दुर्गापुर यार्ड रिमॉडलिंग के लिए खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली)। **निविदा मूल्यः** रु. 13,14,54,125.56; **बयाना राशिः** रु. 8,07,300; **क्रमांक 2, केस सं.:** ओ-एसी-टी-154-24-25; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के अधीन आसनसोल, अंडाल, तापसी इत्यादि के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में आरसीसी ओएच टैंकों के साथ पाइपलाइन, आनुषंगिक कार्यों द्वारा क्षतिग्रस्त टैंकों के प्रतिस्थापन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 5,66,89,725.56; **बयाना राशिः** रु. 4,33,500; **कार्य हेतु समापन अवधिः** दोनों के लिए 18 महीने। **बंद एवं खुलने की तारीख एवं समयः** दोनों के लिए 04.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (ASN-219/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1051-2023-24, कार्य का विवरणः** कैनिंग - आरपीएफ विभाग के लिए कार्यालय भवन का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 2,83,099; **बयाना राशिः** रु. 5,700; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1149-2024-25, कार्य का विवरणः** सियालदह मंडल के अधीन विभिन्न आउट स्टेशन प्वाइंटों (बनगाँव, गेदे, हासनाबाद, कृष्णनगर सिटी जंक्शन, रानाघाट, शांतिपुर, डॉयमण्ड हार्बर, लक्ष्मीकांतपुर, नामखाना एवं सियालदह साऊथ) पर सुरक्षा के लिए रात में ठहराई जाने वाली ईएमयू/एमईएमयू रेक की जांच के लिए प्रकाश व्यवस्था एवं पाथवे का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 1,35,72,601; **बयाना राशिः** रु. 2,17,900; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **समापन अवधिः** 18 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1154-2024-25, कार्य का विवरणः** कोलकाता टर्मिनल (कोलकाता) रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं. 2 एवं 3 तथा 4 एवं 5 में यात्री स्वचालित सीढ़ी (04 अदद) (निर्माता-मैसर्स जॉनसन) का 03 (तीन) वर्षों के लिए सम्पूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुसूची एवं ब्रेकडाउन अनुबंध। **निविदा मूल्यः** रु. 37,37,761.92; **बयाना राशिः** रु. 74,800; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **समापन अवधिः** 36 महीने। **निविदा प्रकाशन की तारीखः** 05.11.2024; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 27.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे; **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समयः** 27.11.2024 को अपराह्न 2.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली शुरू होने की तारीखः** 13.11.2024; निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(SDAH-225/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **[वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा]। क्रम संख्या : 1। ई-निविदा संख्या : 237_2024-25, दिनांक : 06.11.2024। कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में हावड़ा बर्द्धमान कॉर्ड खंड के पुल संख्या 38 डाउन तथा 53 डाउन के आरबीजी लोडिंग स्टैण्डर्ड गार्डरों की 25 टन लोडिंग स्टैण्डर्ड गार्डर द्वारा बदली तथा हावड़ा मंडल के हावड़ा बर्द्धमान कॉर्ड खंड में पुल संख्या 62 डाउन तथा 149ए अप एवं आरईवी. के आरबीजी लोडिंग स्टैण्डर्ड गार्डरों की 25 टन लोडिंग स्टैण्डर्ड गार्डर द्वारा बदली। **अनुमानित लागत :** रु. 10,33,39,960.27। **बयाना राशिः** रु. 6,66,700। **क्रम संख्या : 2। ई-निविदा संख्या : 249_2024-25, दिनांकः 06.11.2024। कार्य का विवरण :** तालित - वरिष्ठ डीईएन (2)/हावड़ा के अधीन तालित गुड्स शेड का क्रमोन्नयन तथा आधुनिकीकरण। **अनुमानित लागत :** रु. 3,88,34,134.51। **बयाना राशिः** रु. 3,44,200। **क्रम संख्या : 3। ई-निविदा संख्या : 251_2024-25, दिनांकः 06.11.2024। कार्य का विवरण :** सहायक अभियंता/डानकुनी के खंड में कामारकुण्डू, मधुसूदनपुर, चंदनपुर, पोड़ाबाज़ार, बेलमुड़ी तथा धनियाखाली स्टेशनों पर दिव्यांगजन के लिए एमईए एवं सुविधायें। **अनुमानित लागतः** रु. 3,40,86,339.40। **बयाना राशिः** रु. 3,20,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत :** शून्य (प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधिः** 12 महीना (प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय :** 29.11.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (HWH-396/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्वोत्तर रेलवे** ई–नीलामी

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बरः BSB 28 PARKING 24

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:30 बजे तक |
| चौरीचौरा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:40 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 11:50 बजे तक |
| फेफना जं. स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:00 बजे तक |
| छपरा कचहरी स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:10 बजे तक |
| बनकटा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:20 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:30 बजे तक |
| रामकोला स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:40 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 12:50 बजे तक |
| रजापट्टी स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 13:00 बजे तक |
| रतनसराय स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 25-11-2024 | 11:00 से 13:10 बजे तक |

आक्शन कैटलाग नम्बरः BSB 29 PARKING 24

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:30 बजे तक |
| चैनवा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:40 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 10:50 बजे तक |
| दाउदपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:00 बजे तक |
| किडिहरापुर स्टेशन स्थित(2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:10 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:20 बजे तक |
| करीमुद्दीनपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:30 बजे तक |
| चितबड़ागाँव स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:40 बजे तक |
| दुरौंधा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 11:50 बजे तक |
| बनारस (पी.एफ.-1) स्टेशन स्थित (एक्सेस कंट्रोल्ड) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 26-11-2024 | 10:00 से 12:00 बजे तक |

आक्शन कैटलाग नम्बरः BSB 30 PARKING 24

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| आजमगढ़ स्टेशन स्थित (3 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका। | 03 वर्ष | 27-11-2024 | 11:00 से 11:30 बजे तक |

**नोटः** ♦ ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। ♦ ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन रू. 10,000/- (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी, जिसका भुगतान/कटौती उसी खाते से होगी। ♦ ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल *(www.ireps.gov.in)* के *E-Auction Leasing Section* में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–177 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान समेत अन्य पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी घाटो का निरीक्षण करते हुए नजर आए

# छठव्रतियों ने उदयीमान सूर्य को दिया अर्घ्य चार दिवसीय छठ महापर्व शांतिपूर्वक संपन्न

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)





सासाराम। चाक चौबन्द ब्यवस्था एवं सुरक्षा के कड़े इंतजाम तथा पड़ रहे हल्के हल्के गुलाबी ठंड व कोहरा के बीच आस्थाचलगामी भगवान भास्कर को गुरुवार के संध्या समय डूबते सूर्य को छठव्रतियों ने जहां पहला अर्ध्य अर्पण किया। वही शुक्रवार को अहले सुबह उदयीमान सूर्य को छठव्रतियों द्वारा अर्ध्य देने के साथ ही सूर्योपासना का चार दिवसीय महापावन पर्व छठ जिला मुख्यालय सासाराम सहित संपूर्ण रोहतास जिले में शांति पूर्वक सपन्न हो गया। इस दौरान विभिन्न घाटो पर रौशनी एवं सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये थे।लोक आस्था एवं पवित्रता व शुद्धता का महापावन पर्व छठ शुक्रवार को हल्का हल्का ठंड पड़ने के वावजूद व नीले आसमान में कोहरा छाए रहने के उपरांत उदयीमान भगवान भास्कर की करीब साढ़े छह बजे लालिमा दीखते ही छठव्रतियों में अर्ध्य देने के लिए होड़ मच गया। शुक्रवार को सूर्योदय के पश्चात छठ व्रतियों ने अर्ध्य देने के वाद जहा अपने अपने घाटो से वापस घर लौटने लगे, वही सूर्योपासना का महापर्व छठ सासाराम, बिक्रमगंज व डेहरी सहित सम्पूर्ण रोहतास जिले में शांति पूर्वक सपन्न हो गया। इस दौरान एक दो जगह अप्रिय वारदात घटित होंने की सुचना है। गुरुवार के दिन दोपहर बाद से जहा सूर्योपासना का महापर्व छठ के मद्देनजर भागवान भास्कर को अपना पहला अर्ध्य अर्पण करने लिए छठव्रतियों का विभिन्न घाटो पर आने का सिलसिला तेजी से शुरू हो गया। जो कुछ ही देर के बाद घाटो पर जनसैलाब उमड़ते दिखा। वही छठ से सबंधित विभिन्न पारंपरिक लोक गीत गाते हुए जहा छठव्रतियों का घाटो की ओर आने का ताता लगा रहा। वही बड़े बड़े साउंड बक्सों से निकलते ध्वनि से विभिन्न घाट गुलजार होते दिखे। महिलाए एवं युवतियां विभिन्न परिधानों एवं आभूषणों से सुसज्जित होकर नजर आ रही थी, वही ईख, दौरा, डाल विभिन्न पूजा के फलो व पकवानो से सज सजाकर घाटो पर जाते दिखे जबकि पीछे पीछे व्रती महिलाए गीत गाते हुए घाटो पर पहुची। घाट जुगनुओं के भाँति घी के दिये से पुरे रात टिमटिमाते नजर आए। गुरुवार के दिन पूरी तैयारी और व्यवस्था के साथ छठव्रती डाल व बाँस की टोकरी में अर्ध्य का सूप सजाकर और व्रति के साथ परिवार तथा आस पड़ोस के लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देने के लिए घाट की ओर आते देखा गया। अस्त होते सूर्य को जहां जल से अर्ध्य दिया तो वही उदयीमान सूर्य को दूध से अर्ध्य दिया गया। इस बाबत नगर प्रशासन, स्वयंसेवी संगठन तथा छठ पूजा समिति के सदस्यों द्वारा घाट से लेकर सड़क, गली, मुहल्लो की साफ सफाई कर जहा फूल पतियो से आकर्षक तरीके से सजाया गया था वही सड़को व घाटों की ओर जाने वाले हर रास्ते को विभिन्न रंगो से रंगोली बनाकर व्रतियों के स्वागत में सजाया गया था, वही रौशनी के भी ब्यापक प्रबंध किये गये थे। हालांकि नगर प्रशासन द्वारा ग्रामीण इलाके के कई घाटो पर भी रौशनी का प्रबंध कर घाट स्थलो की साफ सफाई एवं बास बाला का इंतजाम किया गया था। इस बीच जगह जगह बिहार पुलिस के जवान भी तैनात नजर आए। जिलाधिकारी उदिता सिंह, रोहतास के पुलिस कप्तान रौशन कुमार कुमार, बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक, एसडीपीओ कुमार संजय, आदि पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी ने विधि ब्यवस्था का कमान अपने हाथों में थामे घाटो का निरीक्षण करते हुए नजर आए।

जबकि गुरुवार को सायंकाल में विभिन्न नप के चेयरमैन, उप चेयरमैन, कार्यपालक पदाधिकारी, वार्ड व जिला पार्षद,बिहार सरकार के मंत्री सह विधायक,क्षेत्रीय विधायक, पूर्व विधायक,सांसद,राजनीतिक दलों से जुड़े नेताद्वय गणों ने छठ घाटो का जायजा लिया और छठव्रतियों से आशीर्वाद ग्रहण की। त्याग तपस्या एवं श्रद्धा का कठिन महापर्व छठ को अर्ध्य देने के लिए प्रवाहित जल,नदी ,तलाब व सरोवरों में हल्के ठंड के वावजूद घन्टो खड़ा होकर छठव्रती गुरुवार को जैसे जैसे सूर्य अस्त होते जा रहे थे। वैसे वैसे जल में खड़े श्रद्धालुओं व व्रतियों की बेचैनी परवान चढ़ती जा रही थी,यही हालात शुक्रवार के अहले सुबह भी रहा जहां कोहरे के बीच से भागवान भास्कर जैसे जैसे उदय होते जा रहे थे, वैसे वैसे छठव्रतियों में अर्ध्य देने की बेचैनी बढती जा रही थी तथा अर्ध्य देने के उपरांत व्रतियों में वापस घर लौटे की वेचैनी भी दिखी।गुरुवार के शाम रौशनियों तथा परंपरागत गीतों से घाट सरोबोर दिखे।इस मनोरस दृश्य को देखने के लिए छठव्रतियों के आलावा अन्य नागरिको का भारी हुजूम विभिन्न घाटों पर देर रात तक उमड़ा रहा।कही कही देर शाम के बाद रात्रि समय ही छठव्रती वापस घर लौट आए तो कही पुरे रात घाटो पर ही छठव्रती डटे रहे। इस पूजा के अवसर पर मनोरंजन हेतू कई जगह सास्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शहर, बाजार समेत कई पूजा स्थलों व ग्रामीण इलाकों में छठव्रतियों के मनोंरजन के लिए मशहूर भोजपुरी गायकों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहा पुरे रात विभिन्न श्रोतागण गीतों पर झूमते रहे।

छठव्रत के मौके पर वैसे तो कमोबेश सभी जगह भीड़ भाड़ चरमोत्कृष्ट रहा। लेकिन विशेष आकर्षण का केंद्र महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि माँ यक्षणी (भलुनी) भवानी का दरवार के अलावा नोखा स्थित सूर्यमंदिर तालाब,संझौली के उदयपुर, दावथ में पंचमन्दिर आदि स्थलों पर रहा। जहा हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने वहा स्थित सरोवर पर स्थान ग्रहण कर आस्थाचलगामी व उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध्य दिया ,वही सिद्ध शक्तिपीठ माँ भलुनी का दर्शन पूजन भी किया गया।इस बीच कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने इलाके के विभिन्न छठ घाटो का भ्रमण किया। हिंदी दैनिक 'सन्मार्ग' रोहतास के ब्यूरो प्रमुख दुर्गेश किशोर तिवारी ,के अलावे राजद,कांग्रेस,जद यूं, भाजपा,माले आदि दल के नेताओ ने घाटो का दौरा कर विधि ब्यवस्था का जायजा लिया। वही छठव्रतियों से मुलाकात कर इस पावनपर्व पर आशिर्बाद प्राप्त किया।जबकि विभिन्न छठ घाटो पर छठ पूजा समितियों द्वारा छठव्रतियों को उदयमान भागवान सूर्य को अर्ध्य देने के लिए अहले सुबह जहा गाय के दूध उपलब्ध कराया ,वही स्टाल लगाकर चाय ,दातुन आदि सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराते नजर आए।जबकि विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा गुरुवार के दिन फलों से सजा सुप,नारियल आदि सामग्री छठव्रतियों को दान दिया गया।जबकि इस महापर्व में जिले के विभिन्न नगर प्रशासन ने भी अपना भरपूर सहयोग देकर चलंत शौचालय निर्माण से लेकर घाटो की साफसफाई आदि में कोई कसर नही छोड़ा।

# नहर में डूबने से दो भाईयों की मौत छठ पूजा के दौरान हुआ हादसा

निज संवाददाता



सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड के भानस थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें दो किशोरों की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोनों मृतक युवक अपने-अपने परिवारों के लिए छठ पूजा के अवसर पर उपवास रखे हुए थे। छठ के व्रत के दौरान उन्होंने नहर में स्नान करने के लिए कदम रखा, लेकिन दुर्भाग्यवश गहरे पानी में चले जाने से उनकी जान चली गई। मृतकों की पहचान तुर्की गांव निवासी 18 वर्षीय अभिषेक कुमार और पिपरा गांव निवासी 17 वर्षीय आयुष कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, अभिषेक कुमार छठ के लिए अपने ननिहाल पिपरा गांव आया था और आयुष कुमार भी इस बार छठ व्रत कर रहा था। दोनों युवक इस धार्मिक अवसर पर उपवास रखे हुए थे और सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पिपरा गांव के पास स्थित नहर पर पहुंचे थे। बताया गया कि नहर में अर्घ्य देने के बाद दोनों युवक नहाने के लिए पानी में उतरे। लेकिन, गहरे पानी में जाने के कारण दोनों डूबने लगे। नहर की गहराई का अंदाजा न लगा पाने के कारण दोनों को पानी में खतरा हो गया। आसपास के कुछ ग्रामीणों ने दोनों को डूबते देखा और तुरंत उन्हें पानी से बाहर निकाला। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। गुरुवार की रात शवों का पोस्टमार्टम सासाराम सदर अस्पताल में किया गया और शुक्रवार की सुबह दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है, ताकि इस दर्दनाक हादसे के कारणों का पता चल सके। इस घटना से पूरे पिपरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, खासकर मृतक आयुष कुमार के घर पर कोहराम मच गया है। आयुष के परिवार वाले तथा अभिषेक के परिजन इस दुखद घटना से टूट गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इस असहनीय दर्द को सहन नहीं कर पा रहे हैं। दोनों युवक बहुत ही ईमानदार और अच्छे स्वभाव के थे, और उनका असमय निधन परिवार और समुदाय के लिए गहरी क्षति का कारण बना है। ग्रामीणों और परिजनों ने बताया कि दोनों युवक बहुत ही धार्मिक थे और इस बार उन्होंने पूरे श्रद्धा भाव से छठ पूजा की थी। अभिषेक और आयुष के मौत से गांव में शांति और दुख का माहौल है, और हर कोई इस हादसे को लेकर सदमे में है। इस हादसे ने यह भी साफ किया कि नहरों और जलाशयों में स्नान करते समय हमेशा सतर्क रहना चाहिए, खासकर जब पानी की गहराई का सही अनुमान न हो। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे नहरों और अन्य जल स्रोतों में बिना सुरक्षा के न जाएं और बच्चों एवं युवाओं को सतर्क रखें। सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, प्रशासन ने जल क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की बात कही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके। इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है, और अब लोग इस हादसे को लेकर संवेदनशील हो रहे हैं, ताकि किसी और परिवार को इस तरह का दर्द न सहना पड़े।

# सिकठी मोड़ पर मिला घायल युवक, दो दिन बाद मौत

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र के सिकठी मोड़ के पास दो दिन पूर्व एक व्यक्ति घायल अवस्था में मिला था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसको उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ भिजवाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसके शव को सदर अस्पताल भभुआ लाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्रवाई करते हुए भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए भभुआ थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। मृतक की पहचान रोहतास जिला के सासाराम थाना क्षेत्र के पचासवां गांव निवासी श्रीराम राम के 23 साल के पुत्र राजू रंजन कुमार के तौर पर हुई है। परिजन मुन्ना दास ने जानकारी देते हुए बताया कि राजू रंजन कुमार अपने बहन के घर बबूरा में आया हुआ था।

# औचक निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चार चिकित्सकों पर होगी कार्रवाई

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने बताया कि छठ पर्व एक ऐसा समय होता है, जब लाखों श्रद्धालु नदी, तालाब, और अन्य जलाशयों के पास पूजा अर्चना करने जाते हैं, जिससे स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का सुनिश्चित रूप से संचालन होना बेहद जरूरी है। ट्रामा सेंटर और एमसीएच विभाग की औचक जांच के दौरान पाया गया कि कई चिकित्सक और अन्य कर्मचारी अनुपस्थित थे। इनमें विशेष रूप से चार चिकित्सकों की अनुपस्थिति ने प्रशासन को गंभीर रूप से चिंतित कर दिया, क्योंकि यह अस्पताल की सेवा प्रदान करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता था, खासकर उस समय जब छठ पूजा के दौरान लोगों की संख्या और भीड़ बढ़ने की संभावना रहती है। डीडीसी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में इस तरह की लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, 'छठ पर्व के दौरान जब लाखों लोग नदी किनारे पूजा करने जाते हैं, तो स्वास्थ्य संबंधी आपातकालीन स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे समय में चिकित्सकों और अस्पताल कर्मियों की अनुपस्थिति से आपातकालीन सेवा प्रदान करने में बड़ी कठिनाई हो सकती है।' उन्होंने आगे कहा कि संबंधित चिकित्सकों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले की जांच पूरी करें और दोषी पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। सदर अस्पताल के निरीक्षण के बाद, डीडीसी ने अस्पताल प्रशासन को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं कि वे छठ पर्व के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी नहीं आने दें।

उन्होंने कहा कि इस पर्व के समय सभी चिकित्सक और अस्पताल कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे, और किसी भी प्रकार की लापरवाही को तुरंत संबोधित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रशासन ने अस्पतालों के सभी आपातकालीन विभागों की कार्यप्रणाली को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सावधानियां बरतने का निर्देश भी दिया है। डीडीसी ने यह भी कहा कि अस्पतालों को विशेष रूप से छठ पर्व के दौरान चौकस रहने की आवश्यकता है, ताकि अगर किसी श्रद्धालु को पूजा के दौरान चोट या किसी अन्य कारण से आपातकालीन इलाज की आवश्यकता हो, तो उसे तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सके। इसके अलावा, अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयाँ, चिकित्सा उपकरण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना किया जा सके। इस औचक निरीक्षण के बाद यह स्पष्ट हो गया कि स्वास्थ्य विभाग को और अधिक चौकस रहने की जरूरत है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में विशेष रूप से त्योहारों के समय स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उपलब्धता पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि आम जनता को बिना किसी रुकावट के चिकित्सा सुविधा मिल सके। इस प्रकार, प्रशासन ने छठ पर्व के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कड़े कदम उठाए हैं और अस्पताल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। साथ ही, यह स्पष्ट कर दिया गया है कि त्योहारों के दौरान, जब अधिक संख्या में लोग एक साथ जुटते हैं, तब अस्पतालों को पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना का त्वरित समाधान हो सके।

## मधुमक्खियों के झुंड ने कइयों को किया जख्मी

**सासाराम(रोहतास) (नि. सं.)**। रोहतास जिले के संझौली क्षेत्र में बुधवार शाम एक डरावना दृश्य देखने को मिला जब मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने राहगीरों पर हमला बोल दिया। इस हमले में एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और घायल व्यक्तियों को तुरंत नोखा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। यह घटना संझौली के प्रमुख मार्ग पर घटित हुई, जहां रोज़ाना बड़ी संख्या में लोग आवाजाही करते हैं। घटना बुधवार शाम की है जब राहगीर संझौली के मुख्य मार्ग से जा रहे थे। अचानक, मधुमक्खियों के एक झुंड ने इन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियां इतनी संख्या में थीं कि उन्होंने रास्ते में चल रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों में महिलाएं, बच्चे और वृद्ध भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, घायलों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में मधुमक्खियों के काटने से गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद, स्थानीय लोग घायलों को किसी तरह अस्पताल पहुंचाने में सफल रहे, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि कई घायलों के शरीर पर मधुमक्खियों के हजारों डंक लगे हैं, जो अत्यंत दर्दनाक हैं। डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर बताते हुए, इलाज में तत्परता बरतने की बात कही।

# सूर्यपुरा में छठ पर्व पर गंगा आरती का भव्य आयोजन

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



रोहतास जिले के ऐतिहासिक सूर्यपुरा में छठ पर्व के अवसर पर गंगा आरती का एक भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद गंगा आरती की गई, जो एक ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण था। सूर्यपुरा स्थित एक सौ साल पुराने सरोवर में यह गंगा आरती छठ पूजा समिति द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बनारस के अस्सी घाट से आए पंडितों ने अहम भूमिका निभाई। गंगा आरती में पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह, स्थानीय विधायक विजय मंडल, राजद एमएलसी अशोक पांडेय समेत कई प्रमुख नेता और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। गंगा आरती का आयोजन छठ पूजा समिति, सूर्यपुरा द्वारा किया गया, और इसमें बनारस के काशी विश्वनाथ अस्सी घाट से आए पंडित आचार्य दिव्यांश शर्मा के नेतृत्व में गंगा आरती का आयोजन हुआ। पूजा समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से सूर्यपुरा छठ घाट पर यह गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है, जो हर साल श्रद्धालुओं के बीच एक विशेष धार्मिक महत्व रखता है।

विधायक विजय मंडल ने कार्यक्रम में शिरकत करते हुए आयोजकों की सराहना की और कहा, 'यह आयोजन बहुत ही अद्भुत है। सूर्यपुरा की पूजा समिति को मैं विशेष रूप से साधुवाद देता हूं, जो हर साल इस तरह के धार्मिक आयोजन को बहुत श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित करते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में एकता और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने में मदद करते हैं।' कार्यक्रम में पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। पुलिस प्रशासन ने छठ घाट पर अपनी पूरी टीम के साथ तैनाती की थी। थाना अध्यक्ष प्रिया कुमारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा। इसके अलावा, बीडीओ तेज बहादुर सुमन और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे और आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन में मदद की।

सुरक्षा व्यवस्था के अलावा, आयोजकों में प्रमुख भूमिका निभाने वालों में छठ पूजा समिति के सदस्य रमेश टोटो, अमित लाल, जयराम, सुनील कुमार पिंटू, मंटू सिंह, अजय मास्टर, गोलू गुप्ता, मुखिया प्रमोद कुमार, अभय यादव, उपेंद्र यादव और पप्पू यादव के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी ने मिलकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु जब सूर्य को अर्घ्य दे रहे थे, तब वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत था। गंगा आरती के समय जल में तैरते दीपों की रौशनी और मंत्रों का उच्चारण एक अद्वितीय दृश्य बना रहा, जो श्रद्धालुओं के दिलों को सुकून और शांति दे रहा था। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया, बल्कि सूर्यपुरा की सांस्कृतिक धरोहर को भी पुनः जीवित किया। ऐसे आयोजनों से स्थानीय समुदाय की आपसी एकता और धर्म के प्रति श्रद्धा को मजबूती मिलती है। इस प्रकार के आयोजन छठ पूजा के महत्व को और भी बढ़ाते हैं और हर साल श्रद्धालुओं को नई ऊर्जा और भक्ति की अनुभूति कराते हैं।

## घर के पास से बाइक चोरी

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। बीती रात अज्ञात चोरो ने घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी कर ली है। पीड़ित कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 का रहने वाला भरत प्रसाद का पुत्र बब्लू कुमार बताया जाता है। पीड़ित ने बताया की मेरे घर में छठ हुआ था जिसको लेकर सब परिवार छठ घाट गए थे जब वहां से वापस आकर देखा तो घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी अज्ञात चोरो कर ली है। लकी इस घटना की जानकारी स्थानीय को दे दी गई है। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस आवेदन ले कानूनी कार्रवाई करेगी।

# अवैध वसुली के आरोप में प्राथमिकी हुई दर्ज

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने रंगदारी वसूली और गाली-गलौज करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुन्ना भारती ने आरोप लगाया कि उक्त युवक ने उनसे हर माह पैसे की मांग की, और पैसे न देने पर उन्हें बदनाम करने की धमकी दी। इसके अलावा, गाली-गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया, जिससे उनकी और उनके समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुन्ना भारती ने थाने में लिखित शिकायत दी है, जिसमें रंगदारी की मांग करने, धमकाने और गाली-गलौज करने के साथ-साथ जातिवाद पर आधारित अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। इस शिकायत के बाद, थाना अध्यक्ष काराकाट फुलदेव चौधरी ने पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# अमझोर के फारुकगंज गांव में एक साथ तीन घरों में चोरी

निज संवाददाता

सासाराम। रोहतास जिले के अमझोर थाना क्षेत्र के फारुकगंज गांव में एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। यह चोरी की वारदात उस समय हुई जब गांव में छठ पूजा का माहौल था और लोग पूजा में व्यस्त थे। चोरों ने घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण और हजारों रुपये की नकदी चुराई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई और पीड़ित परिवारों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के अनुसार, फारुकगंज गांव के तीन अलग-अलग परिवारों में चोरी की वारदात एक ही रात में हुई। पीड़ित परिवारों में बनारसी गोंड, मधु कुमारी और मथुरा कुमार शामिल हैं। सभी तीन परिवार छठ पूजा की तैयारी में व्यस्त थे, और पूजा स्थल पर जाते समय चोरों ने इन घरों में घुसकर चोरी की। बनारसी गोंड के घरः बनारसी गोंड के घर में ताले को तोड़कर चोरों ने अलमारी और बक्से से लगभग 30,000 की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। मधु कुमारी के घरः मधु कुमारी के घर से भी चोरों ने 50,000 से अधिक की नकदी और सोने की चूड़ियां, कान की बालियां और अन्य आभूषण चोरी कर लिए। मथुरा कुमार के घरः मथुरा कुमार के घर से 40,000 की नकदी और हीरे के आभूषण, सोने की अंगूठी, और चांदी की कटोरी चोरी हुई। चोरी के बाद, जब घरवाले पूजा करके वापस लौटे तो देखा कि उनके घरों का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था और कीमती सामान गायब था। घटना के बाद, पीड़ित परिवारों ने तुरंत अमझोर थाना में शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया और तीनों परिवारों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने आसपास के सभी इलाकों में गश्त बढ़ा दी है। इसके अलावा, पुलिस टीम ने फारुकगंज गांव के आसपास के CCTV कैमरे की फुटेज की जांच शुरू की है। इस घटना के बाद गांववासियों में असुरक्षा का माहौल है। कई लोग यह भी कह रहे हैं कि छठ पूजा के दौरान घरों में ताले बंद करने के बावजूद चोरों ने घरों में घुसकर वारदात की। स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। गांव के लोगों का कहना है कि इस समय छठ पूजा के कारण अधिकांश लोग घरों से बाहर थे, और यही चोरों के लिए मुफीद अवसर बन गया। साथ ही, कई लोग यह भी शिकायत कर रहे हैं कि गांव में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, जो ऐसी घटनाओं को रोकने में मदद कर सके। पीड़ित परिवारों ने पुलिस से अपील की है कि चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सजा दिलाई जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि प्रशासन को गांव में पेट्रोलिंग बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न घटें। पुलिस ने घटना के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में संभावित सुरागों को तलाशने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है, और पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू करेगी।

# मुबारक सफर-ए उमरा के लिए रवाना हुए जायरीन

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

स्थानीय शहर से आठ जायरीन पवित्र सफर-ए-उमरा के लिए रवाना हुए। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंचकर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व कस्बे वासियों ने फूल माला पहनाकर जायरीनों को रवाना किया।बिक्रमगंज निवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मो.अय्यूब खान ने बताया कि पिता मो. अनीस खान, ससुर मो. हसनैन खान, मो.कलीमुद्दीन, डॉ.महफूज आलम, नुसरत आलम, सईद आलम, मो. सदरुद्दीन खान, मौलाना ग़ुलाम सरवर उर्फ हलीमी साहब सफर-ए- उमरा के लिए रवाना हुए। सफर-ए उमरा पर जाने वालों के घर पहुंच कर गले मिलकर व माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की।कहा कि साल में हज एक बार किया जाता है।लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है। मक्का मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को मिलती है।जायरिन सासाराम से महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए और शनिवार को सुबह 7 बजे फ्लाईट से मक्का के लिए रवाना होंगे। वहीं विद्युत विभाग में कार्यरत कार्यपालक सहायक मो आदिल खान ने बताया की इस्लाम धर्म और अल्लाह की इबादत में यकीन रखने वाले लोग उमराह के लिए मक्का शहर जाते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते है।

# कोचस में धर्मावती नदी किनारे दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच लोग घायल

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)**। रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र स्थित धर्मावती नदी किनारे संस्कृती कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से कुछ को सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया और बाद में बेहतर इलाज के लिए कुछ घायलों को रेफर कर दिया। घटना धर्मावती नदी किनारे आयोजित संस्कृती कार्यक्रम के दौरान हुई। बताया जाता है कि कार्यक्रम में शरारती लड़कों के एक समूह ने मूंगफली खरीदने को लेकर आपस में बहस शुरू कर दी थी, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। इस दौरान झगड़ा बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। इस लड़ाई में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। घायलों में डब्लू कुमार, कृष्णा कुमार, विजय कुमार, और विकास कुमार सहित अन्य शामिल थे। घायलों में से एक व्यक्ति का सिर बुरी तरह फट गया, जबकि अन्य को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आईं। डॉ. तुषार कुमार ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन सिर में गंभीर चोट आने और शरीर पर गहरे घावों के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा दी गई प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यह मामला गंभीर है और घायल व्यक्तियों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद, मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की।


## मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरू-मालदा टाउन अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

त्योहार के मौसम के दौरान अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03403/03404 मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरू-मालदा टाउन अनारक्षित स्पेशल** ट्रेन नीचे उल्लिखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन तथा गठन के अनुसार चलाई जाएगीः

| मालदा टाउन-एसएमवीटी बेंगलुरू | | | (03403)(03404) | एसएमवीटी बेंगलुरू-मालदा टाउन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा की तिथि | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा की तिथि |
| 11.11.2024 | - | 17.30 | मालदा टाउन | 08.00 | - | 16.11.2024 |
| | 22.30 | 22.40 | भागलपुर | 03.10 | 03.20 | |
| 12.11.2024 | 00.15 | 00.20 | जमालपुर | 02.07 | 02.12 | |
| | 03.03 | 03.05 | जसीडीह | 22.23 | 22.25 | 15.11.2024 |
| | 05.55 | 06.15 | आसनसोल | 20.10 | 20.30 | |
| | 07.38 | 07.40 | पुरुलिया | 18.03 | 18.05 | |
| 13.11.2024 | 06.10 | 06.20 | विजयवाड़ा | 20.05 | 20.15 | 14.11.2024 |
| | 19.00 | - | एसएमवीटी बेंगलुरू | - | 07.00 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेन यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा, साहिबगंज, कहलगाँव, सुल्तानगंज, अभयपुर, किऊल जंक्शन, झाझा, मधुपुर, चित्तरंजन, जयचंडी पहाड़, चक्रधरपुर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ़, केसिंगा, मुनीगुडा, रायगड़ा, विजयनगरम जंक्शन, सिम्हाचलम नॉर्थ (परिचालित हॉल्ट), दुव्वाडा, सामलकोट, राजमुंद्री, ओंगोल, नेल्लूर, गुडूर जंक्शन, रेणिगुंटा जंक्शन, काटपाडी जंक्शन एवं जोलारपेट्टै स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथि : मालदा टाउन से 03403** - दिनांक 11.11.2024 (सोमवार) = 01 ट्रिप एवं **एसएमवीटी बेंगलुरु से 03404** - दिनांक 14.11.2024 (गुरुवार) = 1 ट्रिप। **गठनः** शयनयान श्रेणी/द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 16 **(अनारक्षित के रूप में माना जाएगा)** एवं एसएलआरडी-02 = 18 कोच। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस (अनारक्षित)।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## मृतक के पुत्र के बयान पर अज्ञात लोगों पर केस दर्ज

**बिहिया।** स्थानीय बिहिया थाना क्षेत्र के चकवथ गांव में पिछले सोमवार की रात एक अधेड़ की चाकू गोदकर हत्या किए जाने की घटना को लेकर थाने में केस दर्ज करायी गयी है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पुत्र अजीज अंसारी के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करायी गयी है। गौरतलब हो कि पिछले सोमवार की रात चकवथ गांव निवासी अमानत अंसारी (50 वर्ष) को घर से बुलाने के बाद हत्या कर दी गयी थी। मंगलवार की सुबह गांव से कुछ दूरी पर खेत में शव मिलने के बाद खलबली मच गयी थी। इस घटना के बाद पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने और घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश में भी जुटी है। बताया जाता है कि मृतक के मोबाइल का सीडीआर के माध्यम से अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में पुलिस जुटी है।

## आरपीएफ इंस्पेक्टर ने स्टेशन का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**बिहिया।** आरपीएफ, आरा के इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने मंगलवार की देर रात बिहिया रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन, सर्कुलेट एरिया व पार्किंग समेत यात्रियों को आने-जाने वाले रास्ते का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। तत्काल टिकट बनाने के संबंध में मिली शिकायत की भी जांच की।

## छापेमारी में 22 अभियुक्त गिरफ्तार, 65 हजार जुर्माना

**बक्सर।** अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के विभिन्न थानों के पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पुलिस को सफलता भी मिल रही है।पुलिस ने पिछले 24 घंटे में छापेमारी कर 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार आर्म्स एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 4, शराब के सेवन में 11, शराब बरामदगी में 6 अभियुक्त को जेल भेजा गया है। वहीं वाहन चेकिंग अभियान में 65 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।वहीं 20 वारंट, 134 आचरण प्रमाण पत्र का निष्पादन किया गया। बता दें कि एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों की पुलिस के द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे अपराधियों की नाक में नकेल कसने के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पुलिस को यह सफलता मिली है।

## जिप सदस्य के प्रतिनिधि बन वसूली, एफआईआर

**बक्सर।** ब्रह्मपुर के जिला परिषद सदस्या सहाना खातून ने अपने ही पति के खिलाफ अवैध वसूली करने और सरकारी योजनाओं के बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दिया था। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक जिला परिषद प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या ब्रह्मपुर 14 से सहाना खातून निर्वाचित सदस्या है। सहाना खातून के द्वारा लिखित रुप से आवेदन दिया गया कि उनके पति मो. मृतुजा अंसारी, ग्राम+पोस्ट-रघुनाथपु र, थाना-ब्रह्मपुर, जिला-बक्सर के द्वारा अपने आप को पार्षद प्रतिनिधि बता कर लोगों में भ्रम पैदा करते हुए विभिन्न तरीके से अवैध राशि की वसूली की जा रही है।

## छात्र छात्राओं को दी गई की योजनाओं जानकारी

**बक्सर।** बुधवार को चौगाई प्रखंड के नचाप पंचायत अंतर्गत उच्च विद्यालय नचाप में छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। उच्च विद्यालय नचाप में आयोजित एक दिन पूर्व शिविर के दौरान बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 3 आवेदन, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत 2 आवेदन, कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 31आवेदन प्राप्त हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु अहर्ताएं एवं शर्त पर भी चर्चा की गई।

## बक्सर में गोलीबारी की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**बक्सर।** जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र के नाट गांव में देर शाम गोलीबारी की घटना हुई। इस वारदात में किसी को चोट नहीं आई है, लेकिन घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और सदर एसडीपीओ ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना का कारण दुर्गा पूजा के दौरान हुआ विवाद माना जा रहा है। घटनास्थल से पुलिस को एक जिंदा कारतूस और दो खोखे मिले हैं। बताया जा रहा है कि नाट गाँव निवासी मनोज राय के दरवाजे पर उनके परिवार के सदस्य को निशाना बनाते हुए कुछ अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की। हालांकि, गोलियाँ मकान के पिलर से टकरा गईं, जिससे घर के लोगों को समय रहते छिपने का अवसर मिल गया और किसी को कोई चोट नहीं लगी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर अपराधी मौके से फरार हो गए। सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है और हमलावरों की पहचान की जा चुकी है। तीन-चार राउंड फायरिंग हुई है। पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में शांति बहाल हो सके।

## कार्यक्रम देख लौट रहे बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**बक्सर।** एनएच 922 पर चुरामनपुर के समीप मंगलवार की सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मृतक युवकों के गांव में मातम पसर गया। जानकारी के मुताबिक सम्हार गांव निवासी स्व राजेन्द्र यादव के पुत्र सुनील यादव (17) और मझवारी गांव निवासी राजेश यादव के पुत्र आकाश यादव (18) बुधवार की सुबह बाइक से बक्सर से अपने गांव जा रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों युवक मंगलवार की रात को बक्सर में आयोजित नृत्य और गायन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि आकाश यादव तीन भाई में मझला था। हाई स्कूल में पढ़ाई कर रहा था। एक बहन है। पिता प्रदेश पर प्राइवेट जॉब करते है।



## नहीं बंद हुआ साफाखना रोड नहर के किनारे कूड़ा का फेंकना, धुएं से लोग परेशान

**डुमरांव।** पूरा शहर छठ की तैयारी में लगा है। इधर नप क्षेत्र में कार्यरत सफाई एनजीओ के द्वारा शहर की सफाई के बाद कूड़ा को साफाखना रोड स्थित नहर के किनारे डंप किया जा रहा है। जबकी कूड़ा के डंपिंग पर रोक लगाया गया था। बुधवार को सुबह की सफाई के बाद शहर के घरों से निकलने वाला कूड़ा साफाखना रोड़ में फेंका गया। जिसकी बदबू से राहगीरों और वहा रहने वाले लोगों को दिक्कत होती है, लेकिन अब उन कूडों में आग लगने से उससे निकलने वाला जहरीला धुंआ लोगों के दम घुटाने के साथ आखों में जलन पैदा कर रहा है। हालांकि नप क्षेत्र में कूड़ा डंप करने के लिए प्रसाशन के द्वारा सोवा पंचायत के रेहिया में डंपिंग यार्ड का निर्माण भी करा दिया गया।



# कपड़ा गोदाम में आग, दूर से दिखीं लपटें, धुएं का गुबार

निज संवाददाता। आरा



♦ दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू, डेढ़ करोड़ का नुकसान; शॉर्ट सर्किट से हादसा

आरा में शुक्रवार की सुबह एक कपड़ा गोदाम में आग लग गई। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दूर से ही इसकी लपट और धुएं का गुबार दिखाई दिया। हादसा शहर के नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला स्थित गोदाम में हुआ। इस गोदाम में कई व्यापारियों और टेंट हाउस के कपड़े रखे गए थे। गोदाम में ठंड के कपड़े, शादी के कपड़े, शादी सीजन को देखते हुए लहंगा, बनारसी साड़ी समेत महंगे कपड़े और बच्चों का कपड़े थे। सब जलकर खाक हो गए। इस घटना में करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जल कर राख हो गई।

**फेस्टिवल और ठंड को देखते हुए नए कपड़े मंगाए गए थेः** आग लगने की सूचना लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल की करीब 6 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुटी। इस घटना को लेकर आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। टेंट हाउस के मालिक राजू कुमार ने बताया कि पर्व, ठंड को लेकर नए कपड़ों का स्टॉक आया था। जो जलकर राख हो गया।

**6 दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबूः** इधर, अग्निशमन पदाधिकारी सुभाष सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम यहां पहुंची और आग बुझाने में लग गई। बाद में 6 दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने के लिए थोड़ा समय लगेगा।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, 1 की मौत



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के चौसा-बक्सर मुख्य मार्ग स्थित गोपाल नगर चकिया के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिसमें 1 की मौत हो गई, दो घायल हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां एक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो को रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। तीनों छठ का सामान लाने गए थे, वापस लौटने को दौरान हादसा हो गया। मृतक बाहर रहकर पढ़ाई करता था, छठ में घर आया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**भागने के क्रम में ट्रक चालक ने कुचलाः** गोपाल नगर चकिया निवासी शिवजी चौधरी का बेटा आदर्श चौधरी (20) अपने दोस्त हर्षित कुमार (22) और कृष्णा कुमार (23) के साथ बक्सर शहर में छठ की खरीदारी करने गया था। शाम में वापस घर लौट रहा था। उनकी बाइक ब्रह्म चौराहा के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। भागने क्रम में आदर्श को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कृष्णा कुमार और हर्षित कुमार गंभीर रूप से घायल हैं।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

निज संवाददाता। आरा



● घर के लोग छठ करने गए थे घाट, गेट में करंट आने से हुआ हादसा

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव में करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना कमरे के गेट में करंट आने की वजह से हुआ। मृतक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही गांव निवासी स्व.एकबाल सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सुरेश यादव के रूप में की गई। मृतक के बेटे हरेंद्र यादव ने बताया कि उनके घर में छठ हो रहा था। इसे लेकर गुरुवार की शाम सभी लोग अर्घ्य देने के लिए छठ घाट पर गए हुए थे। लेकिन उनके पिता घर पर अकेले थे और सोफा पर बैठे थे। कमरे के गेट में बिजली का तार सट जाने कारण उसमें करंट आ रहा था। जब वह सोफे पर बैठे हुए थे। तभी उनका हाथ गेट में स्पर्श कर गया। इससे वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाहर खड़े लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घर पहुंचे और उन्हें आरा अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए।

# शिलापट लगाने पर छह लोगों की पिटाई, मंदिर के पास शिलापट लगाने के विरोध में पड़ोसियों ने की पिटाई

❐ जख्मी सदर अस्पताल में भर्ती

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पैठानपुर गांव में शिलापट लगाने के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी डंडे से छह लोगों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस मारपीट की घटना में सभी बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद आने लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और अनान–फानन में सभी को आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। घायलों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पैठानपुर गांव निवासी राजू नाम के 16 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार, सुदर्शाराम के 24 वर्षीय पुत्र बंधन कुमार, सुरेंद्र राम के 12 वर्षीय पुत्री प्रीती कुमारी, अनिल कुमार राम के 25 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार, सीताराम के 32 वर्ष से पुत्र कन्हैया कुमार, जगन्नाथ राम के 30 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार शामिल है।

**पुलिस कर रही है मामले की जांचः** जख्मी बंधन कुमार ने बताया कि उनके गांव की गली का दस दिन पहले जिला परिषद द्वारा निर्माण कराया गया था। रोड ढलाई के बाद काली मंदिर के पास शिलापट लगाया गया था। उसी के विरोध में पड़ोसियों द्वारा गाली दी जा रही थी। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो अपने परिवार और अन्य लोगों की मदद से लाठी डंडे और ईंट–पत्थर से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में सभी को काफी गंभीर चोट आई है। अन्य पड़ोसियों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया और सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, घटना एक बार पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला की लाश, घर के मालिक छठ पूजा करने गए थे घाट पर


निज संवाददाता। आरा



आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम वॉशरूम के दरवाजे के वेंटीलेटर ग्रिल से लटकी एक महिला की लाश मिली। महिला उसी घर में नौकरानी थी। घटना की सूचना पाकर नवादा थाना पुलिस फौरन घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल में भिजवाया। पुलिस हत्या और आत्महत्या, दोनों ही एंगल पर जांच कर रही है। मृतका झारखंड के लोहरदग्गा जिला के भान्द्रा थाना क्षेत्र के गजनी गांव निवासी कुलदीप उरांव की 45 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी है। वे अपने गांव से आकर यहां नौकरानी का काम करती थी। वहीं, दूसरी ओर पुलिस द्वारा एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। इसके बाद एफएसएल की टीम वहां पहुंची और साक्ष्य का संकलन किया। उसी घर में काम कर रही दूसरी नौकरानी शीला देवी ने बताया कि घर के सभी लोग छठ पूजा करने के लिए घाट पर गए थे। वह और सुनीता घर में थी। जब वह सब्जी काट रही थी। तभी सुनीता ने कहा कि मैं वॉशरूम जा रही हूं। इसके बाद वह वॉशरूम के दरवाजे के ऊपर लगे वेंटीलेटर ग्रील में साड़ी फंसा कर अपने गले में बांध खुदकुशी कर ली। काफी देर होने के बाद शीला ने सुनीता को वॉशरूम से बाहर निकलने के लिए दरवाजा भी खटखटाया पर अंदर से कोई आवाज नहीं आई। लेकिन उसके बाद उसने नहीं खोला। जब घर के लोग वापस आए और घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

# हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो के आधार पर 7 चिह्नित, एक गिरफ्तार


निज संवाददाता। बक्सर



नगर थाना क्षेत्र के बाइपास रोड स्थित एक पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग की घटना सामने आई है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद बक्सर पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। इस बाबत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को 00:20 बजे इंटरनेट मीडिया के जरिए पुलिस को एक वीडियो प्राप्त हुआ। वीडियो में कुछ लोग पार्टी के दौरान हथियार से फायरिंग करते हुए नजर आ रहे थे। इस पर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के निर्देश पर एक टीम गठित की गई, जिसने सूचना का सत्यापन किया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। गठित टीम द्वारा वीडियो के सत्यापन के दौरान कुल सात व्यक्तियों की उपस्थिति पाई गई। इनमें से एक व्यक्ति, बाबा नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति रायफल से फायरिंग कर रहा था, और गोली फंसने के बाद दूसरे व्यक्ति ने उसे बंदूक देकर दो फायर किए। इस कार्रवाई में शामिल टीम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरज कुमार, नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, नगर थाने के पुलिस उपअध्यक्ष संजय कुमार त्रिपाठी और नगर थाने का सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जल्द ही और भी कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# अननोन नबर से कॉल आए तो सतर्क रहें, साइबर थानाध्यक्ष ने कहा- सरकारी एजेंसी कभी ऑनलाइन पूछताछ नहीं करती

निज संवाददाता। बक्सर



❐ ठगी हो तो यहां करें शिकायत

बढ़ते साइबर अपराध को लेकर साइबर थानाध्यक्ष रजिया सुल्ताना ने लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा- देखा जाए तो पहले के जमाने में नोट लूट, डकैती, चोरी जैसे मामले आते थे। लेकिन आजकल साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। इसमें वो समाने नहीं आते और पैसों की ठगी कर लेते हैं। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि किसी भी अननोन नबर से कॉल आए तो ये मान के चलिए कि ये साइबर अपराधी का भी कॉल हो सकता है। इसलिए एकदम सतर्क रहें।

**डिजिटल अरेस्टिंग क्या हैः** रजिया सुल्ताना ने बताया कि आजकल साइबर अपराधियों ने अपराध का नया तरीका ढूढा है। इसे डिजिटल अरेस्टिंग कहा जाता है। इसमें आपको कॉल आएगी कि आपका मोबाइल फोन, आपका एकाउंट गैर कानूनी काम के लिए यूज हो रहा है। उधर से जो कॉल करने वाला इंसान होगा पुलिस बनकर बात करेगा। या फिर आपके बच्चे कहीं कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो आपको कॉल आएगी कि आपके लड़के ने किसी का रेप कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। या कॉल आएगा कि आपकी लड़की किसी ड्रग पैडलर के साथ पकड़ी गई है। या आपके लड़के लड़की ड्रग्स लेते हुए पकड़े गए हैं। उसके बाद तुरंत आपसे पैसों की डिमांड की जाएगी। कहा जाएगा कि आप तुरंत इस नंबर पर कॉल करिए या पैसे डालिए। नहीं तो आपके बच्चे को पुलिस जेल भेज देगी। करियर उसका खत्म हो जाएगा। आप सतर्क रहें। पूरे भारत में इस तरह का फोन कॉल पुलिस थाना से नहीं जाता है।

**ऑनलाइन खरीदारी करने में बरते सतर्कताः** रजिया सुल्ताना ने बताया कि सोशल मीडिया पर ऑनलाइन खरीदारी के समय बहुत सारे ऑफर मिलते हैं। ये ऑफर आपको फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब या अन्य सोशल मीडिया पर मिलते हैं। उनके दिए हुए लिंक्स पर क्लिक ना करें। आप उसके ऑफिशियल वेबसाइट या उसके एप पर जाए।

**साइबर घटना से संबंधित इस पर दर्ज कराएं शिकायतः** अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध से जुड़ी घटना होती है तो बिना बिलंब किए ऑनलाइन कंपलेन दर्ज करा सकते हैं। आप टॉल फ्री नंबर 1930 या ईमेल sho-cyberbxr-bih@gov.in वेवसाइट या http://cybercrime.gov.com पर आप कंपलेन दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद ऑन द स्पॉट कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# उपमुखिया के घर में घुसा 8 फीट लंबा मगरमच्छ वन विभाग की टीम ने चार घंटे में पकड़ा

## ● 10 वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर नवगछिया में शुक्रवार को 8 फीट लंबा मगरमच्छ एक शख्स घर में घुस आया। लोगों ने आनन-फानन में वन अधिकारियों को फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद पर्यावरण विशेषज्ञ ज्ञान चंद ज्ञानी एवं डॉल्फिन मित्र की मदद से वन अधिकारियों ने मगरमच्छ को पकड़ लिया। नवगछिया के पकड़ा गांव में सुबह-सुबह चीखें और हड़बड़ी का माहौल था। ऐसा दृश्य वहां के लोगों ने कभी नहीं देखा था। एक विशालकाय मगरमच्छ लगभग 8 फीट लंबा, उप मुखिया राजीव कुमार के घर के आंगन में आ गया था। राजीव कुमार के परिजन सुबह छठ पूजा के काम में व्यस्त थे। अचानक उनकी नजर आंगन में बैठे इस विशाल मगरमच्छ पर पड़ी और उन्होंने बिना देर किए घर छोड़कर बाहर भागने में ही भलाई समझी। साथ ही वन विभाग को तुरंत सूचित किया गया और टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम में शामिल पर्यावरण विशेषज्ञ ज्ञान चंद ज्ञानी, वन विभाग की टीम अमन कुमार, अरसद और अन्य सदस्यों ने मगरमच्छ को काबू करने का प्रयास किया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में 10 वनकर्मियों ने घंटों मशक्कत की। टीम को मगरमच्छ की अप्रत्याशित हरकतों का सामना करना पड़ा और उनकी जानकारियों एवं साहस की परीक्षा हुई। साहस और सतर्कता की मिसाल इस रेस्क्यू ऑपरेशन में वन विभाग की सतर्कता और साहस ने ग्रामीणों को राहत पहुंचाई। वनकर्मियों ने संयम और सावधानी बरतते हुए अंततः मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया। वन रक्षी अमन कुमार ने बताया कि ये दो से तीन दिन पहले जगतपुर पंचायत के कनकीटोला के धार अंतर्गत दिखाई दिया था। इसके बाद आज अहले सुबह नवगछिया प्रखंड के पकड़ा गांव में देखा गया। वहां के उप मुखिया द्वारा फोन किया गया था। ये सड़क को पार कर मुखिया के घर में निकला। उसके बाद 2 बजे रात में ज्ञान चन्द्र ज्ञानी ने कॉल किया। उसने बाद हम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर मगरमच्छ को रेस्क्यू किया गया।



# नगर परिषद के स्वच्छता शिविर में तोड़फोड़, भागलपुर में असामाजिक तत्वों ने वारदात को दिया अंजाम

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में छठ घाट पर लगाए गए स्वच्छता शिविर में तोड़फोड़ की गई है। वारदात को अंजाम असामाजिक तत्वों ने दिया है। उन्होंने टेंट में लगाए गए कुर्सी टेबल समेत कई सामानों को क्षति पहुंचाया है। स्वच्छता शिविर में लगाए गए कुर्सी को कई टुकड़ों में क्षतिग्रस्त किया गया। साथ ही शिविर को चारों तरफ से घेरे गए कपड़ों से भी फाड़ दिया गया है। जबकि टेबल को धक्का देकर तितर-बितर कर दिया गया है। इधर, घटना के बाद स्वच्छता शिविर के पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने आशंका जताया है कि यह सामाजिक तत्वों का काम है। मालूम हो कि शुक्रवार को अहले सुबह भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुल्तानगंज का अजगैबीनाथ धाम पहुंचे लोगों को जागरूक करने के लिए यह स्वच्छता शिविर लगाया गया था। लेकिन असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।



## ♦ शिविर में लगाए कुर्सी-टेबल तोड़े

**आधा दर्जन कुर्सियों को तोड़ा गया:** स्वच्छता शिविर में लगाए गए आधा दर्जन कुर्सियों को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र के स्वच्छता निरीक्षक दिलीप कुमार दुबे ने बताया कि रात के अंधेरे में असामाजिक तत्वों ने स्वच्छता शिविर में लगाए गए कुर्सी टेबल को तोड़ दिया है। बैनर पोस्टर को फाड़ दिया है। यह बड़ी दुखद बात है। उन्होंने आगे बताया कि आज तक ऐसी घटना नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा स्वच्छता शिविर लगाया गया था। हालांकि इस घटना में हजारों रुपए की क्षति हुई है।

# पति ने पिटाई की तो नाराज पत्नी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

निज संवाददाता। भागलपुर

घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। इससे नाराज पत्नी ने खुदकुशी कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। महिला ने साड़ी का फंदा बना कर बांस के सहारे आत्महत्या कर ली। जबतक परिजनों को इसकी भनक लगी, तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका एकचारी के अठनिया दियारा निवासी अमित महतो की पत्नी सुलेखा देवी (45) है। मंगलवार की शाम सात बजे के करीब महिला का शव फंदे से लटका मिला था। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर एकचारी थाना की टीम पहुंची। बुधवार को शव का पंचनामा करने के बाद एकचारी से भागलपुर भेज गया। मामले में परिजनों के बयान पर यूडी केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। ससुराल पक्ष की तरफ से घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतका के मायके मुंगेर से पहुंचे। मृतका सुलेखा देवी को दो बेटी है। मायके वालों ने मृतका सुलेखा देवी के पति अमित महतो पर पिटाई और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। सुलेखा देवी की भाभी पूनम देवी ने बताया कि अमित महतो नशे के चक्कर में पैसा बर्बाद करता है। मंगलवार की सुबह दोनों पति-पत्नी में विवाद हुआ था। क्योंकि अमित ने कुछ दिन पूर्व एक भैंस बेचा था। सुलेखा भैंस बिक्री का पैसा मांग रही थी। क्योंकि उसे यह आशंका थी कि अमित वह पैसा नशे की लत के कारण बर्बाद कर देता। विवाद के बाद अमित ने सुलेखा की पिटाई कर दी। उसके हाथ की चूड़ी भी फोड़ दी थी। तभी सुलेखा गुस्से में घर से दोनों बेटी को लेकर निकल गई थी। बाकी लोगों के समझाने पर वह वापस लौट गई थी, लेकिन लौटने के बाद उसने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली।

# रेलवे स्टेशन परिसर में 3 होल्डिंग एरिया तैयार, आज से जरूरत के हिसाब से खुले रहेंगे काउंटर

निज संवाददाता। भागलपुर

छठ पूजा के बाद ट्रेनों में होने वाली भीड़ के नियंत्रण को लेकर मालदा डिवीजन ने तैयारी पूरी कर ली है। भागलपुर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में तीन जगह पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। ट्रेनों के विलंब होने की स्थिति में यात्री यहीं ठहरेंगे। यात्रियों के बैठने के लिए अतिरिक्त कुर्सियों के इंतजाम किए जाएंगे। ट्रेन आने के तय समय से एक घंटे पहले यात्रियों को प्लेटफार्म पर प्रवेश की अनुमति मिलेगी। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर होल्डिंग एरिया में जगह-जगह सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। टिकट लेने में किसी भी तरह परेशानी न हो इसके लिए स्टेशन पर मौजूद सभी 12 टिकट काउंटर को जरूरत के हिसाब से खोला जाएगा। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि भीड़ नियंत्रण को लेकर स्टेशन परिसर से लेकर फुट ओवरब्रिज, सभी प्लेटफॉर्म समेत अन्य जगहों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी। छठ पूजा के बाद यात्रियों को ट्रेन से यात्रा करने में किसी भी तरह परेशानी न हो इस लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा कर्मियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। स्टेशन पर 12 टिकट काउंटर में ज्यादातर काउंटर खुले रहेंगे।




# BJP विधायक की कार से दिव्यांग को लगी टक्कर, विधायक की कार में बैठा भतीजा फरार

## ● जख्मी के कमर में लगी चोट, भर्ती

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में शुक्रवार को BJP विधायक इंजीनियर शैलेंद्र के भतीजे के ड्राइवर ने एक दिव्यांग को कार से टक्कर मार दी। घटना के वक्त कार में विधायक के भतीजा बैठे हुए थे। कार इंजीनियर शैलेंद्र की है। हादसे में दिव्यांग के कमर में चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। इधर, आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। विधायक के भतीजे मनाली की तरफ से अपने चार चक्का वाहन से तिलकामांझी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान दिव्यांग ट्राई साइकिल की मदद से आगे बढ़ा था। इसी क्रम में कार से पीछे से ठोकर लग गई। इससे कमर में अंदरुनी गंभीर चोट लगी है। इधर, घटना के बाद से विधायक के भतीजा गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घायल दिव्यांग की पहचान नवगछिया के अठनिया निवासी कैलाश मंडल के रूप में की गई है। शुक्रवार को वह भागलपुर के तिलकामांझी सब्जी मंडी में सड़क किनारे सब्जी बेच रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ।



# नगर आयुक्त से वार्ता के बाद स्थायी समिति के फैसले को माना गया

निज संवाददाता। भागलपुर

छठ पर्व पर स्थायी समिति के निर्णय को पलटने के मामले में बुधवार को सुलह हो गयी। नगर आयुक्त डॉ. प्रीति व मेयर डॉ. बसुंधरा लाल के बीच बातचीत के बाद इसका निदान निकल गया। दरअसल नगर आयुक्त को लगा था कि 2600 मजदूरों की जगह पर 3500 मजदूरों की जरुरत है तो उसके आदेश की कॉपी नहीं थी। इसलिए उन्होंने रोक दिया था। जब मेयर ने समिति का निर्णय उन्हें बताया, इसके बाद दोबारा मेयर व स्थायी समिति सदस्यों की ओर से आदेश की कॉपी जारी की गयी। जिसे नगर आयुक्त ने मान लिया और दिए गए भरोसे को टूटने से नगर सरकार ने बचा लिया। इसके साथ ही नगर सरकार व निगम प्रशासन के बीच बढ़ रहे तकरार पर विराम लग गया। मेयर ने बताया कि नगर आयुक्त की ओर से किसी तरह की दिक्कत नहीं था। सिर्फ कंफ्यूजन हो गया था कि किसी भी तरह के निर्णय की कॉपी होनी चाहिए। जब उन्हें संबंधित निर्णय की कॉपी दिखाई गयी तो उन्होंने अपनी ओर से भी सहमति दी। डिप्टी मेयर सलाहउद्दीन अहसन और स्थायी समिति सदस्य प्रीति शेखर ने कहा कि जो निर्णय हुआ था, उसे मानने के लिए समय से प्रोसिडिंग जारी होनी चाहिए थी। इधर स्थायी समिति सदस्य रंजीत कुमार ने आपत्ति लेकर कहा कि यही निर्णय होना था तो पहले की तरह मान्य रहने देना चाहिए। अंतिम समय में जब दो दिन समय बचा तो निगम प्रशासन ने रोक दिया और बाद में इसे लागू कर दिया। इससे समितियों को भी काम कराने में परेशानी होगी। वहीं बैठक में पार्षद निकेश कुमार, पंकज गुप्ता, प्रतिनिधि दीपक साह, शशि मोदी समेत अन्य मौजूद रहे।

## ❐ अब मजदूरों की नहीं की जाएगी कटौती



## संक्षिप्त समाचार

### गंगा स्नान कर लौट रही छठ व्रती को हाइवा ने मारी टक्कर, मौत

**भागलपुर।** सड़क हादसे में जख्मी एक महिला छठ व्रती की इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार की शाम को मायागंज अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका संजू देवी (40) बांका के रजौन स्थित संभा निवासी पप्पू यादव की पत्नी थी। घटना मंगलवार की दोपहर की है। बुधवार को परिजनों ने मामले में बरारी पुलिस कैंप में घटना के बारे में फर्द बयान दर्ज कराया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतका के पति पप्पू यादव ने बताया कि मेरी पत्नी मंगलवार को गंगा स्नान कर बाइक से घर लौट रही थी। बाइक मेरा भतीजा मनीष कुमार चला रहा था। जगदीशपुर के टेकानी मोड़ पर एक अज्ञात हाइवा चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण भतीजा का बाइक पर नियंत्रण खो दिया। पत्नी समेत भतीजा गिर कर जख्मी हो गया। पत्नी संजू देवी गंभीर रुप से जख्मी हो गई। जानकारी मिलने पर हम लोग मौके पर पहुंचे। पत्नी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद मायागंज रेफर कर दिया गया। जहां 15 मिनट की इलाज के बद पत्नी ने दम तोड़ दिया। बाइक में टक्कर मारने के बाद आरोपी हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। मेरी पत्नी छठ व्रत में कष्ट लेती थी। इस घटना से पूरे परिवार में गम का माहौल है।

### प्रतिमा विसर्जन के दौरान हंगामा करने वालों के खिलाफ कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज

**भागलपुर।** काली प्रतिमा विसर्जन के दौरान स्टेशन चौक पर समिति के सदस्यों के बीच झड़प हुई थी। दोनों गुट आपस में भीड़ गया था। मामले में मजिस्ट्रेट के बयान पर सात नामजद समेत 40 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि काली प्रतिमा विसर्जन के दौरान हंगामा में उपद्रव करने के मामले में अलग-अलग थानों में यह तीसरा केस दर्ज किया गया है। इससे पहले तिलकामांझी और जोगसर थाना में भी केस दर्ज किया गया है। कोतवाली में दर्ज मामले में मजिस्ट्रेट के बयान पर संतोष यादव, लालू मंडल, सावन यादव, विशेश्वर आर्या, ज्योतिष मंडल, राजा मंडल और रणवीर यादव समेत 30-40 अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। मजिस्ट्रेट ने दिए आवेदन में बताया है कि बीते शनिवार की रात को स्टेशन चौक पर हंगामा व उपद्रव किया गया था। आरोपियों के द्वारा दंगा फैलाने की नियत से यह कार्य किया गया। परबत्ती काली पूजा समिति के शोभायात्रा में शामिल कुछ लोगों ने जुलूस में शामिल लोगों को भड़काया। जिसके बाद कुछ उपद्रवी तत्वों ने मंच पर बैठे लोगों के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। रोकने पर पुलिस व प्रशासन के लोगों से उलझ गए। इस घटना में महासमिति के कुछ सदस्य समेत पुलिस पदाधिकारी तथा कर्मी जख्मी हो गए थे। पार्षद व युवक के बीच मारपीट के मामले में काउंटर केस दर्ज हुआ है। मारपीट की यह घटना बीते 31 अक्टूबर की शाम की है। दोनों पक्ष के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर तिलकामांझी पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। एक पक्ष की तरफ से न्यू शिवपुरी कॉलोनी निवासी मुक्ता चौधरी के बयान पर वार्ड-20 के पार्षद अभिषेक आनंद उर्फ सन्नी मिश्रा समेत चार नामजद और पांच अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष की तरफ से वार्ड पार्षद अभिषेक आनंद के बयान पर न्यू शिवपुर कॉलोनी शशि शेखर झा समेत तीन नामजद को आरोपी बनाया गया है। गाड़ी पार्क करने को लेकर दोनों पक्ष के विवाद के बाद मारपीट की घटना हुई थी।

### कट्टा और गोली के साथ अपराधी धराया

**जगदीशपुर।** बायपास थाना क्षेत्र के बड़ी खुटाहा गांव में मंगलवार की रात पुलिस ने एक व्यक्ति को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान इसी गांव के निवासी रमेश कुमार यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं। बायपास थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बड़ी खुटहा गांव में एक व्यक्ति किसी घटना को अंजाम देने की मंशा से हथियार के साथ घूम रहा है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### टीएमबीयू की वॉलीबॉल महिला टीम को वॉकओवर मिला

**भागलपुर।** कीट विवि भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गरई। टीएमबीयू की टीम का मैच पहले ही दिन था। प्रतिद्वंद्वी टीम की अनुपलब्धता के कारण टीएमबीयू की टीम को वॉकओवर मिला। टीएमबीयू के क्रीड़ा सचिव डॉ. संजय जायसवाल ने टीम मैनेजर से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी।

### युवकों ने की छठ घाट की सफाई

**गोराडीह।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में छठ पूजा को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को श्रद्धालुओं ने छठ घाट की साफ-सफाई की। वहीं गगटी गांव के युवाओं ने कतरिया नदी स्थित छठ घाट की सफाई के बाद वहां रोशनी की व्यवस्था की। साथ ही घट पर सजावट का काम किया। युवकों ने कहा कि घाट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

### छठ सामग्री खरीदारी को बाजार में लगी भीड़

**भागलपुर।** छठ पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर बुधवार को शहर के अलग-अलग जगहों पर सजी दुकानों में सामान खरीदारी को लेकर भीड़ लगी रही। अलग-अलग इलाके से आये लोगों ने सूप, नारियल, बड़ा नींबू, डालिया, सुथनी, केला, आंवला, अदरख गाछ, हल्दी गाछ, बद्धी, आरत पत्ता, पानी फल, सिंघाड़ा शकरकंद समेत कई प्रकार के पूजन सामग्री की खरीदारी की। बुधवार को बाजार में सूप 200 से 220 जोड़ा, डलिया 200 से 350 प्रति पीस, नारियल 80 से 100 रुपए जोड़ा, बड़ा नींबू 70 से 80 रुपए जोड़ा, अमरूद 100 रुपए किलो, पानी फल 120 रुपए किलो, सेब 120 रुपए किलो, अनार 200 रुपए किलो, संतरा 110 रुपए किलो, एक रुपए प्रति पीस पान-सुपारी, 10 रुपए प्रति पीस अदरख का पौधा, पांच रुपए पीस पसराठा, पांच रुपए बंडल अरता, बद्दी 15 से 20 रुपए दर्जन, आंवला दो रुपए पर पीस आदि सामानों की खूब खरीदारी की गई।

### युवक के हाथ से फोन झपट कर अपराधी भागा

**भागलपुर।** शहर में इन दिनों फिर से स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ गई है। चार दिनों के अंदर झपटमारी की यह तीसरी घटना है। बाइक सवार शातिर झपटमार एक युवक के हाथ से आईफोन 15 झपट कर फरार हो गया। झपटमारी की यह घटना बीते तीन नवंबर की है। मामले में पीड़ित बड़ी खंजरपुर निवासी नीलमणी ने जोगसर थाना में अज्ञात झपटमार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। नीलमणि ने पुलिस को बताया कि मैं बीते तीन नवंबर काली प्रतिमा विसर्जन देखने गया था। शाम आठ बजे के करीब खरमनचक से लाजपत पार्क की तरफ पैदल आ रहा था। इसी दौरान मैं फोन पर बात करते हुए आ रहा था। तभी पीछे से एक काले रंग की बाइक पर सवार झपटमार मेरे हाथ से आईफोन-15 प्रो मैक्स छीनते हुए लाजपत पार्क की तरफ भाग गया। छानबीन में मोबाइल का आखिरी लोकेशन विक्रमशिला कॉलोनी दिखाया है। जोगसर पुलिस मामले दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### एसएस बालिका इंटर स्कूल में ग्रामीणों ने बनाया कृत्रिम तालाब

**नाथनगर।** लोकआस्था का महापर्व छठ को लेकर पूरा इलाका छठ गीतों से गुंजयमान है तो दूसरी तरफ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिसको लेकर नाथनगर घोषी टोला स्थित एसएस बालिका इंटर स्कूल के प्रांगण में ग्रामीणों ने कृत्रिम तालाब का अस्थायी रूप से बनाया है। जिसको लेकर घोषी टोला के युवको ने खुद श्रमदान कर साफ सफाई से लेकर मिट्टी खुदाई कर सुगम छठ तलाब बनाया है। इस तलाब में घोषी टोला, पुरानी सराय, नूरपुर, करेला, दिग्घी, मिर्जापुर, राघोपुर टिककर, नाथनगर बाजार समेत कई इलाकों से छठव्रतियों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। स्थानीय युवक नमन यादव,मनीष यादव, विवेक कुमार यादव, रोहित यादव, सन्नी, छोटु, विक्की, रवि, सन्नी, विशाल, गोलू, मनीष ने सहयोग किया।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


### बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने हरिहरगंज के सीता हाई स्कूल के मैदान चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# डबल इंजन सरकार से झारखंड का विकास है संभव : सम्राट चौधरी

विशेष संवाददाता | हरिहरगंज



बिहार के डिप्टी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को हरिहरगंज के सीता हाई स्कूल मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए (नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस) सरकार की आवश्यकता को रेखांकित किया। सम्राट चौधरी ने कहा कि इस समय देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि केंद्र में एक स्थिर और मजबूत सरकार हो, और एनडीए को सत्ता में लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने इस सभा में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा, 'अगर हम हुसैनाबाद से कमलेश कुमार सिंह को विजयी बनाते हैं, तो न केवल यह झारखंड में भाजपा के लिए एक मजबूत स्थिति बनाएगा, बल्कि एनडीए की सरकार को भी मजबूती मिलेगी। यह राज्य की राजनीति में एक बड़ा बदलाव होगा, और झारखंड को एक नई दिशा में ले जाएगा।' सम्राट चौधरी ने आगे कहा, 'झारखंड का विकास तभी संभव है, जब यहां पर डबल इंजन की सरकार बनेगी। अगर केंद्र और राज्य दोनों में एनडीए की सरकार होगी तो राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा और विकास की रफ्तार तेज होगी। झारखंड के पास विशाल खनिज संसाधन हैं, लेकिन इनका उचित और पारदर्शी तरीके से दोहन करने की जरूरत है। यही काम एनडीए की सरकार के तहत बेहतर तरीके से किया जा सकता है।' इसके अलावा, सम्राट चौधरी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन न केवल विकास विरोधी है, बल्कि आरक्षण के मुद्दे पर भी उनका रुख स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा, 'विपक्ष के नेता हमेशा विकास और समृद्धि के खिलाफ खड़े रहते हैं। उनके पास कोई स्पष्ट नीति नहीं है, और न ही वे आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहे हैं।' सम्राट चौधरी ने सभा में मौजूद लोगों से आग्रह किया कि वे भाजपा के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह को जीत दिलवाकर राज्य और देश की राजनीति को एक नई दिशा दें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा हमेशा से ही गरीबों, कमजोर वर्गों और समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचे लोगों के लिए काम करती आई है। भाजपा का नेतृत्व केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश की जनता की भलाई के लिए काम कर रहा है। सभा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इनमें हरिहरगंज-हुसैनाबाद के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह, उड़ीसा के सांसद रविंद्र नारायण बहेरा, उत्तर प्रदेश विधायक लाल बहादुर चौधरी, भाजपा नेता अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, राजीव रंजन, सत्येंद्र मेहता, बल्लू बलराम, आजसू नेता दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, रामजी पासवान, मनीष सिंह, अखिलेश मेहता, धनंजय जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, मुखिया विनय सिंह, सनी गुप्ता, उदय सिंह, अजय सिंह, नीरज सिंह, जनेश्वर भुईयां, रामप्रवेश भुईयां, पप्पू सिंह, विकास वत्स, जितेंद्र मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, सत्येंद्र पासवान, पिंटू सिंह, टंटू मिश्रा, दिनेश गुप्ता, डॉ. प्रमोद कुमार, रामू यादव, विजय प्रजापति, कपेश्वर सिंह, अरविंद सिंह, संदीप पासवान, विनय पासवान, दिनेश गुप्ता आदि सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सम्राट चौधरी ने भाजपा की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया और कहा कि एनडीए की सरकार देश को और बेहतर बना सकती है। उन्होंने इस मौके पर हरिहरगंज क्षेत्र की जनता से भाजपा के उम्मीदवार को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। सभा में उमड़ी भारी भीड़ ने सम्राट चौधरी और भाजपा के प्रति अपनी आस्था और समर्थन का संकेत दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि इस बार हरिहरगंज में भाजपा की लहर तेज है और लोग बदलाव के लिए तैयार हैं।

## खरना का प्रसाद वितरण के दौरान जहरीले सांप ने किशोरी को डंसा, किशोरी की मौत

### इस अप्रत्याशित घटना से गहरे सदमे में हैं परिवार और गांव के लोग

निज संवाददाता | सरैयाहाट



सरैयाहाट थाना क्षेत्र के पथरिया गांव में छठ पर्व के उल्लासपूर्ण माहौल में एक दुखद घटना घटित हुई, जब खरना का प्रसाद वितरण के दौरान एक सत्रह वर्षीय किशोरी को जहरीले करैत सांप ने डंसा। इस दुखद घटना से पूरे गांव में सन्नाटा छा गया और छठ के पर्व का उत्सव मातम में बदल गया। घटना की जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात करीब आठ बजे पथरिया गांव में छठ पर्व के अंतर्गत खरना का प्रसाद वितरण चल रहा था। इस अवसर पर गांव की सत्रह वर्षीय किशोरी, पुतुल कुमारी (पिता स्व. पीतांबर सिंह), प्रसाद लेने के लिए वहां मौजूद थी। अचानक उसे एक जहरीले करैत सांप ने डंस लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गई। किशोरी के परिवारजनों ने शुरुआत में झाड़-फूंक करने के लिए उसे इधर-उधर ले जाने की कोशिश की, लेकिन सांप के विष का प्रभाव तेज होने के कारण उसकी हालत और बिगड़ गई। देर रात जब उसकी स्थिति गंभीर हो गई, तब परिजन उसे मर्सी हॉस्पिटल पोड़ैयाहाट ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि झाड़-फूंक के दौरान समय काफी बर्बाद हो गया, जिससे किशोरी की जान बचाने का मौका हाथ से निकल गया। यदि उसे समय पर अस्पताल ले जाया जाता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, और हर किसी की आंखों में आंसू हैं। गुरुवार को किशोरी का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया और अंतिम संस्कार किया गया। परिवार और गांव के लोग इस अप्रत्याशित घटना से गहरे सदमे में हैं। छठ पर्व का यह उल्लासपूर्ण दिन अब उनके लिए एक दुखद याद बन गया है। किशोरी की मृत्यु ने सभी को यह एहसास दिलाया कि जंगलों और ग्रामीण इलाकों में सांप के डंसे की घटनाएं अक्सर हो सकती हैं, और ऐसे मामलों में समय पर मेडिकल सहायता प्राप्त करना बेहद जरूरी है। वहीं, इस घटना से जुड़े कई सवाल भी उठ रहे हैं, जैसे कि क्यों झाड़-फूंक का सहारा लिया गया और क्या समय पर अस्पताल जाने से किशोरी की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी और को इस तरह के दर्दनाक अनुभव से गुजरना न पड़े।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना एवं दानापुर स्टेशन का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)



महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पटना एवं दानापुर स्टेषन का निरीक्षण कर छठ महापर्व को लेकर यात्री सुविधा/सुरक्षा के मद्देनजर की गयी तैयारियों का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने छठ पर्व में यात्रियों की सुविधा हेतु स्टेशनों पर बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने छठ पर्व पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा सहित सभी प्रकार की तैयारियों की समीक्षा की तथा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर आवश्यक सुविधाओं की निरंतरता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल द्वारा छठ पूजा बाद श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा हेतु बिहार एवं आस-पास से दूसरे राज्यों और शहरों को जाने वाले यात्रियों के लिए विषेष इंतजाम किए गए हैं।

इनमें स्पेशल ट्रेनों का परिचालन, स्टेशनों पर यात्रियों को बैठने के लिए सभी सुविधायुक्त होल्ंडिग एरिया का निर्माण, अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी की तैनाती सहित यात्री सुविधा एवं सुरक्षा से जुड़े और भी कई व्यवस्थाएं शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मुखिया प्रत्याशी ने छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया

हरिहरगंज (नि.सं.)। लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर पिपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया के भावी प्रत्याशी घनश्याम विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ पंचायत के विभिन्न गांव में घर-घर जाकर छठ व्रतियों के बीच फल व पूजन सामाग्री का वितरण किया। इस मौके पर घनश्याम विश्वकर्मा ने कहा कि छठ पूजा पर भेदभाव से ऊपर उठकर लोक आस्था का महान पर्व है। साथ ही बताया कि पंचायत क्षेत्र में पिछले कई सालों से वो लगातार समाजसेवा कर रहे हैं। हर साल छठ का मौके पर व्रतियों के बीच फल व अन्य पूजा सामग्री का वितरण करता रहा हूं। मौके पर अनिल मेहता, अनिमेष सिंह, राहुल विश्वकर्मा, अखिलेश मेहता, रंजन गुप्ता, उपेंद्र मेहता, प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।

## छठ व्रतियों के बीच पुलिस द्वारा फल और पूजा सामग्री का किया गया वितरण, सुरक्षा व्यवस्था की गई मजबूत

निज संवाददाता | हरिहरगंज



लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर हरिहरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने विशेष कदम उठाए। बुधवार की शाम थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर के पास एक स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों के बीच फल, पूजा सामग्री और आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। यह पहल छठ पूजा को सही तरीके से और पूरी श्रद्धा एवं शांति के साथ संपन्न कराने के लिए की गई थी। पुलिस विभाग का यह कदम छठ व्रतियों की सुविधा के लिए था ताकि उन्हें पूजा की सामग्री बिना किसी कठिनाई के मिल सके। स्थानीय व्रति एवं श्रद्धालु विशेष रूप से सूर्य देवता और छठी मइया की पूजा के लिए इस दिन नदियों, तालाबों या अन्य जलाशयों के किनारे जाते हैं और विशेष रूप से फल, दूध, मिट्टी के दीपक, प्रसाद, चीनी, मूली, घी, और अन्य पूजा सामग्री की आवश्यकता होती है। ऐसे में पुलिस विभाग ने यह सुनिश्चित किया कि व्रति आसानी से आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सकें, ताकि उनके पूजा में कोई विघ्न न आए। इसके अलावा, थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बटाने नदी छठ घाट और कटैया छठ घाट का दौरा किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए नदी और घाटों पर एकत्र होते हैं, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा होना आवश्यक है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने हर घाट पर सुरक्षा बढ़ाई है और घाटों के आस-पास भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने कहा, 'छठ पूजा पवित्रता और आस्था का पर्व है, और हम चाहते हैं कि यह पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्वक संपन्न हो। हमारी पूरी टीम व्रतियों की सेवा में तत्पर है और हम किसी भी तरह की असुविधा को रोकने के लिए तैयार हैं।' पुलिस निरीक्षक ने इस दौरान सभी छठ व्रतियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी पूजा को मंगलमय और फलदायी होने की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और विधिपूर्वक पूजा के लिए पुलिस हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। पुलिस के द्वारा यह कदम व्रतियों को विश्वास दिलाने और उनके मन में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए उठाया गया है। थाना प्रभारी के साथ इस कार्यक्रम में एसआई सतीष कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह, राकेश कुमार, शशि शेखर झा, वायरलेस ऑपरेटर अनुराधा कुमारी, सहायक पुलिस आरती कुमारी सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे। सभी पुलिसकर्मी पूरे छठ पूजा के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए, व्रतियों की सेवा और सुरक्षा के लिए सजग रहे। इस पहल के बाद स्थानीय समुदाय और व्रतियों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना था कि पुलिस द्वारा पूजा सामग्री वितरण और सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा ध्यान रखने से व्रति प्रसन्न हुए हैं और इस बार का छठ पूजा और भी शांतिपूर्ण और समर्पण के साथ संपन्न होने की उम्मीद जताई गई। हरिहरगंज पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि छठ पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा, पुलिस विभाग ने घाटों के किनारे विशेष जल सुरक्षा टीमों की तैनाती भी की, ताकि पानी में दुर्घटनाओं से बचा जा सके और व्रति सुरक्षित रूप से पूजा अर्चना कर सकें।

## छठ व्रतियों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज, थाना रोड स्थित सियरभूका गांव के पास समाजसेवी मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा द्वारा छठ व्रतिों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। यह आयोजन छठ पूजा के विशेष अवसर पर हुआ, जिसमें स्थानीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा कि छठ पूजा एक महान धार्मिक और सामाजिक पर्व है, जो भारतीय संस्कृति में आस्था और विश्वास की मजबूत नींव को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्रतियों के बीच फल और पूजन सामग्री का वितरण करना न केवल एक पुण्य कार्य है, बल्कि यह इस पर्व के महत्व को बढ़ाता है, जिससे लोगों को भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा भाव को व्यक्त करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में शिक्षाविद् और समाजसेवी सुरेश कुमार सिंह, बसंत मेहता, हरि मेहता, जितेंद्र मेहता, कामदेव शर्मा, हरी प्रसाद, राजू मेहता, महावीर मेहता, राजेश मेहता उर्फ मुखिया जी, रामाशीष मेहता, मो. असलम, दिलीप मेहता, डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, धनंजय मेहता, लखन भुईयां, मोहन भुईयां, अशोक मेहता, सरोज कुशवाहा, केदार मेहता, गया प्रसाद, मिथिलेश मेहता, भूषण मेहता, सौरव मेहता, अरविंद मेहता, सोनेलाल, रामसागर प्रसाद, मुकेश मेहता, प्रकाश मेहता, भोला गुप्ता और गोपाल प्रसाद सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित सभी लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर छठ पूजा की महत्ता को लेकर चर्चा करते हुए फल और पूजन सामग्री का वितरण करते रहे। इस तरह के आयोजनों के माध्यम से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलता है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। समाजसेवी सरोज प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि छठ पूजा न सिर्फ बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड के लोगों के लिए बल्कि पूरे भारतवर्ष के लिए एक आदर्श पर्व है, जो सबको समानता, श्रद्धा और मेहनत का मूल्य सिखाता है। इस विशेष अवसर पर समाज के हर वर्ग के लोग एकजुट होकर इस पर्व को बड़े श्रद्धा भाव से मनाते हैं, जो समाज के बीच भाईचारे और समरसता को बढ़ावा देने में मदद करता है। आस्था और श्रद्धा के इस पर्व पर, इस तरह के आयोजनों से स्थानीय समुदाय के बीच एकता और सहयोग का मजबूत संदेश जाता है। सभी व्रतिों ने अपने परिवार के साथ इस महान पर्व का आनंद लिया और समाज के लिए एकता और अखंडता का प्रतीक बनकर इस अवसर को खास बनाया।

## कांटी में मनाया गया एनटीपीसी का 50वा स्थापना दिवस



**कांटी (मुजफ्फरपुर) (नि.सं.)।** स्थित एनटीपीसी स्टेशन में एनटीपीसी का 50 वा स्थापना दिवस पूरे धूम धाम से मनाया गया। आज ही के दिन सन 1975 में सिंगरौली में एनटीपीसी के पहले परियोजना की नींव रखी गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत नए प्रशासनिक भवन में झंडातोलन करके किया गया। तत्पश्चात कर्मचारियों ने केक काट कर आपस में खुशियां साझा की। लोगो को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि यह स्वर्ण जयंती देश को उर्जा प्रदान करने में एनटीपीसी की पाँच दशकों की उत्कृष्टता और समर्पण का प्रतीक है। हम आज विश्व के प्रमुख ऊर्जा केंद्रों में से एक है और देश के विकास में हमारा एक अहम योगदान है। आज एनटीपीसी के उत्पादन क्षमता 76000 मेगावॉट से भी ज्यादा है और ये हमारे उत्कृष्टता का प्रमाण है। इस मौके पर एनटीपीसी के सीएमडी श्री गुरदीप सिंह ने एनटीपीसी के सारे स्टेशंस पे मौजूद समूचे कर्मचारीगण को वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया और एनटीपीसी के 50वे स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री मधु एस, परियोजना प्रमुख, तापस साहा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवम प्रचालन) महेशकुमार सुथार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एवं अन्य वरिष्ठ कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस स्वर्णिम अवसर पर कांटी की टीम ने एकजुटता, गर्व और भविष्य की नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ इस दिन का जश्न मनाया।

## 10 नवंबर को हरिहरगंज में होगी बसपा सुप्रीमो मायावती की चुनावी जनसभा

निज संवाददाता | हरिहरगंज

हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार और पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के पक्ष में 10 नवंबर को बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी बहन मायावती एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जनसभा हुसैनाबाद के कर्पूरी ठाकुर मैदान में आयोजित होगी, जो कि दोपहर 11 बजे से शुरू होगी। इस बाबत जानकारी देते हुए बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार को हरिहरगंज में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावी जनसभा की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है और पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक इसे सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जनसभा में बसपा सुप्रीमो मायावती अपनी पार्टी के कार्यक्रम और उम्मीदवारों के लिए मतदाताओं से समर्थन की अपील करेंगी। कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी जागरूक मतदाताओं, बुद्धिजीवियों, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और गणमान्य नागरिकों से इस महत्वपूर्ण चुनावी जनसभा में शामिल होने की अपील की है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके और भाजपा और अन्य दलों के खिलाफ एक मजबूत जनसमर्थन जुटाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह जनसभा बसपा के चुनावी अभियान की दिशा और समृद्धि का प्रतीक होगी, और इसमें बसपा की नीतियों और विचारों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही, मायावती जी का संबोधन इस क्षेत्र के विकास, सामाजिक न्याय और दलित-पीड़ित वर्गों के हित में पार्टी की प्रतिबद्धता को भी स्पष्ट करेगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए स्थानीय स्तर पर भी कार्यकर्ताओं की बैठकें चल रही हैं और प्रचार-प्रसार का काम भी तीव्र गति से किया जा रहा है। बसपा के नेताओं का मानना है कि इस जनसभा से पार्टी को भारी जनसमर्थन मिलेगा और आगामी चुनाव में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बसपा का जीत सुनिश्चित होगी। कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने इस जनसभा के आयोजन को चुनावी माहौल में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया है, और इसको ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी को इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

## अपने अधिकार के लिए पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा समर्थित प्रत्याशी का समर्थन करे ओबीसी : असीम

निज संवाददाता | दुमका



पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष असीम कुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में विगत बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में मोर्चा द्वारा जरमुंडी विधानसभा के आन्तरिक सर्वे कराने का निर्णय लिया गया था, के आलोक में प्राप्त सर्वे रिपोर्ट पर समीक्षा किया गया। समीक्षा में यह बात उभरकर सामने आया की जरमुंडी विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का प्रमुख चेहरा डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव सपा प्रत्याशी बनकर चुनाव लड़ रहे हैं। विगत वर्षों में डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का प्रधान महासचिव के रुप में पिछड़ा वर्ग के हित और संवैधानिक अधिकार के तहत हर क्षेत्र में पिछड़ों के समुचित अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं। दुमका जिला के लिए पिछड़ा वर्ग के आरक्षण शुन्य करने के विरोध में जातिगत जनगणना कराने, स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ों की समुचित भागीदारी दिलाने, पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए निःशुल्क छात्रावास, पंचायत को ईकाई मानकर आरक्षण निर्धारण करने जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक प्रखर आवाज बनकर उभरे है, जिससे जरमुंडी विधानसभा खेत्र की जनता की आशा है अगर डॉ अमरेन्द्र यहां से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचते हैं तो निश्चित रूप से पिछड़ा वर्ग के हित की रक्षा के लिए दुमका में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण शुन्य का विरोध कर पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुसंशा के आलोक में 36 प्रतिशत आरक्षण तथा जातिगत जनगणना के लिए आवाज उठाने का काम करेंगे। उपरोक्त स्थिति पर विचार विमर्श करने के वाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जरमुंडी विधानसभा से डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव के पक्ष में अपने सभी कार्यकर्ताओं और सदस्यों को गोलबंद करने तथा भारी मतों से विजयी बनाने का काम करेंगे। उक्त बैठक में संघर्ष मोर्चा के कोर कमेटी एवम् बुद्धिजीवी मोर्चा के सभी सदस्य उपस्थित थे। पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के केन्द्रीय कमेटी ने जरमुंडी विधानसभा के सभी ओबीसी परिवारों से मिल कर अपने समाज और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए खुलकर डॉ अमरेन्द्र कुमार के पक्ष में साईकिल छाप पर वोट करने का अपील किया है। बैठक में महासचिव रंजीत जयसवाल व दयामय माजी, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे, कोषाध्यक्ष अजित कुमार मांझी, जयकांत जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल डॉ संजय सिंह को समर्थन करेगी मानवाधिकार ह्यूमन राइट्स



निज संवाददाता | हरिहरगंज

,हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के हरिहरगंज चुनावी कार्यालय पहुंचकर शुक्रवार को समर्थको के साथ मानवाधिकार ह्यूमन राइट्स के वाइस प्रेसिडेंट ऑफ़ झारखंड सह बभंडी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतीष कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह समर्थन दिया है। भोला सिंह ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा मेरे खिलाफ अफवाह फैलाया गया जो झूठ है। कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज की जनता इस बार सत्ता बदलाव करने के लिए तैयार है। ऐसे में हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा के लोग निर्दलीय प्रत्याशी कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह को वोट देकर क्षेत्र के विकास में भागीदार बनने की अपील किया। उन्होंने कहा कि जनता चाहती है कि विधानसभा क्षेत्र के साथ पहले के प्रतिनिधियों ने अन्याय किया था। जो इस बार एक एकजुटता से वोट देकर सत्ता परिवर्तन करना चाहती है। मौके पर कार्यालय प्रभारी राकेश प्रजापति, शशि कुमार, कुंदन कुमार, रौनक सिंह, राम प्रताप सिंह, आशुतोष सिंह, मुकेश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, गोविंद कुमार, धीरज कुशवाहा सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### छोटे ने बड़े भाई पर फेंका तेजाब, पिता-पुत्र समेत तीन झुलसे

**पटना, एजेंसी।** जिले के तुर्की थानाक्षेत्र में जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर तेजाब फेंक दिया। इसमें 3 लोग झुलस गए। घटना में पिता-पुत्र बुरी तरह झुलस गए हैं। घायलों का इलाज शहर के एसकेएमसीएच में चल रहा है। पूरी घटना तुर्की थानाक्षेत्र के मधौल गांव का है। दरअसल, यहां के रहने वाले सुनील कुमार का अपने छोटे भाई अरुण कुमार और अम्मू कुमार से बीते 3 सालों से जमीनी विवाद चल रहा है। खरना की देर शाम ये दरवाजे पर ही घाट बना रहे थे। इसी दौरान अम्मू और अरुण ने इन पर तेजाब फेंक दिया। इसमें सुनील कुमार बुरी तरह झुलस गए।




इसके बाद दोनों भाइयों ने दोबारा तेजाब फेंका और सुनील के दो बेटों को जख्मी कर दिया। तीनों का इलाज जिले के एसकेएमसीएच में चल रहा है। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले को लेकर तुर्की थानाध्यक्ष कुमार प्रमोद ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि थानाक्षेत्र के मधौल गांव में दो भाइयों ने मिलकर पिता पुत्र पर तेजाब से हमला किया है, जिसमें तीन लोग झुलस गए हैं। फिलहाल तीनों घायलों का इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जिले में डेंगू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है. बीते सात दिनों में जिले में 15 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई. सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है. इसमें सबसे ज्यादा मरीज बाहर से आने वाले बताये गये हैं. सभी मरीज अलग-अलग क्षेत्रों के हैं। नए आंकड़ों के अनुसार, कुल मरीजों की संख्या 225 हो गई है। लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रचार प्रसार को तेज करने का निर्देश दिया है।

### बिहार में छोटे उद्योग को मिला सहारा, दाल, तेल और चावल मिल लगाने पर मिलेगा 80 फीसदी तक अनुदान

पटना, एजेंसी। बिहार के किसानों को अब 75 प्रकार के कृषि यंत्र अनुदान पर मिलेंगे. सामान्य वर्ग के लाभुकों को इन यंत्रों पर 40 फीसदी अनुदान दिया जायेगा, जबकि एससी-एसटी और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को अलग-अलग यंत्रों पर 50, 60 और 80 फीसदी तक अनुदान मिलेगा. मखाना पॉपिंग मशीन, मिनी दाल और ऑयल मिल, विद्युत चालित राइस मिल, चेन शॉ, विद्युत मोटर चालित फ्लोर मिल, हैंड क्रैंक्ड इंप्रूव्ड चक्की मशीन, इलेक्ट्रिक मोटर व पेस्टल, इंजन चालित दो प्रकार के टी प्लकर और ट्रैक्टर चालित मिनी राइस मिल भी किसानों में अनुदान पर बांटे जायेंगे. रोटरी



मल्चर, स्टॉ बेलर, ट्रैक्टर चालित छह, सात व आठ फीट का सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटरी स्लैशर, पैडी स्ट्रॉ चॉपर, जीरो टिलेज, रिपर, स्कवायर बेलर अनुदान पर दिये जायेंगे. हे रैक, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर, दो किस्म के ब्रस कटर, स्ट्रा रीपर, तीन प्रकार के रीपर कम बाइंडर किसानों के बीच वितरित किये जायेंगे. सब स्वायल, ट्रैक्टर चालित डिस्क प्लाऊ, डिस्क हैरो किसानों में बांटे जायेंगे. कल्टीवेटर, लेवेलर, लेजर लैंड लेवेलर, रीजर, पैडी ड्रम सीडर, मानव चालित राइस व्हीट सीडर, पोटेटो प्लांटर, रोटावेयर, दो प्रकार के पैडी ट्रांसप्लांटर, पावर टीलर, एमबी प्लाऊ, रेज्ड ब्लेड प्लांटर, मेजर थ्रेसर, पोटेटो डीगर, सिंचाई पाइप दिये जायेंगे.

# नीतीश कुमार ने बना लिया प्लान 4 सीटों पर होगा बड़ा खेल

**पटना, एजेंसी।** छठ समाप्त 2024) होते ही शनिवार से विधानसभा के चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार दो दिनों तक सभी चारों सीट पर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। जदयू के कार्यकारी राष्टीय अध्यक्ष संजय झा व जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी एक-एक दिन मुख्यमंत्री की चुनावी सभा में उनके साथ रहेंगे।

जदयू से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शनिवार यानी 9 नवंबर को मुख्यमंत्री रामगढ़ और तरारी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रामगढ़ विधानसभा में हो रहे उपचुनाव का महत्व इस मायने में है कि वह राजद की सीटिंग सीट है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद के पुत्र सुधाकर सिंह वहां से विधायक थे। उनके सांसद बन जाने के बाद यहां से उनके दूसरे पुत्र अजीत सिंह राजद की टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। एनडीए इसे परिवारवाद मानता है।

यहां से एनडीए प्रत्याशी के रूप में भाजपा के अशोक सिंह चुनाव लड़ रहे।



मुख्यमंत्री की चुनावी सभा यहां सुबह 11 बजे के करीब है। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मुख्यमंत्री की सभा में मौजूद रहेंगे।


रामगढ़ की चुनावी सभा के बाद मुख्यमंत्री की चुनावी सभा तरारी विधानसभा क्षेत्र में होनी है। यह भाकपा (माले) की सीटिंग सीट है। भाकपा (माले) विधायक सुदामा प्रसाद के सांसद बन जाने के बाद यहां उप चुनाव हो रहा। यहां से एनडीए ने भाजपा की टिकट पर विशाल प्रशांत को अपना उम्मीदवार बनाया है। वह पूर्व विधायक सुनील पांडेय के पुत्र हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 नवंबर को भी दो विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार करेंगे। उनकी पहली सभा इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में होगी। इस सीट से जीतनराम मांझी विधायक थे। उनके सांसद बनने के बाद यह सीट खाली हुई है। यहां हो रहे उप चुनाव में उनकी पुत्रवधू दीपा मांझी चुनाव लड़ रहीं। मुख्यमंत्री 11 बजे यहां चुनावी सभी को संबोधित करेंगे। इसके बाद 12 बजे मुख्यमंत्री की चुनावी सभा बेलागंज में है। लंबी अवधि से यह विधानसभा सीट राजद के कब्जे में रही है।

वहां के राजद विधायक सुरेंद्र यादव के सांसद बन जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। यहां से एनडीए प्रत्याशी के रूप में जदयू की मनोरमा देवी चुनाव लड़ रही। जदयू के वरिष्ठ नेता यहां लगातार चुनाव प्रचार कर रहे। मुख्यमंत्री की इमामगंज व बेलागंज में होने वाली चुनावी सभा में जदयू के कार्यकारी राष्टीय अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री की दोनों दिन की चुनावी सभी हेलीकॉप्टर से होगी।

# ई-रिक्शा कुएं में गिरने से दो बच्चों की मौत

### मुंडन के लिए जा रहा था परिवार

**पटना, एजेंसी।** छठ महापर्व के दिन बिहार के औरंगाबाद में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रिक्शे में सवार सभी लोग अपने गांव में संध्या अर्घ्य देने के बाद बच्चे का मुंडन कराने सूर्य नगरी देव जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, रास्ते में अंधेरा होने की वजह से ड्राइवर को साफ नहीं दिखा और फिर गाड़ी कुएं में जा गिरी। प्रशासन की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद ई-रिक्शा को कुएं से बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, हादसा देव के इगुनिया टांड़ में हुआ। वहीं ई-रिक्शा में सवार सभी लोग बरहेता गांव के निवासी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुएं की गहराई 15 फीट बताई जा रही है, जिसमें पानी भरा था। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। उसके बाद मौके पर आपदा प्रबंधन की टीम बुलाई गई। इसके बाद कुएं से घायलों का रेस्क्यू किया गया। मृतकों की पहचान सविता कुमारी और दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। वे गेरुआ थाना के पैदापुर गांव के रहने वाले थे। छठ पूजा मनाने वे अपने नानी घर औरंगाबाद के बरहेता गांव आए थे। हादसे में घालय अन्य लोगों का इलाज औरंगाबाद के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। दो लोगों की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हे रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर रोशनी की व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से अंधेरे में कुआं नहीं दिखता है और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। अगर सड़क पर लाइट होती तो कुआं नजर आता। बता दें, परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



# सर्दी की दस्तक के लिए करना पड़ेगा और इंतजार

**पटना, एजेंसी।** छठ महापर्व के आखिरी दिन बिहार में मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। वहीं प्रदेश का अधिकतम तापमान 29 से 32 डिग्री सेल्सियस के आस-पास दर्ज किया जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, लोगों को अभी ठंड की दस्तक के लिए थोड़ा और इंतजार करनै पड़ेगा। प्रदेश में अगले एक हफ्ते तक ठंड पड़ने की संभावना नहीं है। वहीं पटना में लगातार प्रदूषण में इजाफा हो रहा है। राजधानी का आईक्यू-200 पार पहुंच गया है।

रोहतास में आज 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध छाने और आमतौर से मौसम के शुष्क बने रहने का अनुमान है। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि मुख्य रूप से आसमान साफ बना रहेगा। सूर्योदय 06:05 बजे होगा और सूर्यास्त 17:09 बजे होगा। इसके अलावा न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस रहने और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

मधुबनी में 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध छाई रहेगी। इसके साथ ही मौसम शुष्क बने रह सकता है। वहीं दिन में आसमान साफ रहेगा। वहीं मधुबनी में सूर्योदय 05:58 बजे और सूर्यास्त16:59 होगा। वहीं जिले का न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

पूर्वी चंपारण में 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध छाए रहने के साथ ही मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं शुक्रवार को सूर्योदय 06:04 बजे और सूर्यास्त 17:03 बजे होगा।आज का न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री सेल्सियस के आस-पास दर्ज किया जाएगा।

8 नवंबर को सुबह के समय शेखपुरा में धुंध और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं आसमान साफ रहेगा। सूर्योदय का समय 05:58 बजे और सूर्यास्त का समय 17:01 रहेगा। न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 के बीच रहेगा।

गोपालगंज में 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय सुबह 06:06 बजे और सूर्यास्त 17:06 बजे होगा। गोपालगंज का न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

जमुई में भी 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं सूर्योदय 05:56 बजे और सूर्यास्त17:00 बजे होगा। न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

बक्सर में 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। मुख्य रूप से आसमान साफ रहेगा। सूर्योदय का समय 06:06 बजे और सूर्यास्त का समय 17:08 होगा। न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

8 नवंबर को शिवहर में सुबह के समय हल्के स्तर का कुहासा/धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 06:02 बजे और सूर्यास्त 17:01 होगा। न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का अनुमान है।

8 नवंबर को भोजपुर में सुबह के समय धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। मुख्य रूप से आसमान साफ रहेगा। सूर्योदय 06:04 बजे और सूर्यास्त 17:07 बजे होगा। न्यूनतम तापमान 20-22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

समस्तीपुर में 8 नवंबर को सुबह के समय धुंध एवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। मुख्य रूप से आसमान साफ रहेगा। सूर्योदय 05:58 बजे और सूर्यास्त 16:59 होगा। न्यूनतम तापमान 19-21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 29-31 दर्ज होने का अनुमान है।

वैशाली में 8 नवंबर को सुबह के समय हल्के स्तर का कुहासाएवं आमतौर से मौसम शुष्क बना रहेगा। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## रोहतास और बेगूसराय में में छठ के दौरान हादसा, डूबने से 6 लोगों की मौत

**पटना, एजेंसी।** छठ पर्व के दौरान बेगूसराय और रोहतास में हुए डूबने के विभिन्न हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि छह लोगों को डूबने से बचा लिया गया. बेगूसराय में छठ पूजा के तीसरे दिन डूबते सूर्य को पूजा के दौरान अलग-अलग जगह पर डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई है. रोहतास के तिलौथू थाना क्षेत्र में छठ पूजा महापर्व के दौरान नहाने के क्रम में 4 लोग सोन नदी में डूब गए. इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से एक का शव निकाल लिए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति को सुरक्षित बचा लिया गया है. अन्य 2 लोगों की तलाश स्थानीय गोताखोरों के जरिए की जा रही है. पहली घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के मलमल्ला तालाब की है, हालांकि डूबने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा काफी मशक्कत के बाद डूबे युवक को बरामद कर इलाज के लिए खोदावंदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. दूसरी घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के पर्रा खैय पुल के समीप की है. जहां कि स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से जीतन सहनी के पुत्र मिथुन कुमार (11) की मौत हो गई. स्थानीय लोगों के काफी प्रयास से शव बाहर निकाला गया. तीसरी घटना बछ्वाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत-दो में हुई है. वहां की संध्याकालीन अर्घ्य के दौरान एक बच्चा गहरे पानी में चले जाने से डूब गया. फिलहाल ग्रामीणों द्वारा उसकी तलाश की जा रही है. रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के पथरा निवासी पिंटू यादव-35 वर्ष, सुखाडी यादव- पिता-वीरेंद्र यादव, बबलु कुमार 12 वर्ष और विकास यादव- पिता- विजय यादव, सोन नदी में डूब गए. सबसे पहले विकास यादव को घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से निकाला गया और पीएचसी भेजा गया. विकास की स्थिति अब ठीक है और उसे बेहतर इलाज के लिए सासाराम के सदर हॉस्पिटल भेजा गया है.

# 7 दिन में मिले डेंगू के 15 नए मामले, आंकड़ा पहुंचा 225

**पटना, एजेंसी।** जिले में डेंगू का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है. बीते सात दिनों में जिले में 15 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई. सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतार लग रही है. इसमें सबसे ज्यादा मरीज बाहर से आने वाले बताये गये हैं. सभी मरीज अलग-अलग क्षेत्रों के हैं। नए आंकड़ों के अनुसार, कुल मरीजों की संख्या 225 हो गई है। लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रचार प्रसार को तेज करने का निर्देश दिया है। डेंगू के मरीजों में तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, सिर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसके अलावा आंखों मे दर्द, जी मिचलाना और उल्टी होना जैसे लक्षण भी दिखते हैं। गंभीर मामलों में नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना व स्किन पर चकत्ता उभरने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बता दें, डेंगू लोगों में एडीज प्रजाति की मादा मच्छरों के काटने से फैलता है। कभी-कभी टाइगर मच्छर यानी एडीज एल्बोपिक्टस के काटने से भी यह बीमारी फैलती है। जब एडीज प्रजाति का मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है और उसके बाद वह स्वस्थ व्यक्ति को काटता है, जिससे वह भी संक्रमित हो जाता है। बता दें, यह वायरस गर्भवती महिला से उसके शिशु में या रक्तदान के माध्यम से भी फैल सकता है। एडीज मच्छर जमे हुए पानी में पनपता है। ऐसे में घर के कूलर, पानी टंकी, चिड़ियो के लिए बर्तन में रखे गए पानी, फ्रिज के ट्रे और पौधों के गमलों में पानी को अधिक समय तक पानी न जमा होने दें। उसे हमेशा बदलते रहें।




## बिहार में मॉनसून की तरह ठंड भी निकली बेवफा

# मधुबनी में निकल रहा पसीना, पटना में उमस बरकरार

पटना, एजेंसी। बिहार में आम तौर पर दीपावली और छठ पूजा के बाद मौसम बदलने के साथ ही ठंड पड़ना शुरू हो जाती है. शुक्रवार सुबह उषा अर्घ्यके साथ छठ महापर्व का समापन हो गया. नवंबर माह का एक सप्ताह बीत चुका है. अभी तक लोगों को ठिठुरन का एहसास नहीं हुआ है. अभी तक बिहार में ठंड का अता पता ही नहीं है. इस वक्त तक बिहार में ठंडी हवाएं माहौल बना देती थीं, लेकिन हाल ये है कि छठ के दिन भी लोगों को हल्की उमस का सामना करना पड़ा.

पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शैलेंद्र कुमार पटेल के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा. तापमान भी सामान्य से ऊपर रहा. 8 नवंबर को भी सर्दी का अता पता नहीं है, जबकि अक्टूबर के आखिर से बिहार में ठंड शुरू हो जाती है. इसका मुख्य कारण है पश्चिमी विक्षोभ, अभी तक किसी



भी मजबूत पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर भारत के पर्वतीय इलाकों में दस्तक नहीं दिया है. ऐसे में मॉनसून की तरह ठंड भी बेवफा ही निकलेगी.'

बिहार में फिलहाल कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं. आगामी कुछ दिनों तक तापमान में बड़ी गिरावट आने की संभावना नहीं है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बिहार में इस सप्ताह कोई अलर्ट नहीं है. पटना, भागलपुर, पूर्णिया, गया, मुजफ्फरपुर समेत अन्य सभी जिलों में मौसम सामान्य शुष्क रहने के आसार हैं.

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राजधानी पटना में सुबह के समय हल्की धुंध छाई रहेगी. इसके बाद आसमान साफ रहेगा. शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री, जबकि न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं. दो दिन बाद तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है. अन्य जिलों में भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है. फिलहाल बिहार में किसी भी चक्रवाती गतिविधि या बारिश की संभावना नहीं है.


उत्तर बिहार के मुकाबले दक्षिण के जिलों में गर्मी कम है. दक्षिण बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्यिसय बना हुआ है, जबकि उत्तरी जिलों में पारा 32 से 34 डिग्री के आसपास है. बिहार में कल सर्वाधिक तापमान मधुबनी जिले में 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. पटना, मुजफ्फरपुर, आरा, बक्सर, औरंगाबाद, गया, बेगूसराय, दरभंगा, सुपौल, अररिया, पूर्णिया, भागलपुर समेत कई जिलों के दिन के तापमान मेंदो डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### 90 साल की बुजुर्ग महिला ने सूर्य को दिया अर्घ्य, तस्वीरों में देखें छठ पर्व की अद्भुत छटा



**रांची, एजेंसी।** पूरे झारखंड में महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। आम और खास लोगों ने पूरे भक्ति और श्रद्धा से गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। पलामू के कोयल नदी के तट पर एक 90 साल की बुजुर्ग महिला ने व्रत रखकर सूर्य को अर्घ्य दिया। पलामू में छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। नदी से लेकर आहर, तालाब, और घर में बने कृत्रिम तालाब तक में उमड़ा भक्ति का ज्वार। पलामू में छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। नदी से लेकर आहर, तालाब, और घर में बने कृत्रिम तालाबों में छठ की धूम दिखी। कोयल नदी के पम्पू कल और गिरिवर स्कूल से शिवाला रोड छठ घाट में सबसे अधिक भीड़ जुटी। पलामू में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से छठ के मौके पर अग्रसेन भवन छठ पर मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट लगाए गए।

अमानत नदी के तट पर पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन अपने पति अंजनी अंजन के साथ भगवान सूर्य को छठ का पहला अर्घ्य दिया। छठ पूजा के दौरान राजनीतिक रूप से एक दूसरे के कट्टर विरोधी डालटनगंज के पूर्व विधायक सह मंत्री तथा कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और सांसद बीडी राम जब आमने सामने हो गए तो एक दूसरे को छठ की बधाई दी और हाल चाल पूछा। सरायकेला – सूर्योपासना का महापर्व छठ पर गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। सरायकेला के खरकई नदी के जगन्नाथ घाट, कुदरसाही घाट, आदित्यपुर व गम्हरिया के विभिन्न छठ घाट में भी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया गया।

### मातम में बदली छठ की खुशी, कोयल नदी में डूबने से युवती की मौत, दो की बचाई गई जान



**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा में कोयल नदी में डूबने से गुरुवार को एक युवती की मौत हो गई है, जबकि दो अन्य को बचा लिया गया है। घटना जिले के थाना क्षेत्र के भीम बराज के 7 नंबर गेट के पास की है। युवती के शव को नदी से निकाल लिया गया है। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे ले लिया। इसके बाद पंचनामा करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। मृतका की पहचान जपला थाना क्षेत्र के दरुआ गांव निवासी कुणाल किशोर तिवारी के बेटी निहारिका कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने नदी में डूब रहे तीन में से दो लोगों को बचा लिया है। बताया जा रहा है कि जिन दो लोगों को बचाया गया है वो मृतका का भाई और उसके एक रिश्तेदार का बेटा है। गांव वालों ने बताया कि तीनों अपने नाना के गांव चेचरिया निवासी दुदुन उपाध्याय के घर छठ पूजा में मौके पर आये थे। बता दें, मृतका के पिता कुणाल किशोर तिवारी अपने बच्चों के साथ छठ पूजा की खरीदारी के लिए मोहम्मदगंज गए हुए थे। लौटने के दौरान चेचरिया पहुंचने के क्रम में सभी नहाने कोयल नदी में उतर गये। इसी दौरान सभी गहरे पानी में चले गये। जहां वे डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख कुणाल किशोर ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया। ग्रामीणों की मदद से दो लोगों को तो बचा लिया गया है, लेकिन निहारिका को नही बचाया जा सका। घटना के बाद पूरे गांव में छठ पूजा की खुशी मातम में बदल गई है। पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना पाकर समाजवादी पार्टी के नेता और विधायक प्रत्याशी अंजू सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दिया।

# एनडीए को जितायें, राज्य में गोगो दीदी योजना व बहाली प्रक्रिया शुरू होगी : चंपाई



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जुगसलाई विधानसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम सह भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने कहा कि एनडीए को इस बार सत्ता दिलायें, राज्य में गोगो दीदी योजना लागू होगी व बहाली प्रक्रिया फिर से शुरू होगी। श्री सोरेन बुधवार को बोड़ाम के हाटतोला मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के साढ़े चार साल की वर्तमान सरकार के कार्यकाल की तुलना में मेरा पांच महीना का कार्यकाल रहा। जिसमें तीन माह लोकसभा चुनाव में बीत गया। सिर्फ दो महीना में जो काम किया था वह एक मिसाल है। जनजातीय भाषा और बांग्ला, ओड़िया, नागपुरी व खोरठा भाषा में प्राइमरी स्तर से पढ़ाई का निर्णय लिया। शिक्षकों की बहाली का प्रयास किया तो सत्ता से बाहर कर दिया गया। दो महीना में शिक्षक व सिपाही की बहाली की प्रक्रिया शुरू करायी लेकिन उसे भी बंद करा दिया। मैं भाजपा में किसी को साथ लेकर नहीं आया, लेकिन आज लाखों लोगों का समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान कांग्रेस सरकार ने गोली चलवायी। गुवा गोलीकांड, केरूकोचा साबुआ हांसदा गोलीकांड, खरसावां गोलीकांड व अजीत धनंजय महतो गोलीकांड कांग्रेस सरकार में हुआ। उन्होंने कहा कि राजद कभी झारखंड के पक्ष में नहीं रहा।

**झारखंडी अस्मिता को बचाने का संकल्प लेकर आया हूं – सुदेश महतो :** आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि झारखंडी अस्मिता को बचाने का संकल्प लेकर आया हूं। आप रामचंद्र सहिस को जीत का आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि मुंडारी, हो और कुड़माली को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है। सुदेश महतो ने कहा कि पिछले चुनाव में वादा करने वाले हेमंत सोरेन इस बार कांग्रेस के पीछे जाकर छिप गये और गठबंधन के तहत सात वादा किया। क्योंकि उन्हें पता है कि पिछली बार का एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा और आजसू के विचार में जो अंतर आया उससे सिर्फ भाजपा और आजसू को नहीं बल्कि पूरे राज्य की जनता को नुकसान हुआ है। सुदेश ने आरोप लगाया कि चार माह से बुजुर्गों की पेंशन का पैसे बंद करके मुख्यमंत्री मंईयां में दिया जा रहा है।

जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने हेमंत सोरेन सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि युवाओं को नौकरी मिलने तक भत्ता देंगे, महिलाओं को चूल्हा खर्च देने का वादा करके ठग लिया। अब चुनाव सामने आया तो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से एक हजार देना शुरू किया, लेकिन बूढ़े बुजुर्गों का पेंशन बंद कर दिया।

एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस ने कहा कि झामुमो की सरकार और उसके नेता बड़े झूठे हैं। इस बार भी घोषणा पत्र में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने का वादा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झूठे वादे करने वाली सरकार और उसके नेता को जवाब देने की जरूरत है। चुनावी सभा को भाजपा नेता मुचीराम बाउरी, आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, सरस्वती सहिस, प्रदीप बेसरा, प्रदीप कुमार महतो, श्याम कृष्णा महतो, रामनाथ महतो, रामकृष्ण महतो, निर्मल सिंह, मृत्युंजय सिंह, आदित्य महतो ने भी संबोधित किया।

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष सभा के दौरान जेएलकेएम पार्टी के जिला उपाध्यक्ष उज्जवल महतो व त्रिलोचन भगत के नेतृत्व में कई लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने अंग वस्त पहनाकर सभी का स्वागत किया। सदस्यता लेने वालों में अजीत भगत, अहिला भगत, संगीता भगत, पार्वती भगत, गणेश भगत, वीरेन भगत, सुखदेव भगत, आनंद महतो, त्रिलोचन महतो, राकेश महतो, गीता रानी महतो, सरस्वती भगत, ठाकुर मणी महतो, शुकमणि महतो, ब्लू रानी महतो, पूजा महतो, हरेंद्र नाथ महतो, रेवा महतो, जीवा महतो आदि प्रमुख थे। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस के संतोष महतो ने भी सुदेश महतो के समक्ष पार्टी की सदस्यता ली।

## पलामू और सरायकेला में तेज रफ्तार का कहर, 4 की मौत, बिहार के गांव में मची चीख-पुकार

**पलामू, एजेंसी।** झारखंड में तेज रफ्तार ने 4 लोगों की जान ले ली। एक दुर्घटना पलामू जिले में हुई, तो दूसरी घटना जमशेदपुर से सटे सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया में। पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक बाइक असंतुलित होकर पुल से नहर में गिर गई, जिससे 2 युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गम्हरिया में 2 बाइक की टक्कर में 2 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग घायल हो गए।

सरायकेला जिले के कांड्रा-चौका मार्ग पर कांड्रा थाना अंतर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के पास शुक्रवार सुबह 2 बाइक की टक्कर हो गयी। इसमें नेंगटासाइ के रहने वाले बाइक सवार शंभु महतो की मौत हो गयी। दूसरे बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल उसे जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना में 4 लोग घायल हैं। सभी का इलाज चल रहा है।

पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला नबीनगर उत्तर कोयल नहर सड़क पर लौटानियां गांव के पास तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर पुल से नहर में गिर गई। बाइक पर सवार 2 युवक की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार की शाम करीब 7:30 बजे हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी।

सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के थाना प्रभारी संजय कुमार यादव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से तीनों युवकों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी रॉकी कुमार (18) और राहुल कुमार (20) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बिट्टू पासवान को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। ये सभी एक ही गांव के थे।

परिजनों को जैसे ही घटना की सूचना मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। मृतक के परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। परिवार के एक सदस्य ने बताया की घर में छठ पूजा करने के लिए सभी लोग घाट पर गए थे। घाट से तीनों देर शाम जपला क्यों जा रहे थे, इसकी किसी को कोई जानकारी नहीं है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव का माहौल गमगीन हो गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिमडेगा पुलिस पर बरसे, बोले- गोली चलाकर हमें डराया जा रहा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। सीएम सोरेन ने झारखंड में चुनाव के लिए अलग-अलग राज्यों से पुलिस बुलाने और सिमडेगा में पुलिस फोर्स द्वारा शहर में फायरिंग करने को लेकर निशाना साधा। साथ ही सीएम सोरेन ने ईडी और सीबीआई के एक्शन पर भी सवाल उठाए हैं।

सीएम सोरेन ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में चुनाव कराने के लिए अलग-अलग राज्यों से पुलिस बुलाई जा रही है। वहीं चुनाव आयोग द्वारा भेजी गई पुलिस फोर्स द्वारा देर रात अपने कैंप से निकलकर



शहर में गोलियां चलाने के मामले को लेकर भी सीएम सोरेन ने चुनाव आयोग को घेरा।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आधी रात को गोली चलाकर पुलिस दहशत फैलाना चाहती है, जिससे की हम आदिवासी वोट देने के लिए नहीं जा सकें। यही नहीं सीएम सोरेन ने झारखंड में सीबीआई और ईडी के एक्शन को लेकर भी उन पर निशाना साधा।

झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा होगा, उससे 2 पहले ही चुनाव आयोग द्वारा चुनाव का ऐलान कर दिया गया। साल 2019 में झारखंड में दिसंबर 2019 में चुनाव हुआ था, वहीं इस बार नवंबर महीने में ही चुनाव हो जाएंगे। इसे लेकर भी सीएम सोरेन ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में ऐसी क्या आपदा आ गयी थी कि झामुमो सरकार को 5 साल भी पूरे नहीं करने दिया गया, चुनाव आयोग द्वारा भाजपा जो बोलेगी, वही कठपुतली संस्थाओं द्वारा किया जाएगा क्या?

## अदृश्य शक्ति के अहसास के साथ चुनावी ड्यूटी के साथ कर्मिचारियों ने किया उपवास



**रांची, एजेंसी।** इसे छठ माता की कृपा ही कहेंगे कि चुनाव के लिए ड्यूटी के दौरान निर्धारित चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे कर्मचारी छठ व्रत भी कर रहे हैं। व्रत रखने वाले बताते हैं कि ऐसा महसूस होता हैं कि छठ पर व्रत करने की सोच आते ही उन्हें अदृश्य शक्ति का अहसास होता है। जिन सरकारी कर्मियों की चुनावी ड्यूटी लगी है वो लगातार चुनावी प्रशिक्षण कार्यक्रम में जा रहे हैं। जो छठ व्रत रख रहे हैं वो भी प्रशिक्षण कार्य में शामिल हो रहे हैं।

लोकतंत्र के इस पर्व में ये कर्मी भी आस्था की डुबकी लगा रहे हैं और दोनों पर्व को पूरे उत्साह के साथ मना रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियां निभा भी रहे हैं। इस बीच वे कर्मी भी हैं, जिन्हें चुनावी ड्यूटी नहीं लगाया गया है, लेकिन पर्दे के पीछे चुनावी कार्यों को अंजाम देने का काम कर रहे हैं।

इनकी जिम्मेदारियां भी काफी बड़ी है और ये जन सुविधाओं को दुरुस्त करने में दिन-रात लगे हैं। भले छठ पर्व मना रहे हैं लेकिन चुनाव व पर्व के बीच किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो इसे लेकर ये लगातार एक्टिव मोड पर हैं।

वहीं शिक्षा जगत से लेकर अन्य सरकारी संस्थाओं के कर्मी दोनों पर्व को मना रहे हैं। हालांकि, चुनावी कार्य में सबसे अधिक संख्या शिक्षकों की है, जो इसे निभा रहे हैं।

शिक्षिका अर्पणा कुमारी कहती हैं, छठ व्रत कर रही हूं और इसी बीच मैं चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण भी ले रही हूं। खरना के दिन सुबह ही चुनावी प्रशिक्षण के लिए गई थी और शाम में आकर खरना पूजा की। चुनावी ड्यूटी पहली बार लगी है और इसे पूरा करने को लेकर उत्साहित हूं, जबकि व्रत भी रखना जरूरी था।

लगातार कई वर्षों से छठ पूजा कर रही हूं। मैं अपनी मां को छठ व्रत करते देखा करती थी, जिसके बाद ही मुझे इस व्रत को करने की इच्छा हुई और इसे निभा रही हूं। फिलहाल दोनों चुनावी व छठ पर्व को मनाने में कोई परेशानी नहीं है। दोनों अच्छे तरीके से पूरा भी हो जाएगा। छठी मईयां के आशीर्वाद से कोई समस्या नहीं आएगी।

बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता छठ पूजा को लेकर शुरू से ही काफी उत्साह रहता है। इसकी तैयारी में पूरा परिवार जुटा रहता है। मैं पिछले 3 वर्षो से छठ पूजा कर रहा हूं। छठ पूजा से आस्था जुड़ी हुई है। पहले मां करती थी तब छठ पूरे घर में सादगी के साथ होता था, रांची ईस्ट डिविजन के प्रभार में हूं, बिजली से जुड़ी कोई परेशानी होने पर लोगों को फोन पर ही मदद कर रहा हूं।

फिलहाल जरूरी काम के लिए ही ऑफिस जा रहा हूं। अन्य कामों का निपटरा फोन पर करने का प्रयास रहता है। अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिया जा चुका है कि वह छठ पूजा को लेकर अलर्ट मोड पर रहें। साथ ही आम लोगों की समस्या को प्राथमिकता दे रहे हैं।

## वेश बदलकर हथियार खरीदने पहुंचे डीएसपी, 45 हजार में तय हुआ था सौदा

**रांची, एजेंसी।** कोतवाली थाना की पुलिस ने अवैध हथियार बेचने के आरोप में मो। राजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कोतवाली इलाके में हथियार बेचने का काम कर रहा है।

सूचना के आधार पर डीएसपी प्रकाश सोय ने राजन से संपर्क किया और सादे लिबास में उसके पास हथियार खरीदने पहुंच गए। डीएसपी प्रकाश सोय से राजन ने 45 हजार रुपये में हथियार देने की बात कही। सौदा तय हो गया। इसके बाद कोतवाली डीएसपी को जैसे हथियार मिला तो पुलिस ने राजन को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित के पास से पुलिस ने दो पिस्टल, तीन खाली मैग्जीन, दो गोली, एक मोबाइल और एक स्कूटर बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह डेविड, छोटू और मोजाहिद से हथियार लेता है। इसके बाद बेचता है। अन्य तीनों आरोपितों के द्वारा हथियार के बल पर लूटपाट किया जाता है।

पुलिस का कहना है कि विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया है। इस मामले में राजन का मोबाइल खंगाला गया तो प्रत्याशी का एसएमएस देखा गया। उसमें पैसे का जिक्र था। पुलिस प्रत्याशी के घर गई तो प्रत्याशी पुलिस को देखते ही भड़क गया, लेकिन पुलिस ने प्रत्याशी के सामने राजन को खड़ा कर दिया गया तो प्रत्याशी शांत हो गया।

पुलिस का कहना है कि प्रत्याशी के बारे में जांच की जा रही है। प्रत्याशी के खिलाफ सबूत मिला तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल प्रत्याशी पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। अन्य तीनों आरोपितों का जो नाम मिला है उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा संभावित जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

झारखंड में आगामी 13 और 20 नवबंर को दो चरणो में मतदान किया जाना है। वहीं 23 नवंबर को नतीजे जारी होंगे, जिससे पहले पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा है। इसके साथ ही अवैध हथियारों की सप्लाई करने वालों पर भी एक्शन लिया जा रहा है

## धनबाद-अलपुझा एक्सप्रेस समेत 3 ट्रेनों के रूट हो गए हैं डायवर्ट

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले रेल यात्री कृपया ध्यान दें। धनबाद-अलपुझा एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के समय बदल गए हैं। जिन ट्रेनों के समय बदले हैं, उनमें एक ट्रेन धनबाद जिले से चलती है, जबकि 2 ट्रेनें राजधानी रांची के हटिया से खुलती हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे रांची रेल मंडल के मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी (सीपीआरओ) ने यह जानकारी दी है। सीपीआरओ ने बताया है कि धनबाद-अलपुझा एक्सप्रेस, हटिया-एर्नाकुलम एक्सप्रेस और हटिया-सर एम विश्वेश्वरैया, बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग बदल गया है। सीपीआरओ ने बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे में चल रहे विकास कार्यों की वजह से ट्रैफिक ब्लॉक लिया जाना है। इसकी वजह से इन ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। कुछ दिनों के लिए ये ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के सीपीआरओ ने कहा है कि 13351 धनबाद-अलपुझा एक्सप्रेस ट्रेन 08 नवंबर 2024, 11 नवंबर 2024 और 12 नवंबर 2024 को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरु, विजयवाड़ा की बजाय निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा के रास्ते चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह ट्रेन ताडेपल्लीगुडेम और एलूरु स्टेशनों पर नहीं रुकेगी।

सीपीआरओ ने बताया कि 22837 हटिया-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 11 नवंबर 2024 को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरू, विजयवाड़ा की बजाय परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा के रास्ते चलेगी। मार्ग परिवर्तन की वजह से यह ट्रेन एलूरू स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

उपरोक्त दोनों ट्रेनों के अलावा 12835 हटिया-सर एम विश्वेश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन 12 नवंबर 2024 को अपने निर्धारित मार्ग निडदवोलु, एलूरू, विजयवाड़ा के रास्ते जाने की बजाय परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा के रास्ते चलेगी।

# कोयल नदी में नहाने गए तीन बच्चे डूबे, अब तक नहीं मिला शव

**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा के मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव में तीन बच्चों के कोयल नदी में डूबने की खबर है। बताया जा रहा है कि बच्चे कोयल नदी में नहाने गए थे। नहाने के दौरान बच्चे गहरे पानी में चले गए। इसके बाद से ही तीनों लापता हैं। वहीं, तीनों बच्चों को डूबता देख उनके साथ आया एक और बच्चा मदद के लिए भागा। उसने परिजनों और गांव वालों को बच्चों के डूबने की सूचना दी। आनन-फानन में परिजनों समेत गांव के लोग नदी के पास पहुंचे। लेकिन, तीनों बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। मौके पर गोताखोरों के नहीं आने के कारण देर शाम तक नदी से किसी पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद से पूरे गांव में दुख का माहौल है।

तीन बच्चों के नदी में डूबने की घटना से छठ की खुशी मातम में बदल गई है। देर शाम तक बच्चों के परिजन और गांव वाले नदी में बच्चों की तलाश करते रहे। वहीं खबर मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। पुलिस की ओर से भी बच्चों की तलाश की गई। लेकिन, तमाम कोशिशों के बाद भी नदी में बच्चों का कोई सुराग नहीं मिला। वहीं, घटना को लेकर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया की



गोताखोर को लाने के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन रात होने के चलते नदी में उतरने के लिए तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अब नदी में तीनों बच्चों की तलाश शुक्रवार को सुबह की जाएगी।

डूबने वाले में मोरवे गांव निवासी नसीम खलीफा की बेटी नाजिश प्रवीण ,अमर चंद्रवंशी का बेटा अमन चंद्रवंशी और संजय चंद्रवंशी के बेटे पीयूष चंद्रवंशी के नाम शामिल हैं। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों बच्चे एक साइकिल पर सवार होकर दोपहर करीब एक बजे निकले थे। बताया जा रहा है कि रास्ते में उन्हें एक और बच्चा मिला था। बाद में उसी ने परिजनों और गांववालों के बच्चों को डूबने की जानकारी दी।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## मंदिरों पर हो रहे हमले के पीछे ट्रूडो की राजनीति

अब खालिस्तान समर्थकों ने कनाडा के एक हिंदू मंदिर में उपद्रव कर अपनी शक्ति प्रदर्शित करने की कोशिश की है। रविवार को ब्रैम्प्टन शहर के एक हिंदू मंदिर पर हमला कर वहां उपस्थित भक्तों के साथ मारपीट की गई। स्वाभाविक ही इस घटना के बाद वहां रह रहे हिंदू समुदाय के लोगों में रोष है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त पुलिस वहां मौजूद थी, मगर उसने उपद्रवियों को रोकने की कोशिश नहीं की। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने घटना की निंदा की और इस बात पर बल दिया है कि कनाडा में रह रहे हर व्यक्ति को अपनी आस्था के अनुसार पूजा-पाठ करने का हक है। मगर इस घटना के बाद वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों के बीच ही जिस तरह के परस्पर संघर्ष का वातावरण बन गया है, उसके लिए जिम्मेदार किसे माना जाना चाहिए। आखिर खालिस्तान समर्थकों का हौसला इस कदर कैसे बढ़ गया कि उन्होंने दूसरों की आस्था पर भी चोट पहुंचानी शुरू कर दी है। छिपी बात नहीं है कि कनाडा सरकार खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण देती रही है। जबसे वहां चुनाव का माहौल बना है और ट्रूडो को लगने लगा है कि उन्हें शिकस्त मिल सकती है, तो उनकी घबराहट बढ़ गई है। सिख समुदाय के लोगों का समर्थन हासिल करने के मकसद से वे खुल कर उनका साथ देते देखे जा रहे हैं। हालांकि खालिस्तान समर्थकों का कनाडा में उपद्रव और प्रदर्शन कोई नई घटना नहीं है। वे लंबे समय से भारत-विरोधी गतिविधियां चलाते रहे हैं। कभी स्वर्ण मंदिर में हुए हमले की बरसी पर आपत्तिजनक प्रदर्शनी का आयोजन करके, कभी भारत-विरोधी प्रदर्शन करके, कभी भारतीय उच्चायोग के बाहर उपद्रव करके। उन सभी घटनाओं पर भारत सरकार ने आपत्ति जताई और गुहार लगाई कि कनाडा सरकार ऐसे उपद्रवी और अलगाववादी तत्वों पर नकेल कसे। मगर कनाडा सरकार ने उन अपीलों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। खालिस्तान समर्थकों का हौसला तब और बढ़ गया, जब खुद ट्रूडो ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजंसियों का हाथ बताया। इसे लेकर तनातनी लगातार बढ़ती गई है। ट्रूडो आरोप पर आरोप लगाते जा रहे हैं। उन्होंने कनाडा में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को भी शक के घेरे में खड़ा कर दिया। दोनों देशों ने अपने उच्चायुक्त सहित सभी अधिकारियों को वापस बुला लिया। उसके बाद उन्होंने भारत के गृहमंत्री पर भी आरोप मढ़ दिया। समझना मुश्किल नहीं है कि जब देश का शीर्ष नेतृत्व भारत से अपने संबंधों की परवाह किए बिना खुल्लमखुल्ला ऐसे आरोप लगा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट, 2004 से जुड़े एक मामले में मंगलवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल इस कानून की संवैधानिकता की पुष्टि करता है बल्कि यह भी बताता है कि शिक्षा और धर्मनिरपेक्षता जैसे मुद्दों को कितनी बारीकी और संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। दिलचस्प है कि मार्च 2022 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस कानून को मुख्य रूप से इस आधार पर असंवैधानिक करार दिया था कि यह धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है, जो कि संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। हाईकोर्ट का यह भी कहना था कि यह कानून त्रष्ट एक्ट 1956 के खिलाफ है, जो कि एक संघीय कानून है। सुप्रीम कोर्ट की नजर की बारीकी इस तथ्य में देखी जा सकती है कि उसके ताजा फैसले में इन दोनों तर्कों के औचित्य को मानते हुए उसे लागू करने के तरीकों से जुड़ी गलतियां स्पष्ट की गई हैं। सर्वोच्च अदालत त्रष्ट एक्ट से जुड़ी आपत्तियों को ध्यान में रखती है, लेकिन इतनी व्यवस्था करना पर्याप्त समझती है कि मदरसे हायर एजुकेशन से जुड़ी डिग्रियां नहीं दे सकते। जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि यह संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। ऐसे में इसके उल्लंघन के किसी भी मामले को अदालतें गंभीरता से लेंगी। दोनों ही अदालतों ने ऐसा किया। अंतर यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने किसी कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने के लिहाज से धर्मनिरपेक्षता के कथित उल्लंघन को पर्याप्त रूप से ठोस आधार नहीं माना। उसके मुताबिक यह भी देखना होगा कि वह कानून धर्मनिरपेक्षता से जुड़ी संविधान की किस धारा का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट को इस बात का अहसास था कि इस आदेश का प्रभाव न सिर्फ यूपी बल्कि पूरे देश के अल्पसंख्यक संस्थानों से जुड़े मामलों पर होगा। इसलिए उसने यह साफ करने में कोई कमी नहीं रखी कि अल्पसंख्यक समुदायों को अपने संस्थान चलाने का अधिकार है तो राज्य को भी उन संस्थानों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का अधिकार है।

## भारत के लिए वैश्विक स्तर पर बदल रहे हैं राजनैतिक एवं रणनीतिक समीकरण

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत की नीतियों के चलते भारत के विचारों को विश्व के समस्त देश अब गम्भीरता से लेने लगे हैं। भारत वैसे भी विश्व मित्र की भूमिका का निर्वहन करना चाहता है। भारत के आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बंध है। वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां, विशेष रूप से राजनैतिक, रणनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में, तेजी से बदल रही हैं। नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। जी-7, जी-20 एवं नाटो के सामने ब्रिक्स अपने पांव पसारता नजर आ रहा है। अमेरिका के साथ साथ यूरोपीयन देश अपनी चमक खो रहे हैं। इन देशों को विकसित देश तो कहा ही जाता रहा हैं, साथ ही, वैश्विक स्तर पर कई संगठनों को खड़ा करने में इन देशों की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है और इन संगठनों की मदद से इन देशों का दबदबा भी पूरे विश्व में कायम रहता आया है। यूनाइटेड नेशनस, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, नाटो, फाइव आइज, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, जी-7 एवं जी-20 जैसे अन्य कई संगठनों के माध्यम पूरे विश्व में ही लगभग प्रत्येक क्षेत्र को यह विकसित देश प्रभावित एवं नियंत्रित करते रहे हैं। परंतु, आज दक्षिणी अफ्रीकी उपमहाद्वीप के देशों, मध्य एशिया में अरब देशों एवं भारतीय उपमहाद्वीप स्थित देशों ने उक्त संगठनों में सुधार कार्यक्रम लागू करने के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। उक्त वर्णित लगभग समस्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना 1900-2000 शताब्दी में की गई थी। इतने लम्बे अंतराल के बाद भी विश्व के अन्य देशों को इन संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान नहीं की गई है। कुल मिलाकर, अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों का दबदबा इन संगठनों की स्थापना के बाद से ही लगातार कायम रहा है। भारत सदैव से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करता आया है। इन्हीं कारणों के चलते भारत के लगभग समस्त देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं तो उधर इजराईल-

*भारत में कुशल एवं युवा नागरिकों की पर्याप्त उपलब्धता है जिसका उपयोग विश्व के अन्य देश भी करना चाहते हैं। तीसरे, भारत आज विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत शक्तिशाली देश बन गया है, भारत ने बहुत अच्छे स्तर पर अपनी मिलिटरी क्षमता को विकसित किया है।*

हमास/लेबनान/ईरान युद्ध में ये समस्त देश भी युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं। दूसरी ओर, ग्लोबल साउथ सहित कई अफ्रीकी देश भी आज भारत का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक स्तर पर यह मांग बहुत जोर पकड़ती जा रही है कि भारत को यूनाइटेड नेशन्स की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्यता प्रदान की जाए। परंतु रूस, अमेरिका, फ्रांन्स एवं अन्य वीटो प्राप्त देशों द्वारा भारत का समर्थन किए जाने के बावजूद यह कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है क्योंकि चीन नहीं चाहता कि भारत सुरक्षा समिति का स्थाई सदस्य बने और वीटो प्राप्त करने का अधिकारी बने। उक्त संगठनों के इत्तर हाल ही में सम्पन्न हुई ब्रिक्स समूह देशों की बैठक में रूस, भारत एवं चीन की तिकड़ी बनती हुई दिखाई दे रही है। इस तिकड़ी द्वारा ब्रिक्स समूह की बैठक में लिए गए कुछ निर्णयों के चलते यदि भारत, रूस एवं चीन के बीच बदलते राजनीतिक एवं रणनीतिक सम्बंध इसी प्रकार आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर रणनीतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र पर भी पड़ेगा और आगे आने वाले दिनों में भारत के आर्थिक परिदृश्य में भी व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। आज विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिकी का भारत के साथ सबसे अधिक व्यापार होता है। दूसरे स्थान पर चीन है। विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से भारत द्वारा किए जाने वाले तेल के आयात में, रूस से तेल के आयात में बहुत अधिक वृद्धि दर्ज हुई है इससे रूस के साथ भी भारत का विदेशी व्यापार तेजी से आगे बढ़ा है। इसके पूर्व तक भारत का विदेशी व्यापार यूरोपीयन देशों एवं अमेरिका के साथ ही अधिक मात्रा में होता आया है, परंतु हाल ही समय में इसमें कुछ परिवर्तन होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि एक तो यूरोपीयन देशों की आर्थिक वृद्धि दर कम हो रही है और दूसरे भारत को अपने विदेशी व्यापार में वृद्धि करने हेतु अब नए बाजार की तलाश करना आवश्यक हो गया है। दक्षिणी अफ्रीकी देश, मध्य एशिया के अरब देश, भारतीय उपमहाद्वीप में स्थित देश एवं चीन आदि देशों के रूप में भारत के उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार खड़ा हो सकता है। इस प्रकार, चीन के साथ हुए हाल ही के समझौते से केवल दोनों देशों के बॉर्डर पर ही शांति स्थापित नहीं होगी बल्कि चीन सहित अन्य पड़ौसी देशों के साथ भी भारत के सम्बंध सुधर सकते हैं। अतः भारत, रूस एवं चीन की दोस्ती यदि इसी प्रकार मजबूत होना आगे भी जारी रहती है तो पश्चिमी देशों का दबदबा अब विश्व में कम हो सकता है। भारत की नीतियों के चलते भारत के विचारों को विश्व के समस्त देश अब गम्भीरता से लेने लगे हैं। भारत वैसे भी विश्व मित्र की भूमिका का निर्वहन करना चाहता है। भारत के आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बंध है। हां, कुछ देशों जैसे चीन के साथ कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाना शेष हैं परंतु भारत की संघर्ष जैसी स्थिति किसी भी देश के साथ नहीं है। कुछ देशों के साथ हमारी प्रतिस्पर्धा जरूर है परंतु शत्रुता नहीं है। अभी हाल ही में जून 2024 माह में भारत के प्रधानमंत्री ने इटली में जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लिया था, जुलाई 2024 माह में प्रधानमंत्री रूस में थे एवं रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ यूक्रेन युद्ध को हल करने एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा में व्यस्त रहे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री यूक्रेन में पहुंचे एवं यूक्रेन के रूस के साथ युद्ध को हल करने सम्बंधी प्रयासों को गति देने का प्रयास किया। सितम्बर 2024 में प्रधानमंत्री अमेरिका पहुंचें एवं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ मुलाकात की एवं क्वाड सम्मेलन में जापान, आस्ट्रेलिया, एवं अमेरिका सहित भाग लिया। भारत के प्रधानमंत्री अक्टोबर 2024 में पुनः रूस में ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। अक्टोबर माह में ही जर्मन के चांन्सलर भारत में पधारे। देखिए, विश्व के मई महत्वपूर्ण मंचों पर आज भारत अपनी उपस्थिति मजबूत तरीके से दर्ज कराता हुआ दिखाई दे रहा है। जी-7, क्वाड एवं ब्रिक्स सभी सम्मेलनों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्टतः दिखाई दे रही है। आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देश भारत के साथ अपने सम्बन्धों को प्रगाढ़ करना चाहते हैं क्योंकि भारत का आर्थिक विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तेज गति से हो रही इस आर्थिक प्रगति के कारण भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है और भारत पूरे विश्व में एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है तथा ये देश भारत में अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं।

## अमेरिका को कितना बदलेगा यह चुनाव

(नरेंद्र नाथ)

5 नंवबर को अमेरिका में वोटिंग हो गई। अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव इस बार कई मायनों में खास और ऐतिहासिक बनता जा रहा है। पिछले कई बरसों में यह इलेक्शन न सिर्फ अब तक का सबसे नजदीकी, बल्कि कई मामलों में निर्णायक दिशा देने वाला भी माना जा रहा। यह चुनाव बस राजनीतिक नहीं है, समाज का हर तबका और हर क्षेत्र शामिल है इसमें। यह अभी तक का सबसे पोलराइज्ड इलेक्शन है, जिसमें जनता के बीच कई स्तरों पर विभाजन की बड़ी लकीर खिंच चुकी है। सभी विश्लेषक इस बात से सहमत हैं कि अंतिम परिणाम चाहे जिसके पक्ष में आए, लेकिन इलेक्शन बाद चीजें पहले की तरह नहीं रह जाएंगी। डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच चार बरसों में होने वाले सियासी युद्ध ने दोनों के समर्थकों के मध्य भी ऐसी खाई खींच दी है, जिसे पाटने में कई बरस लग सकते हैं। सबसे बड़ी चिंता इसी बात को लेकर जताई जा रही है। अमेरिका में इस चुनाव को कल्चरल वॉर के रूप में भी देखा जा रहा है। दोनों पक्ष, पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन कैंडिडेट डॉनल्ड ट्रंप और उनके सामने खड़ीं उपराष्ट्रपति व डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस एक-दूसरे को देश की संस्कृति और विरासत के खिलाफ बता रहे हैं। ट्रंप अपनी हर रैली में कहते आए हैं कि कमला हैरिस और उनके समर्थक वोक संस्कृति से प्रभावित हैं। ट्रंप के मुताबिक, यह अमेरिकियों की विरासत और पारिवारिक मूल्यों के लिए ठीक नहीं है। वहीं, कमला हैरिस और उनकी पार्टी का कहना है कि ट्रंप अमेरिका की संस्कृति की रक्षा के नाम पर अपने देश को पीछे ले जा रहे हैं, वह लोगों की स्वतंत्रता पर पहरा लगाने वाले हैं। अमेरिका में मीडिया ने जब आम लोगों से बात की, तो साफ हुआ कि दोनों पक्षों की बातें जमीन पर असर दिखा रही हैं। कहीं न कहीं वोटर भी अपने नेताओं के तर्कों को स्वीकार करते दिख रहे हैं। दोनों पक्षों ने अपने-अपने मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने के लिए हर हथकंडा अपनाया है। राजनीतिक विश्लेषकों को भी याद नहीं कि इससे पहले अमेरिकी चुनाव में संस्कृति का मुद्दा कभी इस तरह से मुख्यधारा में शामिल रहा है या नहीं। यहां तक कि गर्भपात से जुड़े कानून का मसला भी संस्कृति की ओर मुड़ गया है। नैरेटिव के स्तर पर भी यह चुनाव बहुत अहम माना जा रहा। पहली बार ट्रंप सीधे तौर पर मुख्यधारा की मीडिया के साथ दो-दो हाथ करते नजर आ रहे हैं। वह अपनी हर रैली में मीडिया को समाज का दुश्मन बताते हैं। अपनी बात रखने के लिए वह पूरी तरह से सोशल मीडिया और ऑल्टरनेटिव मीडिया पर निर्भर हैं। एक्स (पहले ट्विटर) के मालिक इलॉन मस्क इस काम में ट्रंप की खुलकर मदद कर रहे हैं। अमेरिका में पहली बार राष्ट्रपति पद का कोई उम्मीदवार सीधे तौर पर मीडिया पर निशाना साध रहा है। वहीं, मीडिया ने भी ट्रंप के सामने झुकने से इनकार कर दिया है। कुल मिलाकर नैरेटिव की यह लड़ाई दिलचस्प बन पड़ी है और परिणाम से तय होगा कि आगे इसकी दिशा क्या रहने वाली है। कुछ बरसों से पूरी दुनिया में मेनस्ट्रीम और ऑल्टरनेटिव मीडिया को लेकर बहस चल रही है। अमेरिका का चुनाव इसमें अंतिम निर्णय की तरह सामने आ सकता है। यह चुनाव अमेरिका में प्रवासियों का भी भविष्य तय करेगा। पूरी दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी अमेरिका ही जाते हैं। ट्रंप के रूप में पहली बार राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार ने इतना सख्त स्टैंड लिया है। वह प्रवासियों को रोकने के लिए न सिर्फ सख्त कानून बनाने का वादा कर रहे, बल्कि जीतने पर उन लाखों लोगों को तुरंत देश से बाहर निकालने की बात भी कह रहे, जो गलत तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। बात भले अवैध प्रवासियों की हो रही है, लेकिन माहौल ऐसा रचा गया है, जिससे समाज में मूल निवासियों और प्रवासियों के बीच दरार पैदा हो गई है। ट्रंप जीते तो असर केवल अमेरिका नहीं, पूरी दुनिया में देखने को मिल सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक-5546

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 4 | | 6 | | |
| 9 | | | | | | | | 3 |
| 1 | | | | | 3 | | 4 | 5 |
| 5 | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | 4 | 8 | | 5 | 9 | | |
| | | 1 | | 6 | | | 5 | 2 |
| 6 | 9 | | 5 | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | 8 | | 9 | 6 | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5545

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 | 9 |

## वर्ग पहेली 5546

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| | ■ | 9 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | ■ | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | 22 | ■ |
| 23 | | ■ | 24 | | ■ | 25 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 जून 1940 का जलियावाला बाग हत्याकांड के समय पंजाब के गवर्नर रहे माइकल ओ डायर की हत्या की (5)
5. एक बार सांस लेने का समय, बल (2)
7. खिंचकर कड़ा होना, फैलना (3)
8. जब एक-दूसरे के मत परस्पर मिलते हो (4)
9. मंत्री, शतरंज की एक मोहर (3)
10. मान-मर्यादा, प्रतिज्ञा (2)
11. प्रकार, ढंग, उपाय, युक्ति (3)
12. क्रय-विक्रय की सामग्री, भोजन (2)
13. नित्य प्रतिदिन, गुलाब (अंग्रेजी)(2)
14. रस्म, प्रथा, रिवाज (2)
16. क्रोध या आवेश में आने का भाव (3)
18. एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उनकी निधियों के रक्षक कहे गए है (2)
20. पानी, जल, वारि, सलिल (2)
21. आंख के बीच का काला भाग जिसके मध्य प्रकाश की किरणें प्रवेश करती है (3)
23. नक्षत्र, सितारा (2)
24. पार्वती का एक नाम (2)
25. सिर्फ, केवल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्राणीशास्त्र के अनुसार तंतु समूह कोशिकाओं का बना अंग (3)
2. गणित में जोड़ का चिन्ह, संपत्ति, रूपैया-पैसा (2)
3. मनाने का काम (4)
4. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
5. बर्बरतापूर्वक दबाने वाला, अत्याचारी (5)
6. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
10. भारत की पहली सवाक (बोलती)फिल्म (5)
12. शिकस्त, पराजय (2)
15. दिनांक, तारीख (2)
17. किस समय, किस वक्त (2)
19. घायल, हानि पहुंचाया हुआ, जख्मी (2)
22. दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप में स्थित एक देश (2)

### वर्ग पहेली 5545 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पा | मी | र | ■ | गु | ज | रा | त |
| गु | ल | ब | द | न | ■ | ति | ल |
| र | ■ | ड़ | ■ | गु | ला | ब | ■ |
| ■ | सं | ■ | बे | ना | म | ■ | ■ |
| सा | के | त | ■ | ना | का | ■ | मु |
| म | त | ल | बी | ■ | फ | की | र |
| वे | ■ | घ | न | ■ | ■ | क | ली |
| द | रा | र | ■ | सा | ग | क | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन कुछ परेशानियों वाला हो सकता है और आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। कार्य की अधिकता के कारण आपको काफी थकान लग सकती है। खानपान पर विशेष नियंत्रण रखें। कला और साहित्य में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बुजुर्ग के सहयोग से आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। शाम से लेकर रात तक शुभ कार्य में खर्च होगा।

### वृष
करियर के मामले में दिन काफी उतार-चढ़ाव से भरा होगा। आपको कठिन परिश्रम से विशेष लाभ होगा। शाम के समय अतिथियों के आगमन से खर्च बढ़ेगा। आपको कहीं जरूरी काम से बाहर जाना पड़ सकता है। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको लाभ होगा। प्रयास करके सभी जरूरी कार्य पूरे कर लें। अच्छे परिणाम के लिए रुद्राभिषेक करें और पूजापाठ करें।

### मिथुन
आज लाभ होगा और आपके धन व पराक्रम में वृद्धि होगी। यदि आपका कोई मुकदमा चल रहा है तो उसमें फैसला आपके हित में आएगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के शीर्ष पर पहुंचेंगे। अचल संपत्ति के व्यापार से लाभ होगा। संतान की सफलता से आपको अच्छा समाचार प्राप्त होगा।

### तुला
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और मन काफी प्रसन्न रहेगा। कोई रुका कार्य बन जाने से आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा और आपको खुशी होगी। सभी क्षेत्रों में बुद्धि और कौशल का प्रयोग करेंगे तो सफलता मिलेगी। राजनीतिक क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से जो कन्फ्यूजन लोगों के मन में बना है वह दूर होगा।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको हर कार्य में मन के अनुकूल फल प्राप्त होने से खुशी होगी। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में प्रगति की बहुत संभावनाएं हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव आ सकता है। आपको उधार दिया पैसा वापस मिल सकता है और इससे आपको रुके कार्य फिर से आरंभ हो जाएंगे। शाम में कहीं दूर और पास की यात्रा के योग हैं।

### धनु
आज दिन तरक्की से भरा होगा। नौकरी, व्यवसाय व राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपका हर कार्य समय से पूरा होगा। प्रगति की स्थिति तेज रहेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बड़े बुजुर्ग कार्यक्षेत्र में हरेक प्रकार की मदद करेंगे। खर्च में कटौती करें नहीं तो आपको कष्ट हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आ रही बाधाएं अब दूर होंगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क
आज धन में वृद्धि होगी और आपका रुका कार्य पूर्ण होगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अच्छे अवसर मिलेंगे। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में परिश्रम, साहस की आवश्यकता है। शत्रु पक्ष कमजोर होगा। आपको आज थोड़ी समझ से काम लेने की जरूरत है। आपके कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा।

### सिंह
आज दिन शुभ है और आपको संतान पक्ष के लोगों से शुभ समाचार मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और भाग्य साथ देगा। नए-नए खर्चे निकलकर सामने आएंगे। कोई झूठा आरोप भी आप पर लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपके लिए कहीं अच्छी यात्रा के योग बन रहे हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय में लाभ होगा और आपको रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

### कन्या
आज करियर में लाभ होगा और आपके लिए भाग्य में वृद्धि के योग हैं। आपको सुव्यवस्था करने में दिन बीतेगा और कारोबार में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र में नए संपर्क बनेंगे। शिक्षा क्षेत्र में विशेष प्रगति होकर समाज में सम्मान मिलेगा।

### मकर
आज करियर में तरक्की होगी और भाग्य का साथ मिलने से आपके सभी कार्य समय से पूरे हो जाएंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में आपके लिए तनाव की स्थिति रहेगी। विद्यार्थियों को परिश्रम करने की आवश्यकता है। परिवार में संपत्ति को लेकर भी कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। शाम के समय व्यापार में कुछ लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन सही नहीं है और आपके लिए नुकसान की आशंका है। कहीं पर कोई भी निवेश करने से बचें। आप अपने प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। परिवार में भी आपके प्रति प्रेम और आदर बढ़ेगा। इच्छित कार्यों की सफलता में चल रहा व्यवधान समाप्त होगा और आपकी तरक्की होगी। रात के समय किसी मंगल कार्य में शामिल होने से आपका गौरव बढ़ेगा।

### मीन
आज दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा। लेन-देन के मामलों में सावधानी बरतें। व्यय की अधिकता के कारण आपको किसी से कर्ज भी लेना पड़ सकता है। पारिवारिक कार्यों में दौड़ धूप रहेगी। आप अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित करेंगे। शाम के समय कोई विशेष कार्य निपट जाने से उत्साह बढ़ेगा और आपकी तरक्की होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने कैंसर जागरूकता दिवस मनाया

**अहमदाबाद एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने बड़े गौरव के साथ 7 नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया, तथा इस अवसर को कैंसर की रोकथाम और शुरुआती चरण में पहचान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उपचार के कारगर विकल्पों को सुलभ बनाने की जरूरत के लिए समर्पित किया। राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस हम सभी को कैंसर के खिलाफ जारी बेहद महत्वपूर्ण संघर्ष की याद दिलाता है, और इस बार को भी सामने लाता है कि समुदायों पर इस बीमारी के प्रभाव को न्यूनतम करना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। साल 2024 का राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, कैंसर की शुरुआती चरण में पहचान एवं रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उपचार को सुलभ बनाने की थीम पर आधारित है। कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने लोगों एवं समुदायों को कैंसर से बचाव हेतु एहतियाती कदम उठाने के लिए जरूरी जानकारी तथा संसाधनों के साथ सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही, अस्पताल ने समय पर जाँच और बेहतर गुणवत्ता वाले उपचार को सुलभ बनाने की अहमियत पर भी बल दिया, ताकि मरीजों के लिए परिणामों को बेहतर बनाया जा सके और कैंसर से जुड़ी मृत्यु-दर को कम किया जा सके।सामान्य तौर पर भारत में स्तन, सर्वाइकल, तथा मुँह एवं फेफड़े के कैंसर से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। मौजूदा स्थिति से यह बात जाहिर होती है कि, कैंसर से निपटने के लिए ठोस प्रयासों की तात्कालिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए सभी पहलुओं को शामिल करते हुए रोकथाम के उपायों को अपनाने, लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने तथा बेहतर गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने की जरूरत है।

### काउंटडाउन शुरू हुआ... नेटफ्लिक्स की 'सिकंदर का मुकद्दर' हुए 29 नवंबर प्रसारित होगा

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकीःबिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है। तो तैयार हो जाईये, 29 नवंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर यह रोमांचक कहानी देखने के लिए।।

### एआई से बनाया टीचर का गंदा वीडियो, ब्लैकमेल से तंग आ करने जा रहा था सुसाइड

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में साइबर अपराधियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से एक टीचर का महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ठगी के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। सेक्सटॉर्शन के जाल में फंसकर खुदकुशी करने जा रहे टीचर को पुलिस ने बचा लिया। उसे काउंसिलिंग के बाद परिजन को सौंपा गया है। साइबर अपराध थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय गौतम ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र में तिलपता गोल चक्कर के पास दिल्ली निवासी एक शिक्षक अकेले रहते हैं। उसकी पत्नी और बेटी परिवार के साथ दिल्ली में रहती हैं। वह एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं। दो दिन पहले उन्होंने साइबर सेल की डीसीपी प्रीति यादव को फोन किया। पीड़ित ने आगे बताया कि वह सेक्सटॉर्शन का शिकार हो गए हैं और आत्महत्या करने की ठान चुके हैं। डीसीपी ने फौरन सूचना साइबर थाने पर दी। थाने से तीन पुलिसकर्मी शिक्षक के पास पहुंचे। शिक्षक ने उन्हें बताया कि कुछ दिन पहले उनके व्हाट्सऐप पर एक लिंक आया। उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो वीडियो कॉल शुरू हो गई। स्क्रीन पर एक युवती दिखाई देने लगी। कुछ सेकेंड बात होने के बाद फोन कट गया।

### फरीदाबाद के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला शख्स गिरफ्तार

**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद पुलिस ने यहां के एक निजी अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का कहना है कि उसने अपनी प्रेमिका को प्रभावित करने के लिए यह हरकत की थी। इस युवती से उसकी भी सगाई होने वाली है। एक अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी का नाम अंकित पासवान है, जो कि बिहार के पटना का रहने वाला है। पासवान ने पुलिस को बताया कि उसने अस्पताल को दो कारणों से धमकी भरा फोन किया था- पहला, वह अपनी प्रेमिका को प्रभावित करना चाहता था और दूसरा, वह युवती की मां की मौत से नाराज था। क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमन यादव ने बताया कि शहर के सेक्टर आठ स्थित एक निजी अस्पताल को धमकी मिली थी कि उसे बम से उड़ा दिया जाएगा।

# साइकिल प्योर अगरबत्ती ने अयोध्या में 121 फीट ऊंची अगरबत्ती जलाकर इतिहास रचा



**अयोध्या, एजेंसी।**
सायकल प्योर अगरबत्ती, भारत का प्रमुख घरेलू पूजा ब्रांड, रघुकुल फाउंडेशन के साथ मिलकर अयोध्या के भारतकुंड महोत्सव में एक अद्वितीय 121 फीट की अगरबत्ती के साथ भव्यता, दिव्यता और आकर्षक खुशबू का अनुभव प्रदान किया। सात दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी और कमांडो अधिकारी श्री आशुतोष तिवारी द्वारा अपनी तरह की सबसे बड़ी अगरबत्ती जलाकर किया गया। इस वर्ष की शुरुआत में, अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के दौरान, साइकिल प्योर ने मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा मनाने के लिए मैसूर में 111 फुट की अगरबत्ती बनाई थी, जिसे प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की मां सुश्री सरस्वती ने प्रज्वलित किया था। प्रकाश समारोह में सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाया गया, जिसका उद्देश्य महोत्सव को खुशी, एकता और पारिवारिक सद्भाव का संदेश देना था।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए अयोध्या के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट श्री अशोक कुमार सैनी ने कहा, ÷भरतकुंड महोत्सव के इस विशेष अवसर का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, यह एक ऐसा उत्सव है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिकता का सार दर्शाता है।÷ सायकल प्योर अगरबत्ती और रघुकुल फाउंडेशन द्वारा निर्मित 121 फीट की अगरबत्ती श्रद्धा और एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। ऐसे महत्वपूर्ण अभियानों का समर्थन करना एक विशेषाधिकार है, और यह संतोषजनक है कि हम अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित करने में योगदान दे रहे हैं और भारतकुंड महोत्सव की भावना को ऊंचा कर रहे हैं।

121 फीट की अगरबत्ती के प्रज्वलन पर टिप्पणी करते हुए, श्री अर्जुन रंगा, प्रबंध निदेशक, सायकल प्योर अगरबत्ती ने कहा, ÷हमारी आत्मा में आध्यात्मिकता है और हम कलाकार समुदाय को समर्थन देने और लोगों के जीवन में आशा लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह 121 फीट की अगरबत्ती उसी वादे को साकार करती है, अपनी मनमोहक खुशबू के माध्यम से खुशियाँ फैलाती है और शिल्प कौशल का जश्न मनाती है - प्रेरणा और समर्थन की हमारी साझा यात्रा के लिए एक श्रद्धांजलि।

सायकल प्योर अगरबत्ती की 121 फीट लंबी कृति को 18 कुशल व्यक्तियों की एक समर्पित टीम ने 23 दिनों में तैयार किया, जिसमें शुभ दशांग (शहद, कोनगरी गड्ढे, घी, चंदन पाउडर, गुग्गुल, अगरू, सम्ब्रानी, देवदारू, लोबान और सफेद सरसों) के साथ-साथ चारकोल, जिगट और गुड़ जैसे हाथ से चुने गए सामग्री का उपयोग किया गया। निर्माण प्रक्रिया में सायकल प्योर की विशेषज्ञ टीम द्वारा विकसित एक अनूठी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है ।

# महायुति से अलग सुर छेड़ रहे अजित, योगी के बटेंगे तो कटेंगे से बनाई दूरी



**मुंबई, एजेंसी।**
अजित पवार ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान से दूरी बना ली है। उन्होंने कहाकि कुछ बाहरी लोग इस तरह का बयान देते हैं। महाराष्ट्र के लोग सांप्रदायिक भावना बनाए रखने पर जोर देते हैं। भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र में महायुति उम्मीदवार के पक्ष में रैली कर रहे थे। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने अपने उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति एक बार फिर से खुले समर्थन का इजहार किया। पीएम मोदी द्वारा महायुति उम्मीदवारों के समर्थन में रैली किए जाने के सवाल पर अजित पवार ने कहाकि बारामती में उन्हें किसी अन्य के रैली की जरूरत नहीं है।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने बिना योगी आदित्यनाथ का नाम लिए कहाकि किसी को भी हमारे प्रदेश की तुलना किसी अन्य प्रदेश से नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहाकि महाराष्ट्र के लोगों ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव पर ध्यान दिया है। कुछ बाहरी लोग आते हैं और इस तरह के बयान देते हैं, लेकिन महाराष्ट्र ने कभी भी सांप्रदायिक भेदभाव को स्वीकार नहीं किया है। अजित पवार ने कहाकि हमारा प्रदेश छत्रपति शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर की आइडियोलॉजी को फॉलो करता है।

इस दौरान अजित पवार ने अपने पार्टी उम्मीदवार नवाब मलिक के प्रति भी समर्थन जताया। उन्होंने कहाकि वह नवाब मलिक के लिए प्रचार करेंगे। मलिक को ईडी ने मनी लॉड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं और मानखुर्द-शिवाजीनगर सीट से उम्मीदवार हैं। इसी सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दल के नेता ने भी पर्चा भरा है। दोनों ही महायुति गठबंधन से उम्मीदवार हैं, लेकिन भाजपा शिंदे के उम्मीदवार का समर्थन करेगी। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह नवाब मलिक के पक्ष में प्रचार नहीं करेगी। अजित पवार ने कहाकि कि नवाब मलिक पर लगाए गए आरोप साबित नहीं हुए हैं। केवल आरोपों के आधार पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार पर भी अजित पवार ने अपनी बात रखी। पीएम मोदी यहां पर महायुति गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में रैली करने वाले हैं। हालांकि अजित पवार का कहना है कि उन्हें बारामती में किसी के रैली की जरूरत नहीं है।

## शरद पवार के खिलाफ अपशब्द बर्दाश्त नहीं, अजित पवार की एनसीपी को सता रहा डर

**मुंबई, एजेंसी।**
एनसीपी प्रमुख शरद पवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद रायत क्रांति संगठन के नेता सदाभाऊ खोट ने माफी मांगी है। पवार के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद उनकी काफी आलोचना हो रही थी। उन्होंने कहा, अगर मेरे बयान से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं। खोट ने सांगली की एक रैली के दौरान कहा था कि क्या शरद पवार महाराष्ट्र की हालत अपने चेहरे की तरह करना चाहते हैं

बता दें कि सदाभाऊ खोट की पार्टी राज्य में महायुती का हिस्सा है। अजित पवार की एनसीपी ने भी उनकी आलोचना की थी। अजित पवार ने कहा, शरद पवार को लेकर की गई सदाभाऊ खोट की टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस तरह के घटिया बयानों का हम विरोध करते हैं और यह महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। मैं एनसीपी की तरफ से और खुद के तौर पर भी इस बयान की कड़ी निंदा करता हूं। भविष्य में पवार साहेब के खिलाफ इस तरह के निजी हमले हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

एनसीपी नेता इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि शरद पवार के खिलाफ की गई ऐसी टिप्पणी से कहीं उनको संवेदना ना मिल जाए और उसका फायदा चुनाव मे भी मिले। लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी ने उन्हें भटकती आत्मा कह दिया था। इसके बाद भी एनसीपी नेता लांडे ने कहा था, किसी 84 साल के नेता के खिलाफ इस तरह के बयान उचित नहीं हैं। जुलाई में गृह मंत्री अमित शाह ने शरद पवार को भ्रष्टाचारा का रिंगमास्टर बता दिया था। इसके बाद भी पूर्व विधायक लांडे ने आपत्ति जताई थी। लांडे अजित पवार के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने राज्य में बीजेपी चीफ चंद्रशेखर बावनकुले को पत्र लिखा था और कहा था कि पार्टी को इस तरह की बयानबाजी से दूर रहने की जरूरत है। पार्टी के सूत्रों का यह भी कहना है कि शरद पवार के खिलाफ ज्यादा बयानबाजी एनसीपी उम्मीदवारों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।



## बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने किए श्रीनाथजी के दर्शन

**जयपुर, एजेंसी।** बागेश्वर पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री और कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय के साथ अल सुबह भीलवाड़ा से सड़क मार्ग से यहां राजस्थान के नाथद्वारा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रभु श्रीनाथजी की मंगला आरती के दर्शन किए। मंदिर परंपरा अनुसार बैठकजी में अधिकारी सुधाकर शास्त्री, सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, सचिव लीलाधर पुरोहित ने उपरना रजाई ओढ़ाकर व श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि आज श्रीनाथजी के दर्शन कर ऐसा आंनद आया जैसे वृंदावन की कुंज गलियों में द्वापर युग मे हो और श्रीनाथजी से यही प्रार्थना की है कि जल्द से जल्द भारत हिन्दू राष्ट्र हो जाए। सभी धर्म विरोधी यहां से भाग जाएं। उन्होंने कहा कि धर्म से राजनीति चलती है, राजनीति से धर्म नही चालता है। धर्म का उपयोग वोट बैंक के लिए नही किया जाना चाहिए।

# वसुंधरा राजे को लेकर भाजपा के नेता दे रहे हैं बार-बार सफाई



**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान विधानसभा की 7 सीटों पर उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है, लेकिन उपचुनाव को लेकर सीएम भजनलाल शर्मा की घबराहट दिखाई दे रही है। जिन 7 सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें मात्र एक सीट सलूंबर में बीजेपी का कब्जा था। अन्य सीटों पर कांग्रेस और क्षेत्रिय दलों का कब्जा है, लेकिन इसके बावजूद सीएम भजनलाल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। सियासी जानकारों का कहना है कि 7 में से 5 सीटों पर चुनाव हारने की स्थिति में विरोधी खेमा मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग कर सकता है जो अभी तक चुपी साधे हुए है।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के लिए सबसे बड़ी परेशानी वसुंधरा राजे को लेकर है। दरअसल, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे उपचुनाव के मंच दूरी बनाए हुए है।यहीं बीजेपी नेता बार-बार वसुंधरा राजे की दूरी पर सफाई दे रहे है। पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सफाई दी। इसके बाद प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल ने हर मंच से सफाई दे रहे हैं। दोनों ही नेताओं का कहा है कि वसुंधरा राजे नाराज नहीं है। पार्टी की वरिष्ठ नेता है। पार्टी में उनकी भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मदन राठौड़ और राधा मोहन अग्रवाल की बार-बार सफाई से जाहिर होता है कि बीजेपी में अंदरूनी हालत ठीक नहीं है। इसलिए वसुंधरा राजे को लेकर बीजेपी के नेता बार-बार सफाई दे रहे है। हालांकि, खुद वसुंधरा राजे और उनके समर्थकों ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है। जानकारों का कहना है कि उपचुनाव के परिणाम से ही सीएम भजनलाल शर्मा का राजस्थान की राजनीति में सियासी कद तय होगा। जानकारों का कहना है कि सीएम विरोधी खेमा नहीं चाहता है कि वह मुख्यमंत्री बने रहे। लेकिन भजनलाल शर्मा पीएम मोदी की पहली पंसद है। ऐसे में विरोधी कैंप के नेता चुप्पी साधे हुए है।

## शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांडः तीन आरोपी पकड़े, पुलिस ने बाजार में निकाली परेड

**बूंदी एजेंसी।** राजस्थान के बूंदी जिले के शिक्षक मनीष मीणा हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि प्रकरण के मुख्य आरोपी नमाना थाना के बरखेड़ा निवासी गुरप्रीत उर्फ गोपी अब भी पुलिस के शिकंजे से दूर है। इस पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। वारदात के बाद पकड़े गए तीनों आरोपी भीमलत के जंगलों में फरारी काट रहे थे। वहीं पुलिस टीम की गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों को गुरुवार को घटना स्थल की तस्दीक कराई गई। न्यायालय ले जाते समय पुलिस ने खोजागेट से लंकागेट चौराहे व ढाबे तक आरोपियों को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच पैदल ले गई। जहां उनसे घटनाक्रम के बारे में पूछताछ की गई। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर सौंपा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के लंकागेट चौराहे पर सोमवार रात को कहासुनी में युवकों ने सींती निवासी शिक्षक मनीष मीणा की चाकू से घोंप कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान शिक्षक ने दम तोड़ दिया।

बुधवार रात को तीनों आरोपी सदर थाना क्षेत्र के रजत गृह कॉलोनी निवासी विशाल वर्मा (22), दबलाना थाना क्षेत्र के ग्राम सोरण हाल तिरुपति विहार राठौर छात्रावास के पीछे रहने वाला मोनू (26) व दबलाना थाना क्षेत्र मेहरो का मोहल्ला हाल कोतवाली थाना के मालनमासी बालाजी मंदिर के पीछे बंगाली का मकान में किरायेदार दीपक वर्मा (25) को गिरफ्तार कर लिया है।

# बैनर पर केवल फडणवीस, कांग्रेस बोली- अब एकनाथ शिंदे नहीं बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में जैसे-जैसे विधनासभा चुनाव करीब आ रहे हैं महायुती और महाविकास अघाड़ी में कटाक्ष भी तेज हो रहे हैं। इसके अलावा चुनाव के समय में गठबंधन के अंदर रार को सामने ना आने देने की भी एक चुनौती है। बीजेपी का कहना है कि गठबंधन की जीत के बाद अगली सरकार भी एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनेगी। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि बीजेपी एकनाथ शिंदे को साथ रखने के लिए केवल उन्हें प्रलोभन दे रही है। राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, बीजेपी अब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाने वाली है। बीजेपी ने पोस्टर में भी केवल देवेंद्र फडणवीस की बड़ी तस्वीर छपवाई है और एकनाथ शिंद की तस्वीर मुख्य रूप से नहीं है।

नागपुर में एक इंटरव्यू के दौरान पटोले ने कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ही बीजेपी का चेहरा हैं। बीजेपी अब कह रही है कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री होंगे। वे केवल यह कह रहे हैं कि हम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। बाद में क्या होगा इसका पता नहीं। अमित शाह ने भी कहा कि हमने उनको मौका दे दिया। बीजेपी के दिखाने के दांत और खाने के दांत अलग-अलग हैं। बीजेपी किसी चेहरे का ऐलान ही नहीं कर रही है।

बीजेपी के बैनरों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें तीनों पार्टी के निशान हैं लेकिन चेहरा केवल पीएम मोदी और देवेंद्र फडणवीस का है। बीजेपी के बैनर पर एकनाथ शिंदे कहीं नहीं हैं। न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक पटोले ने कहा कि इस बार देवेंद्र फडणवीस की भी नागपुर दक्षिण पश्चिम से जीत पक्की नहीं है। इस सीट पर बीजेपी नेता लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं।


पटोले ने कहा, उद्धव ठाकरे और शरद पवार का लक्ष्य साफ है। उन्हें बीजेपी को हराना है। इसके अलावा मुख्यमंत्री का फैसला हमारा शीर्ष नेतृत्व करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रभाव पूरे राज्य में है जबकि बाकी सहयोगियों के क्षेत्र निर्धारित हैं। इसलिए हम ज्यादा सीटों पर चुनाव भी लड़ रहे हैं।

# ऐसा कुछ नहीं है; हिमाचल के 'समोसा कांड' पर सीएम सुक्खू की सफाई

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल की राजनीति में इन दिनों समोसे को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल सीआईडी ने मुख्यमंत्री के लिए आए समोसे-केक को उनके स्टाफ को परोसे जाने को लेकर जांच शुरू की हुई है। जिसमें पांच पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी बीच दिल्ली में जब सीएम सुक्खू से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नहीं,नहीं ऐसा कुछ नहीं है। सीआईडी उन अधिकारियों की दुर्व्यवहार के मामले में जांच कर रही है। लेकिन आप (मीडिया) समोसे को लेकर न्यूज चला रहे हो।

समोसा विवाद पर भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि सरकार को लोगों की समस्याओं का समाधान करने पर ध्यान देना चाहिए लेकिन वह एक छोटे से मामले को लेकर गंभीर है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, हिमाचल प्रदेश के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं और राज्य सरकार को उन्हें सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, इसके बजाय उनका ध्यान केवल तुच्छ मामलों पर ही केंद्रित है। हाल ही में समोसे से जुड़ी एक घटना हुई, जिसके बाद सीआईडी जांच हुई। अगर सरकार ऐसे मामूली मुद्दे को लेकर इतनी गंभीर है, तो इससे पता चलता है कि उनकी प्राथमिकताएं वास्तव में कहां हैं।

वहीं भाजपा नेता कंवर प्यार सिंह ने कहा, प्रदेश में जहां लापरवाही है, जहां कमी है, जहां अधिकारी लापरवाह रहे हैं - वहां जांच होनी चाहिए - जो सुविधाएं जनता को नहीं मिल रही हैं, उसकी। लेकिन, जांच इस बात की हो रही है कि मुख्यमंत्री को समोसे नहीं मिले। सीएम सुक्खू के लिये लाए गए समोसे और केक उनके बजाय चूक वश उनके सुरक्षा कर्मियों को परोस दिए गये, जिससे विवाद



खड़ा हो गया और सीआईडी जांच की आवश्यकता पड़ी, जिसमें इसे सरकार विरोधी बताया गया। सीआईडी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने 21 अक्टूबर की घटना पर अपने नोट में कहा कि, जब मुख्यमंत्री सीआईडी मुख्यालय के दौरे पर थे, तो जिम्मेदार लोगों ने अपने एजेंडे के अनुसार काम किया।

पूरी घटना पर विवाद उस समय शुरू हुआ जब अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में 21 अक्टूबर को एक समारोह में भाग लेने गए मुख्यमंत्री को परोसने के लिए लक्कड़ बाजार स्थित होटल रेडिसन ब्ल्यू से समोसे और केक के तीन डिब्बे लाए गए थे। हालांकि, पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट के अनुसार, खाने की चीजें समन्वय की कमी के कारण मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मचारियों को परोसी गई थीं। समोसे की कहानी शुरू होती है 21 अक्टूबर से जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू साइबर विंग स्टेशन का उद्घाटन करने के लिए सीआईडी मुख्यालय गए थे। तब एक इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) रैंक के अधिकारी जिन्हें नहीं पता था कि सीएम ऑयली और स्पाइसी चीजें खा सकते हैं, उन्होंने एक सब-इंस्पेक्टर को होटल रेडिसन ब्लू से सुक्खू के लिए समोसे और केक के तीन डिब्बे लाने का निर्देश दिया। खाने-पीने की चीजें सीआईडी मुख्यालय में लाए जाने के बाद, इन्हें सीएम के सुरक्षा कर्मचारियों को परोस दिया गया।

इस दौरान सीआईडी मुख्यालय में मौजूद लोगों की सूची काफी लंबी है। पुलिस के आला अधिकारियों में डीजीपी, सीआईडी, एसआर ओझा, आईजी संतोष पटियाल, डीआईजी (क्राइम) डीके चौधरी और डीआईजी (साइबर क्राइम) मोहित चावला समेत अन्य लोग शामिल थे, जबकि सुक्खू के साथ स्थानीय विधायक हरीश जनारथा और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद थे। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, अपनी जांच रिपोर्ट में डीएसपी विक्रम चौहान ने लिखा है कि आईजी द्वारा सब-इंस्पेक्टर को खाने की चीजें लाने को कहा गया था उन्होंने अपने बजाय एक सहायक सब-इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल को इसे लाने का निर्देश दिया।

# घुटनों पर आया पाकिस्तान...
# चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने नहीं जाएगी टीम इंडिया !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान में अगले साल होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. भारत सरकार ने पाकिस्तान दौरे पर जाने के लिए अब तक अपनी भारतीय टीम को मंजूरी नहीं दी है.

इस खबर के बाद से अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी) और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ( आईसीसी) का सिरदर्द बढ़ जाएगा. इन सभी बातों को देखते हुए अब पाकिस्तानी बोर्ड ने हार मान ली है और चैम्पियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तहत कराने पर राजी हो गया है. जिसमें कहा गया कि भारत अपने सभी मैच यूईए में खेलेगा.



## भारत के मैच दुबई या शारजाह में हो सकते हैं

पाकिस्तान दौरे पर सबसे बड़ा सवाल सिक्योरिटी को लेकर है. यही वजह भी है कि भारत सरकार रिस्क नहीं लेना चाहती है. पीसीबी सूत्र ने कहा है कि यदि भारत सरकार अपनी टीम को परमिशन नहीं देती है तो वो हाइब्रिड मॉडल के तहत खेलने के लिए तैयार हैं. ऐसे में या तो दुबई या फिर शारजाह में मुकाबले हो सकते हैं. सूत्र ने कहा, पीसीबी चाहता है कि बीसीसीआई लिखित में दे कि उन्हें अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए अपनी सरकार से अनुमति मिली है या नहीं.हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया की ओर से यह भी खबर सामने आई है कि 11 नवंबर को चैम्पियंस ट्रॉफी का फुल शेड्यूल जारी किया जा सकता है.

## 8 टीमों के बीच फाइनल समेत होंगे 15 मुकाबले

चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में खेली जाएगी. रिपोर्ट्स की मानें तो इसका आगाज 19 फरवरी को होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 9 मार्च को खेला जा सकता है. आईसीसी का एक प्रतिनिधि मंडल 10 से 12 नवंबर तक लाहौर पहुंचेगा और हर एक तैयारियों का जायजा लेगा. इसी दौरान 11 नवंबर को चैम्पियंस ट्रॉफी का शेड्यूल घोषित किया जा सकता है.

शेड्यूल के मुताबिक, ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान, न्यूजीलैंड के साथ बांग्लादेश टीम रहेगी. जबकि ग्रुप-बी में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान को रखा गया है. टूर्नामेंट 19 फरवरी से 9 मार्च तक होगा. चैम्पियंस ट्रॉफी में 8 टीमों के बीच फाइनल समेत कुल 15 मुकाबले होंगे. यह सभी मैच तीन वेन्यू लाहौर, कराची और रावलपिंडी में कराए जाएंगे.

**कोरिया मास्टर्स:**

# किरण जॉर्ज जापान के ताकुमा ओबयाशी पर जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे



**इक्सान सिटी (दक्षिण कोरिया) एजेंसी।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जॉर्ज ने कोरिया मास्टर्स में अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखा और जापान के ताकुमा ओबायाशी को हराकर पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शुक्रवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने ओबायाशी को सीधे सेटों में 21-14, 21-16 से मात्र 39 मिनट में हराया। ओबायाशी के खिलाफ अपने चौथे मुकाबले में भी जॉर्ज ने अजेय रिकॉर्ड बनाए रखा।

पहले गेम में 24 वर्षीय किरण ने 5-1 की बढ़त ली और मिड-गेम ब्रेक तक इसे सात अंकों तक पहुंचा दिया। उन्होंने 21-14 से पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में वर्ल्ड नंबर 44 जॉर्ज ने जोरदार खेल दिखाया।

जापानी खिलाड़ी के शुरुआती संघर्ष के बावजूद किरण ने 11-8 की बढ़त बना ली और उसे बनाए रखते हुए 21-16 से मैच जीत लिया। अब जॉर्ज, जो बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, शनिवार को सेमीफाइनल में नंबर एक सीड थाईलैंड के कुनलावुत विटिड्सर्न का सामना करेंगे। इससे पहले, किरण जॉर्ज ने चीनी ताइपे के तीसरे सीड ची यू जेन को 21-17, 19-21, 21-17 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था।



## पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हरा खत्म किया 28 साल का सूखा, बाबर ने छक्के से जिताया मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 3 मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मैच में शुक्रवार (8 नवंबर) हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। तीसरा वनडे 9 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। पाकिस्तान की टीम एडिलेड में 1996 के बाद पहली बार वनडे मैच जीती। 28 साल बाद वह इस स्टेडियम में मैच जीती। पाकिस्तान की जीत के हीरो हारिस रऊफ रहे। उन्होंने 5 विकेट लिए। सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक ने अर्धशतक जड़ा।एडिलेड ओवल स्टेडियम में खेले मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने 35 ओवर में 10 विकेट पर 163 रन बनाए। मैथ्यू शॉर्ट 19, जेक फ्रेजर-मैकगर्क 13, स्टीव स्मिथ 35, जोश इंग्लिस 18, मार्नस लाबुशेन 6, आरोन हार्डी 14, ग्लेन मैक्सवेल 16, पैट कमिंस 13, मिचेल स्टार्क 1 और एडम जम्पा 18 रन बनाकर आउट हुए। जोश हेजलवुड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। हारिस रऊफ ने 5 विकेट लिए।

164 के टारगेट के जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में 1 विकेट पर 169 रन बनाए। बाबर आजम ने छक्के से मैच खत्म किया। वह 15 रन बनाकर नाबाद रहे। प अब्दुल्लाह शफीक 64 रन बनाकर नाबाद रहे। सैम अयूब 82 रन बनाकर आउट हुए। एडम जंपा को विकेट मिला 164 के टारगेट के जवाब में पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में 1 विकेट पर 169 रन बनाए।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में दर्ज की सबसे बड़ी जीत, रऊफ के कहर के बाद अयूब और शफीक ने ठोके पचासे

शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन ने 1-1 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग 11 में जोश हेजलवुड को सीन एबॉट की जगह मौका मिला। पाकिस्तान की बात करें तो प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं हुआ। नसीम शाह को क्रैम्प के कारण पहले वनडे में मैदान छोड़ना पड़ा था, लेकिन वह दूसरा मैच खेले। मेलबर्न में खेला गया पहला मैच काफी रोमांचक हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान की टीम दूसरा मैच जीतकर सीरीज बचाना चाहेगी।

## हारिस रऊफ ने रचा इतिहास



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एक-एक रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। किसी भी बल्लेबाज ने क्रीज पर जमने की जेहमत नहीं उठाई, जिसका नतीजा ये हुआ कि पूरी टीम महज 35 ओवरों में ढेर हो गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा रन स्टीव स्मिथ ने बनाए। स्मिथ ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 35 रनों की पारी खेली। उनके अलावा अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इस तरह ऑस्ट्रेलिया 163 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया को इतने कम स्कोर पर आउट करने का श्रेय पाकिस्तान की शानदार गेंदबाजी को जाता है जिन्होंने पहले ही ओवर से कसी हुई गेंदबाजी कि और मेजबान टीम के किसी भी बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया। पाकिस्तान के लिए वैसे तो सभी गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन हारिस रऊफ ने 5 विकेट लेकर कमाल ही कर दिया।

# रोहित शर्मा को क्यों ले लेना चाहिए इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के धाकड़ बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर चल रहे हैं. रोहित शर्मा अब 37 साल के हो चुके हैं. रोहित शर्मा के लिए अब कप्तान तो क्या बतौर बल्लेबाज भी ज्यादा समय तक वनडे और टेस्ट टीम में बने रहना बहुत मुश्किल होगा. रोहित शर्मा के लिए इस साल का सबसे बड़ा टारगेट भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचाना है, लेकिन ये सपना अब पूरा होता नजर नहीं आ रहा है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में एंट्री के लिए भारत को 22 नवंबर से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कंगारू टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-0 से जीतनी होगी. ये काम शेर के मुंह से शिकार छीनने जितना ही मुश्किल है.

**रोहित शर्मा को लेना पड़ेगा संन्यास:** रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया को हाल ही में अपनी ही सरजमीं पर न्यूजीलैंड ने टेस्ट सीरीज में 3-0 से हराते हुए सूपड़ा साफ कर दिया. रोहित शर्मा की कप्तानी में अब पहले जैसी धार देखने को नहीं मिल रही. बतौर बल्लेबाज भी रोहित शर्मा बेहद खराब प्रदर्शन कर रहे हैं. भारत के लिए अब अगले साल होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाना बेहद मुश्किल है. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कंगारू टीम के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4-0 से जीतना बहुत मुश्किल है. भारत अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह बनाने से चूक गया तो रोहित शर्मा के भविष्य पर भी फैसला हो जाएगा. ऐसी सूरत में 37 साल के रोहित शर्मा संन्यास लेने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं.

**टीम इंडिया में शुरू हो जाएगा नया युग:** भारत अगर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में जगह नहीं बना पाया तो टेस्ट के साथ-साथ रोहित शर्मा की वनडे कप्तानी भी जा सकती है. टेस्ट की नाकामी का असर वनडे में देखने को नहीं मिले उसे देखते हुए रोहित शर्मा के हाथ से चैंपियनशिप ट्रॉफी खेलने का मौका भी छिन सकता है. फरवरी और मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियनशिप ट्रॉफी खेली जाएगी. पिछले लंबे समय से रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में बुरा हाल है. न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज की 6 पारियों में कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से 2, 52, 0, 8, 18 और 11 रन के स्कोर निकले हैं. इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भी हिटमैन का बुरा हाल था. बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज की 4 पारियों में रोहित शर्मा ने 6, 5, 23 और 8 रन के स्कोर बनाए थे.

**शतक और रनों का सूखा:** रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. अब वह केवल टेस्ट और वनडे फॉर्मेट में ही खेलते हैं. रोहित शर्मा ने पिछले 8 महीनों में सिर्फ 1 टेस्ट शतक ही लगाया है. 7 मार्च 2024 को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में रोहित शर्मा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जमाया था. रोहित शर्मा ने तब 103 रनों की पारी खेली थी. रोहित शर्मा ने इसके बाद 10 टेस्ट पारियों में 6, 5, 23, 8, 2, 52, 0, 8, 18 और 11 रन के स्कोर बनाए हैं. वहीं, वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भी रोहित शर्मा का एक साल से शतक नहीं आया है. रोहित शर्मा ने अपने आखिरी 5 वनडे मैचों में 47, 47, 58, 64 और 35 रन के स्कोर बनाए हैं.

**बॉडी लैंग्वेज पर सवाल:** श्रीलंका के खिलाफ इसी साल अगस्त में खेली गई तीन वनडे मैचों की सीरीज में रोहित शर्मा कुल मिलाकर 157 रन ही बना पाए. रोहित शर्मा ने अपना आखिरी वनडे शतक 11 अक्टूबर 2023 को अफगानिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 में ठोका था. रोहित शर्मा ने तब 131 रनों की पारी खेली थी. रोहित शर्मा 37 साल के हो चुके हैं. रोहित शर्मा के रन बनाने की रफ्तार मानों थम सी गई है. रोहित शर्मा में अब रन बनाने की भूख भी खत्म नजर आती है.

**चेस:**

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में तीसरे दौर में जीते एरिगेसी

## • विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे



**चेन्नई, एजेंसी।** काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। भारत के अर्जुन एरिगेसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 में एलेक्से सरना पर जीत की बदौलत विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। वह तीन दौर के बाद अमीन तबाताबेई के साथ मास्टर्स वर्ग में संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। काले मोहरों से खेलते हुए 21 वर्षीय अर्जुन ने सरना पर जीत की बदौलत फिर से अपनी 2,800 ईएलओ रेटिंग हासिल कर ली और फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में अमीन तबाताबेई ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस बीच लेवोन अरोनियन ने ईरान के परम मघसूदलू पर शानदार जीत हासिल की।

भारत के विदित गुजराती ने स्थानीय दावेदार अरविंद चिदंबरम से अंक बांटे। इसके अलावा प्रणव वी ने चैलेंजर्स वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और कार्तिकेयन मुरली को हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। प्रणेश एम ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर अपनी स्थिति मजबूत की। हालांकि रौनक साधवानी और लियोन मेंडोंका के बीच कड़ी टक्कर वाला मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। हरिका द्रोणावल्ली और अभिमन्यु पुराणिक के बीच बाजी ड्रॉ रही।

तीसरे दौर के बाद अर्जुन और तबाताबाई 2.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से मास्टर्स वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि अरोनियन 0.5 अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं। प्रणव चैलेंजर्स वर्ग में 3.0 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने अब तक अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है।

## टीम इंडिया में यशस्वी जायसवाल के बड़े भाई की होगी एंट्री !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या आप भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे यशस्वी जायसवाल के भाई तेजस्वी जायसवाल के बारे में जानते हैं? तेजस्वी जायसवाल उम्र में यशस्वी जायसवाल से तकरीबन 4 साल बड़े हैं. यशस्वी जायसवाल घेरलू क्रिकेट में मुंबई का प्रतिनिधित्व करते हैं. वहीं, तेजस्वी जायसवाल घरेलू क्रिकेट में त्रिपुरा के लिए खेलते हैं.



पिछले महीने तेजस्वी जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी डेब्यू किया. मेघालय के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में तेजस्वी जायसवाल महज 13 रन बना सके. इसके बाद मुंबई के खिलाफ सस्ते में पवैलियन लौट गए, लेकिन अब उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ शानदार पारी खेल फैंस का ध्यान खींचा है.

बड़ौदा के खिलाफ तेजस्वी जायसवाल ने 60 गेंदों पर पचास रनों का आंकड़ा पार किया. हालांकि, वह अपने पहले शतक से चूक गए.

तेजस्वी जायसवाल 82 रन बनाकर लेग स्पिनर शिवालिक शर्मा की गेंद पर पवैलियन लौटे. इस शानदार पारी के बाद तेजस्वी जायसवाल लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं. सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि तेजस्वी जायसवाल अपने छोटे भाई यशस्वी जायसवाल की तरह भारतीय टीम के लिए जरूर खेलेंगे. हालांकि, यह देखना मजेदार होगा कि तेजस्वी जायसवाल का करियर कैसा रहता है?

## कप्तान शाई होप के साथ विवाद के बाद अल्जारी जोसेफ पर लगा दो मैचों का निलंबन

**बारबाडोस, एजेंसी।** वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज में 2-1 की जीत के बाद, तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को टीम के कप्तान शाई होप के साथ मैदान पर हुए गरमा गरम विवाद के कारण दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है।



यह घटना बारबाडोस में तीसरे एक दिवसीय (वनडे) मैच के दौरान हुई, जिसमें जोसेफ ने मैदान छोड़ते समय काफी गुस्सा जाहिर किया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार को निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि जोसेफ का यह व्यवहार टीम की उम्मीदों के स्तर से कम था।

मैच के बाद जोसेफ ने क्रिकेट वेस्टइंडीज के माध्यम से बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने अपनी गलती मानी और कप्तान, साथी खिलाड़ियों, प्रबंधन और प्रशंसकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैंने व्यक्तिगत रूप से कप्तान शाई होप और अपने साथी खिलाड़ियों से माफी मांगी है। मैं वेस्टइंडीज के प्रशंसकों से भी खेद व्यक्त करता हूं। मुझे समझ है कि थोड़ी-सी गलती का बड़ा असर हो सकता है और मुझे इस बात का गहरा अफसोस है कि मैंने किसी को निराश किया। यह स्थिति मैच के चौथे ओवर में केनसिंगटन ओवल में हुई, जब जोसेफ फील्डिंग पोजीशन को लेकर पहले से ही परेशान नजर आ रहे थे। उन्होंने एक शानदार ओवर में विकेट लिया, लेकिन इसके बाद कप्तान होप के साथ हुए एक संवाद के बाद वह गुस्से में बिना किसी को बताए मैदान छोड़कर ड्रेसिंग रूम चले गए, जिससे टीम कुछ देर के लिए दस खिलाड़ियों के साथ ही खेल रही थी। हालांकि, जोसेफ थोड़ी देर बाद लौटे और बाद में गेंदबाजी भी की। वेस्टइंडीज़ ने इस मैच को आठ विकेट से जीत लिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज 2-1 से अपने नाम की। वेस्टइंडीज़ के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने मैच के बाद जोसेफ की इस हरकत को अस्वीकार्य बताया और अपनी निराशा व्यक्त की।

## वनडे के नंबर 1 ऑलरांउडर इस टूर्नामेंट के बाद संन्यास लेगा 39 साल का ये दिग्गज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर मोहम्मद नबी अगले साल पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे. नबी फिलहाल आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर 1 ऑलराउंडर हैं. उन्होंने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था और पिछले पिछले 15 सालों से 50 ओवर के इस फॉर्मेट में अफगानिस्तान के लिए खेल रहे हैं. 39 साल के नबी ने 5 साल पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था. हालांकि, मोहम्मद नबी अफगानिस्तान के लिए टी20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी नसीब खान ने मोहम्मद नबी के संन्यास का खुलासा किया है.



क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक नबी ने एसीबी को अपने रिटायर होने के फैसले के बारे बता दिया है, जिसे बोर्ड ने स्वीकार भी कर लिया है. टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह 2026 टी20 वर्ल्ड कप तक खेल सकते हैं. नसीब खान ने कहा कि 'नबी ने मुझे कुछ महीने पहले बताया था कि वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपने वनडे करियर का अंत करना चाहते हैं और हम उनके फैसले का स्वागत करते हैं.'

मोहम्मद नबी अफगानिस्तान के सबसे अहम खिलाड़ियो में से एक हैं. वह दाएं हाथ बल्लेबाजी करने के अलावा का ऑफ स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं और कई जीत में अहम रोल निभाया. है. नबी फिलहाल आईसीसी की वनडे रैंकिंग में नंबर 1 ऑल राउंडर हैं. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पिछले वनडे मुकाबले में 71 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवाने के बाद 79 गेंद में 84 रन की शानदारी पारी खेली थी और टीम की जीत के हीरो रहे थे.

**कैसा रहा नबी का वनडे करियर?**

मोहम्मद नबी ने 2009 में स्कॉटलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और पहले ही मैच में अर्धशतक जड़कर अपने टैलेंट का परिचय दिया था. इस मैच में उन्होंने 8 ओवर गेंदबाजी भी की थी. हालांकि, वह कोई विकेट नहीं चटका सके थे. बता दें इसके बाद से नबी ने अपने 15 साल के करियर में अभी तक अफगानिस्तान के लिए कुल 165 वनडे मुकाबले खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 27.30 की औसत से 3549 रन बनाने के साथ 171 विकेट भी चटकाए हैं.

## न्यूज बाइट्स

### रफीगंज में छठ पूजा मेला का आरंभ

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के डाकबंगला मैदान में हर वर्ष की तरह इस बार भी छठ पूजा के उपलक्ष्य में चार दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। यह मेला 7 नवंबर से शुरू होकर 10 नवंबर तक चलेगा और 11 नवंबर को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ इसका समापन होगा। छठ पूजा, जो सूर्य उपासना का पर्व है, को लेकर इस मेले में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। मेले का उद्घाटन समारोह बड़े ही भव्य तरीके से संपन्न हुआ। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुबोध सिंह, पंचायत समिति सदस्य मंटू शर्मा, लोजपा नेता राजेश पासवान, डॉ. तुलसी यादव, लड्डू खां और समाजसेवी शंकर शौंडिक जैसे विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों ने संयुक्त रूप से फीता काटा और दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक प्रसाद ने किया और इसकी अध्यक्षता सचिव सुनील मिश्र ने की। आयोजन के मुख्य आयोजक सुरेश प्रजापति और मंटू कुमार ने बताया कि इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में एक पहाड़ीनुमा पंडाल तैयार किया गया है, जिसमें वैष्णो देवी, अमरनाथ गुफा और सूर्य देव की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन आकर्षक सजावटों ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया है, और लोग इन धार्मिक स्थलों की भव्यता और सजीवता का आनंद ले रहे हैं। इस अद्वितीय पंडाल को देख कर लोग उसमें विराजमान देव प्रतिमाओं की भव्यता और पवित्रता का अनुभव कर रहे हैं। उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों का माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया।

### एक ही रात चोरों नें दो घरों से की लाखों की संपत्ति की चोरी

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर(औरंगाबाद)(नि.सं.)। मदनपुर थाना क्षेत्र में पिछले एक माह से चोरों नें आतंक मचा रखा है। चोर रोज किसी न किसी घर में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। बीती रात दशवत खाप में चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। पहली घटना जयपाल मिस्त्री उर्फ जपला मिस्त्री के घर में घटी। बताया जाता है कि जयपाल मिस्त्री का पूरा परिवार घर में ताला बंद कर छ्ठ व्रत करने देव गया हुआ था। शुक्रवार की सुबह जब परिवार घर लौटा तो देखा कि घर के सारे ताले टूटे हुए हैं एवं सारा सामान बिखरा पड़ा है।

# अनियंत्रत होकर ई-रिक्शा कुएं में गिरा, दो की मौत, 9 घायल

**निज संवाददाता | (देव) औरंगाबाद**

जिले के देव थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक बहुत ही दुखद और भयावह हादसा हुआ। बालूगंज पथ पर स्थित केसौर मोड़ के पास एक ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित हो गया और पास स्थित एक पानी से भरे कुएं में गिर गया। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल व्यक्तियों में 8 बच्चे और एक बाइक सवार शामिल हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा उस समय हुआ जब देव थाना क्षेत्र के बरहेता गांव से एक ई-रिक्शा जिसमें 8 लोग सवार थे, सूर्य मंदिर की ओर जा रहा था। ई-रिक्शा में सवार सभी लोग मुंडन संस्कार में भाग लेने जा रहे थे। दूसरी ओर, देव से एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर बालूगंज की ओर जा रहे थे। बाइक सवार ने अचानक ई-रिक्शा को चकमा देने की कोशिश की, जिससे ई-रिक्शा का चालक असंतुलित हो गया। इसी असंतुलन के कारण ई-रिक्शा सड़क से बाहर हो गया और सीधे पास में स्थित कुएं में गिर पड़ा। कुएं की गहराई करीब 15 फीट थी, जिससे इसमें सवार लोग पूरी तरह से फंस गए। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिया और प्रशासन से वरीय अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की। सड़क जाम करने के दौरान लोग काफी उत्तेजित दिखे और उन्होंने प्रशासन पर उचित सुरक्षा इंतजामों की कमी का आरोप लगाया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर डीएसपी-2 अमित कुमार और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। डीएसपी अमित कुमार ने ग्रामीणों को समझाया और उन्हें आश्वासन दिया कि हादसे की पूरी जांच की जाएगी। इसके बाद ही ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। पुलिस और प्रशासन ने इस हादसे की जांच शुरू कर दी है।



### स्थानीय लोगों की तत्परता से बचाव कार्य

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। हालांकि, कुएं की गहराई और पानी में फंसे होने के कारण बचाव कार्य काफी चुनौतीपूर्ण था। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। एनडीआरएफ की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद सभी घायलों और मृतकों को कुएं से बाहर निकाला। बचाव कार्य में कुल 9 लोग निकाले गए, जिनमें 8 बच्चे और एक बाइक सवार शामिल थे। सभी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव में भर्ती कराया गया। हालांकि, इस हादसे में एक किशोर और एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई, जो ई-रिक्शा में सवार थे। मृतकों के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सूर्य मंदिर के तालब में डुबने से किशोरी की मौत

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

एक परिवार को गहरे शोक में डाल दिया है। छठ पर्व के दौरान स्नान करने सूर्य मंदिर के घाट पर गई एक 12 वर्षीय किशोरी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह दुखद हादसा औरंगाबाद जिले के सूर्य मंदिर के तालाब में हुआ, जहां रामडीहा निवासी प्रदीप चौधरी अपनी पुत्री और पत्नी के साथ सूर्य उपासना के लिए पहुंचे थे। पूजा के पहले परंपरागत रूप से तालाब में स्नान के दौरान किशोरी का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे बचाने का प्रयास किया और गंभीर अवस्था में उसे तालाब से बाहर निकालकर सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# सड़क हादसे एक की मौत

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शुक्रवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साला को रौंद दिया। इस हादसे में 40 वर्षीय जीजा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना शहर के जसोईया मोड़ के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि मृतक का शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि साले को गंभीर चोटें आईं। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खडीहा गांव निवासी तुलसी चौधरी के पुत्र सुजय चौधरी (40) के रूप में हुई है। वहीं, घायल शिवपूजन चौधरी शहर के धर्मशाला रोड के निवासी हैं। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक सुजय चौधरी अपने साले शिवपूजन चौधरी के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से रोहतास जिले गए थे। वे लौटते वक्त जसोईया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक ने इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों बाइक सवार गिर पड़े और सुजय चौधरी का शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

# एनटीपीसी का मना 50वां स्थापना दिवस





**निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)**

एनटीपीसी नबीनगर में मंगलवार को एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस खास अवसर पर परियोजना प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक चन्दन कुमार सामंता ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने परियोजना प्रमुख और एनटीपीसी ध्वज को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया, जिससे कार्यक्रम में एक गौरवपूर्ण माहौल का निर्माण हुआ।

इस अवसर पर अपने संबोधन में चन्दन कुमार सामंता ने एनटीपीसी की 50 साल की यात्रा को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, "आज का दिन हमारे लिए सिर्फ एक उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा दिन है जब हमें अपनी सफलता की यात्रा पर गर्व महसूस होता है। 1975 में स्थापित होने के बाद से एनटीपीसी ने भारत में ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है। यह स्वदेशी उद्यमिता की एक सफल मिसाल है और देश की ऊर्जा क्रांति का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

उन्होंने एनटीपीसी नबीनगर के परिचालन प्रदर्शन की भी सराहना की और सभी कर्मचारियों के समर्पण एवं कड़ी मेहनत के लिए उन्हें बधाई दी। चन्दन कुमार सामंता ने कहा कि एनटीपीसी के कार्यकर्ता न केवल अपने संगठन बल्कि पूरे देश को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त बना रहे हैं। उनके अथक प्रयासों के कारण ही एनटीपीसी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कार्यक्रम के समापन पर चन्दन कुमार सामंता ने स्थापना दिवस का केक काटा और सभी कर्मचारियों को इस ऐतिहासिक दिन की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक के डी यादव, महाप्रबंधक (ओएंडएम) ऐ के त्रिपाठी, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। साथ ही, इस अवसर पर एनटीपीसी नबीनगर के कर्मचारियों ने एकजुट होकर संगठन की सफलता की दिशा में अपना योगदान जारी रखने का संकल्प लिया। एनटीपीसी नबीनगर का स्थापना दिवस न केवल संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि यह ऊर्जा क्षेत्र में भारतीय क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

### देव में 15 लाख छठव्रतियों ने दिया सूर्य को अर्घ्य

**देव (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** छठ पूजा के चौथे एवं अंतिम दिन 'प्रातःकालीन अर्घ्य' के अवसर पर औरंगाबाद जिले के सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया है। जिले के प्रत्येक घाट पर पुलिस का बल पूरी तत्परता और सजगता से तैनात है, ताकि श्रद्धालुजन इस महापर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक तरीके से मना सकें। पुलिस विभाग ने इस अवसर पर सुरक्षा के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया है, और घाटों के आसपास चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने के लिए समुचित व्यवस्था की है। छठ पूजा के इस पवित्र दिन श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुलिस ने नदी घाटों और प्रमुख स्थानों पर तैनात कर्मियों की संख्या में वृद्धि की है। साथ ही, घाटों के आस-पास के क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण, पैदल मार्गों की सुरक्षा और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घाटों पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे और श्रद्धालु इस पवित्र अवसर का समापन पूरी श्रद्धा और सुरक्षा के साथ कर सकें। शहरवासियों को आमंत्रण देते हुए पुलिस ने विश्वास जताया है कि इस महापर्व के दौरान, सभी लोग एकजुट होकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करेंगे।

# छठ पूजा में पुलिस की तरफ से व्यापक सुरक्षा इंतजाम



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

छठ पूजा के चौथे एवं अंतिम दिन 'प्रातःकालीन अर्घ्य' के अवसर पर औरंगाबाद जिले के सभी घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया है। जिले के प्रत्येक घाट पर औरंगाबाद पुलिस का बल पूरी तत्परता और सजगता से तैनात है, ताकि श्रद्धालुजन इस महापर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक तरीके से मना सकें। पुलिस विभाग ने इस अवसर पर सुरक्षा के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया है, और घाटों के आसपास चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने के लिए समुचित व्यवस्था की है। छठ पूजा के इस पवित्र दिन श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुलिस ने नदी घाटों और प्रमुख स्थानों पर तैनात कर्मियों की संख्या में वृद्धि की है। साथ ही, घाटों के आस-पास के क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण, पैदल मार्गों की सुरक्षा और चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस दौरान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घाटों पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे और श्रद्धालु इस पवित्र अवसर का समापन पूरी श्रद्धा और सुरक्षा के साथ कर सकें। शहरवासियों को आमंत्रण देते हुए औरंगाबाद पुलिस ने विश्वास जताया है कि इस महापर्व के दौरान, सभी लोग एकजुट होकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करेंगे, और पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हुए एक सुरक्षित और समृद्ध वातावरण का निर्माण करेंगे।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
डा. निर्मल कुमार सिंह

वरीय जदयू नेता
माता देवरानी चिकित्सालय
डेहरी ऑन सोन (रोहतास)
गरीब मरीजों का ईलाज बहुत ही कम खर्च में किया जाता है।

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
Sudha

रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट
डिहरी ऑन सोन (रोहतास)
अमित आनंद
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
के.वी.एम. क्लासेज
गया रोड, गोह (औरंगाबाद)
प्रत्येक वर्ष टॉपर्स देने वाले जिले का एकमात्र शिक्षण संस्थान केवीएम क्लासेस : हमारे यहां सैनिक नवोदय सिमुलतला की तैयारी करवाई जाती है।

कुंदन कुमार
संस्थापक
राहुल सिंह
निदेशक


लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
DR. FIXIT WATERPROOFING CENTRE
WATERPROOFING EXPERT
DEO ENTERPRISES
OLD G.T. ROAD, NEAR ANUGRAH MIDDIL SCHOOL
AURANGABAD (BIHAR)
Pro. PINTU SINGH
MOB: 930807708
7301270072




दिनांक 09.11.2024 को चलाई जा रही विशेष रेलगाड़ियाँ

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **दिल्ली से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 23:35 | पुरी |
| 02398 | आनन्द विहार ट. | 08:20 | गया |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं. |
| 05220 | आनन्द विहार ट. | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 05284 | आनन्द विहार ट. | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. |
| 03576 | आनन्द विहार ट. | 11:55 | आसनसोल |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. |
| 04032 | आनन्द विहार ट. | 05:15 | सहरसा जं. |
| 04044 | आनन्द विहार ट. | 23:15 | गोरखपुर जं. |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर जं. |
| 02878 | आनन्द विहार ट. | 04:00 | रांची जं. |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर ट. |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 07:30 | इंदौर जं. |
| 09004 | दिल्ली जं. | 11:45 | मुम्बई सेंट्रल |
| **उत्तर प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. |
| 01028 | गोरखपुर जं. | 14:45 | दादर |
| 02421 | सूबेदारगंज जं. | 21:35 | दिल्ली जं. |
| 01924 | वीरांगाना लक्ष्मीबाई झांसी | 19:40 | हडपसर |
| 05303 | गोरखपुर जं. | 08:30 | महबूबनगर |
| 05017 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05026 | मऊ | 05:30 | उधना जं. |
| 05052 | गोरखपुर जं. | 12:05 | कोलकाता |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04211 | वाराणसी जं. | 14:40 | चण्डीगढ़ जं. |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अंबाला |
| 04217 | वाराणसी जं. | 6:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 04371 | लखनऊ जं. | 13:10 | देहरादून जं. |
| 09118 | सूबेदारगंज जं. | 19:25 | सूरत जं. |
| 09032 | गोरखपुर जं. | 04:00 | उधना जं. |
| **उत्तराखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:45 | साबरमती बीजी जं. |
| **राजस्थान से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05098 | दौराई जं. | 16:05 | टपरी जं. |
| 09653 | अजमेर | 17:50 | बांद्रा टर्मिनस |
| 04715 | बीकानेर | 12:10 | साईनगर शिर्डी |
| 04717 | हिसार | 14:10 | तिरूपति |
| 04823 | जोधपुर | 17:30 | मऊ |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्री गंगानगर |
| 04705 | श्री गंगानगर | 23:45 | जयपुर जं. |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जं. |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | रोहतक जं. | 16:05 | जयपुर जं. |
| 09657 | दौराई जं. | 15:00 | बदनी |
| 04721 | बीकानेर | 08:55 | हडपसर |
| **हरियाणा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09640 | रोहतक जं. | 13.20 | मदार जं. |
| **बिहार से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01482 | दानापुर जं. | 10:45 | पुणे |
| 01144 | दानापुर जं. | 21.30 | लोकमान्य तिलक |
| 01206 | दानापुर जं. | 05:30 | पुणे |
| 08519 | दानापुर जं. | 12:30 | विशाखापट्नम |
| 08420 | जयनगर जं. | 15:00 | पुरी |
| 02393 | पटना जं. | 20:10 | नई दिल्ली |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनन्द विहार ट. |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई |
| 05289 | मुजफ्फरपुर जं. | 21:15 | पुणे |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनन्द विहार ट. |
| 03219 | पटना जं. | 22:10 | कोटा |
| 03329 | पटना जं. | 14:05 | नई दिल्ली |
| 03639 | गया | 18:50 | आनन्द विहार ट. |
| 03278 | आरा | 15:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05577 | सहरसा जं. | 13:10 | आनन्द विहार ट. |
| 05581 | दरभंगा जं. | 18:30 | आनन्द विहार ट. |
| 05583 | रक्सौल जं. | 22:00 | अमृतसर जं. |
| 03317 | दानापुर जं. | 08:15 | आनन्द विहार ट. |
| 03483 | भागलपुर जं. | 11:00 | नई दिल्ली |
| 04196 | फारबिसगंज जं. | 15:00 | आगरा कैंट. |
| 05069 | छपरा जं. | 13:15 | पनवेल |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर |
| 05193 | छपरा जं. | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन |
| 05739 | पटना जं. | 17:40 | न्यू जलपाई गुडी |
| 04059 | जयनगर जं. | 17:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04067 | दरभंगा जं. | 18:00 | दिल्ली जं. |
| 04021 | सीतामढ़ी जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:00 | हरिद्वार जं. |
| 04047 | कटिहार जं. | 18:00 | आनन्द विहार ट. |
| 04069 | राजगीर जं. | 22:50 | नई दिल्ली |
| 02251 | पटना जं. | 07:30 | नई दिल्ली |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ जं. |
| 08184 | बक्सर जं. | 15:45 | टाटानगर |
| 06236 | दानापुर जं. | 08:05 | सर एम. विश्वेश्वैरय्या ट. |
| 07316 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:15 | हूब्बली |
| 06238 | बरौनी जं. | 10:00 | सर एम. विश्वेश्वैरय्या ट. |
| 06262 | दानापुर जं. | 18:30 | सर एम. विश्वेश्वैरय्या ट. |
| 01706 | दानापुर जं. | 11:45 | जबलपुर |
| 09046 | पटना जं. | 13:05 | उधना जं. |
| 09068 | बरौनी जं. | 21:30 | उधना जं. |
| 03401 | भागलपुर | 06:45 | आनन्द विहार ट. |
| 05185 | छपरा जं. | 05:30 | यशवंतपुर जं. |

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 08557 | विशाखापत्तनम | 19:00 | चेन्नै एगुंबूर |
| 08536 | विशाखापत्तनम | 12:00 | भुवनेश्वर जं. |
| **अरूणाचल प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | हापा |
| **असम से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05932 | डिब्रुगढ़ जं. | 17:20 | कोलकाता |
| **गुजरात से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 09063 | वापी जं. | 22:00 | दानापुर जं. |
| 09056 | उधना जं. | 16:15 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09195 | वड़ोदरा जं. | 19:00 | मऊ |
| 09435 | गांधीग्राम जं. | 20:20 | ओखा |
| 09421 | साबरमती जं. | 19:45 | सीमामढ़ी जं. |
| 09013 | उधना जं. | 07:00 | छपरा जं. |
| 09461 | अहमदाबाद जं. | 08:25 | दानापुर जं. |
| **झारखण्ड से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02831 | धनबाद जं. | 16:00 | भुवनेश्वर जं. |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | जम्मू तवी |
| 03302 | धनबाद जं. | 18:40 | जयनगर जं. |
| 08105 | रांची जं. | 21:50 | जयनगर जं. |
| **केरल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01464 | कोच्चुवेली | 16:20 | लोकमान्य तिलक ट. |
| **कर्नाटक से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03248 | सर एम. विश्वेश्वैरय्या ट. | 23:50 | दानापुर जं. |
| 07154 | सर एम. विश्वेश्वैरय्या ट. | 10:50 | नरसापुर जं. |
| 07335 | वेलगावि | 12:30 | मणुगुरू जं. |
| **मध्य प्रदेश से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02190 | रीवा | 12.30 | रानी कमलापति जं. |
| 02189 | रानी कमलापति जं. | 22:15 | रीवा |
| 01661 | रानी कमलापति जं. | 14:25 | दानापुर जं. |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| **महाराष्ट्र से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 01481 | पुणे जं. | 19:55 | दानापुर जं. |
| 01143 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:30 | दानापुर जं. |
| 01415 | पुणे जं. | 06.50 | गोरखपुर जं. |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01205 | पुणे जं. | 15:50 | दानापुर जं. |
| 01209 | नागपुर जं. | 19:40 | पुणे जं. |
| 01027 | दादर | 14:05 | गोरखपुर जं. |
| 01139 | नागपुर जं. | 15:05 | मडगॉव जं. |
| 05054 | बांद्रा टर्मिनस | 21:15 | गोरखपुर जं. |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 10:25 | गोरखपुर जं. |
| 07431 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 15.25 | ब्रह्मपुर जं. |
| 08296 | हदसपुर | 15:00 | बिलासपुर जं. |
| 09055 | बांद्रा टर्मिनस | 09:50 | उधना जं. |
| 09051 | दादर | 00:05 | भुसावल जं. |
| 09052 | भुसावल जं. | 17:40 | दादर |
| 09189 | मुम्बई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार जं. |
| **ओड़िसा से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 02813 | भुवनेश्वर | 19:15 | बेलागवि |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 08439 | पुरी | 14:55 | पटना जं. |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखापट्नम |
| 02811 | भुवनेश्वर | 19:15 | यशवंतपुर जं. |
| 01930 | पुरी | 23:45 | ग्वालियर जं. |
| 07028 | ब्रह्मपुर जं. | 16:45 | सिकंदराबाद जं. |
| **पंजाब से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 05050 | अमृतसर जं. | 12:45 | छपरा जं. |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | कटिहार जं. |
| 04554 | अम्बाला जं. | 20:20 | सहारनपुर जं. |
| 08796 | अमृतसर जं. | 01:50 | दुर्ग जं. |
| **तमिलनाडु से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03326 | कोयम्बत्तूर जं. | 12:55 | धनबाद जं. |
| 06077 | चेन्नै एगुंबूर | 23:45 | संतरागाछी जं. |
| 06055 | कोयम्बत्तूर जं. | 11:50 | बरौनी जं. |
| **तेलगांना से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 07489 | सिकंदराबाद जं. | 22:15 | तिरूपति |
| 07053 | काचीगुडा | 21:30 | लालगढ़ जं. |
| 07051 | हैदराबाद डेक्कन | 20:35 | रक्सौल जं. |
| 07647 | सिकंदराबाद जं. | 21:00 | दानापुर जं. |
| 07419 | सिकंदराबाद जं. | 15:15 | दानापुर जं. |
| 07221 | सिकंदराबाद जं. | 06:45 | संतरागाछी जं. |
| 07446 | लिंगापल्ली | 19:00 | काकिनाडा टाउन |
| 07197 | कजीपट् जं. | 11:30 | दादर |
| 07003 | सिकंदराबाद जं. | 10:00 | पटना जं. |
| 08846 | सिकंदराबाद जं. | 19:50 | संतरागाछी जं. |
| **पश्चिम बंगाल से विशेष रेलगाड़ियाँ** | | | |
| 03043 | हावड़ा जं. | 23:00 | रक्सौल जं. |
| 03131 | सियालदह | 18.15 | गोरखपुर जं. |
| 03187 | सियालदह | 23:55 | जयनगर जं. |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं. |
| 03465 | मालदा टाऊन | 13.25 | दीघा |
| 05740 | न्यू जलपाईगुडी | 05:00 | पटना जं. |
| 04073 | हावड़ा जं. | 04:20 | दिल्ली जं. |
| 04073 | कोलकाता | 07:40 | दिल्ली जं. |
| 07224 | संतरागाछी जं. | 12:20 | सिकंदराबाद |
| 06088 | शालिमार | 17:10 | तिरूनेलवेलि जं. |
| 09028 | मालदा टाउन | 17:30 | बाद्रा टर्मिनस |

भारतीय रेल
WWW.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinindia